जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

आईपीएल में स्पेशल दोहरा शतक पूरा कर लेंगे अश्विनी, अब सिर्फ तीन मैचों की जरूरत

अरविंद केजरीवाल के लिए सिर्फ सीटों की लड़ाई नहीं, चेहरा बचाने की भी मांग

शुक्ल पक्ष आर्द्रा विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • सोमवार • 18 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 98 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹66, 100	₹77,300



आज का इतिहास

- 1997 : भारत की पहली इलेक्ट्रिक कार 'रेवा' बेंगलुरु में लॉन्च की गई।
- 1999: नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन को भारत रत्न के लिए नामित किया गया।

न्यूज बाइट्स

झारखंड में निर्वाचन आयुक्त 65 वर्ष तक रहेंगे

रांची (झारखंड)। झारखंड सरकार के मंत्रिपरिषद ने राज्य निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा बढ़ाने की स्वीकृति दी है। अब राज्य निर्वाचन आयुक्त 65 वर्ष के आयु तक रह सकेंगे। पहले यह 64 वर्ष था। निर्वाचन को लेकर नीति निर्माण और उसके कार्यान्वयन में सहूलियत को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा में बढ़ोतरी की गयी है। पूर्व में राज्य निर्वाचन आयुक्त की पद अवधि पांच वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो पहले हो, वह निर्धारित था। बाद में इसमें संशोधन करके पद अवधि को तीन वर्ष या 64 वर्ष की आयु जो पहले हो, वह निर्धारित किया गया था। इसमें भी संशोधन करके तीन वर्ष को चार वर्ष कर दिया गया था।

बिहार बोर्ड जेईई, एनईईटी की फ्री कोचिंग

पटना (नि.सं.)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की देखरेख में संचालित होने वाले मेडिकल और इंजीनियरिंग निःशुल्क कोचिंग में पढ़ने के लिए विद्यार्थी अब 28 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उनका चयन इंटरव्यू और लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। वही, तैयारी करने वाले निःशुल्क विद्यार्थियों को हर महीने 1000 रुपया की छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके अलावा 2 साल में प्रत्येक छात्रों को 24 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए तमाम विद्यार्थियों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट coaching.biharboardonline.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। अन्य बोर्ड के छात्रों को भी दिया गया मौका।

होली में पटना आने वाली फ्लाइटों का किराया बढ़ा

पटना (नि.सं.)। इस साल 25 मार्च को होली मनाई जाएगी। होली में बिहार से बाहर रहने वाले लोग वापस लौटते हैं। मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से आने वालों की संख्या ज्यादा होती है। ट्रेन में सीटों के लिए मारामारी के बीच अब फ्लाइट के रेट भी आसमान छू रहे हैं। ये किराया 25 मार्च से सामान्य हो जाएगा। एयरलाइंस कंपनियों कि माने तो होली के नजदीक आने के साथ ही किराए में इजाफा होता जाएगा।

बिहार में 3 महीने में 4 शिक्षा मंत्री बदले

पटना (नि.सं.)। बिहार में पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक उठा-पटक देखने को मिल रही है। महागठबंधन की सरकार गिरने और एनडीए की नई सरकार बनने के 46 दिन बाद शुक्रवार को मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। बिहार में मंत्रियों के शपथ ग्रहण के 24 घंटे के अंदर ही सरकार ने विभागों का बंटवारा कर दिया है। सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभागों की ज़िम्मेदारी दे दी गई है। बिहार सरकार के सभी विभागों में जो सबसे ज़्यादा चर्चाओं का केंद्र बना रहा है, वह शिक्षा विभाग है। बिहार में पिछले 3 महीने में 4 शिक्षा मंत्री बदले हैं। महागठबंधन की सरकार में दो बार शिक्षा मंत्री बदले गए। अब एनडीए की सरकार में विजय चौधरी की जगह पूर्व आईपीएस सुनील कुमार को शिक्षा विभाग का जिम्मा दिया गया है।

कैबिनेट की बैठक : लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैबिनेट को दिया खास संदेश

नई सरकार के पहले 100 दिन का रोडमैप रखें तैयार

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों को खास निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले 5 साल के लिए रोडमैप तैयार करने को कहा है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पीएम मोदी ने रविवार की सुबह नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करने को कहा। साथ ही इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले 5 साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है।

तेज गति से विकास करता रहेगा भारत : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि अनिश्चितता से जूझ रही दुनिया में जो बात तय मानी जा रही है, वह है कि भारत तेज गति से विकास करता रहेगा। मोदी ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए विपक्ष का नाम लिए बिना कहा कि राष्ट्र प्रथम से प्रेरित हैं जबकि विपक्ष परिवार प्रथम की सोच पर चलते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपनी सरकार के सत्ता में बरकरार रहने का भरोसा जताया। मोदी ने कहा कि लोग अगले पांच साल में निर्णायक नीतियां, फैसले देखेंगे और वह उनपर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल दुनिया के लिए एक स्थिर, सक्षम और मजबूत भारत की गारंटी होंगे। आने वाला साल विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा।

पीएम मोदी की यह बैठक निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर 7 चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। मालूम हो कि पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान होगा। इसके लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

लोकसभा चुनाव 2024 : अब वाहन मालिकों को भेजा जाएगा नोटिस

पटना(नि.सं.)। पटना जिला में लोकसभा चुनाव कराने के लिए चार हजार वाहनों की जरूरत पड़ेगी। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीप्रकाश ने वाहनों के आकलन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को सौंप दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोक सभा और मुंगेर लोकसभा के दो विधानसभा बाढ़ और मोकामा में चुनाव कराने में चार हजार वाहनों की जरूरत पड़ेगी। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीप्रकाश ने बताया कि चुनाव एक जून को है। वर्तमान में जरूरत के अनुसार वाहनों की धर-पकड़ की जाएगी। गांधी मैदान में जब्त वाहनों को रखा जाएगा। वाहन के रेट में 30 प्रतिशत वृद्धि कर दी गई है। चालकों को अग्रिम भुगतान की व्यवस्था की गई है। गांधी मैदान में ठहरने की उचित व्यवस्था रहेगी। ठहराव स्थल पर मनोरंजन के लिए टेलीविजन की व्यवस्था रहेगी। पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। चालकों को प्रतिदिन 300 रुपये भुगतान होगा। वाहन के साथ आने पर पहले दिन पांच दिन की खुराकी के तौर पर 1500 रुपये दिया जाएगा। वाहन कोषांग में 15 कर्मियों को रखा गया है। संख्या में और वृद्धि की मांग किया गया है। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव कार्य के लिए वाहन अधिग्रहण के लिए नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस जाने के बाद वाहन जमा करना पड़ेगा। प्रशासन सख्त कदम उठाएगा। वाहन नहीं जमा करने पर सख्त कार्रवाई होगी।

बीपीएससी शिक्षक भर्ती का पेपर लीक,10-15 लाख में डील

300 अभ्यर्थियों को कोर्ट ने भेजा जेल 400 कैंडिडेट्स सॉल्व कर रहे थे प्रश्न

निज संवाददाता | पटना

बिहार में पेपर सॉल्वर गैंग के अब तक के सबसे बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आर्थिक अपराध ईकाई (ईओयू), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में 24 घंटे के भीतर सॉल्वर गैंग नेटवर्क के लगभग 300 अभ्यर्थियों और संगठित गिरोह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद ईओयू ने देर रात पटना सिविल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेजा। ये सभी कैंडिडेट बीपीएससी की ओर से आयोजित बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा टीयर-3 के एग्जाम में शामिल होने वाले थे।

इन सभी को झारखंड के हजारीबाग के अलग अलग इलाकों से गिरफ्तार कर पटना लाया गया। इससे पहले लगभग 18 घंटे तक पूछताछ की गई। एसटीएफ के 50 जवान के एस्कॉर्ट में शुक्रवार की आधी रात के बाद इन्हें हजारीबाग से पटना लाया गया। पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता ऋषिकेस नारायण सिन्हा ने बताया कि पेपर लीक से जुड़े मामले में लगभग तीन सौ लोगों को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद जेल भेजा दिया गया है।

लैपटॉप और प्रोजेक्टर से सॉल्व करा रहे थे प्रश्न

ईओयू के सूत्रों की मानें तो लगभग 400 कैंडिडेट को 3-4 दिन पहले एंबुलेंस से बिहार के अलग-अलग जिलों से झारखंड के हजारीबाग के कोहीनूर बैंक्वेट हॉल लाया गया था। यहां इनसे टीयर-3 के क्वेश्चन पेपर सॉल्व कराए जा रहे थे। इसके लिए प्रति कैंडिडेट 10-15 लाख में डील हुई थी। सभी को क्वेश्चन पेपर देने के बजाय लैपटॉप, पेन ड्राइव और प्रोजेक्टर की मदद से सवालों के जवाब का रट्टा मरवाया जा रहा था। रेड के दौरान इनके पास पेन ड्राइव, लैपटॉप, प्रोजेक्टर बरामद किए गए हैं।

इस ऑपरेशन में शामिल डीएसपी रैंक के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि टीयर-3 के पहली पाली का पेपर लीक हो गया है। सॉल्वर गैंग के पास से बरामद क्वेश्चन पेपर और परीक्षा में बांटे गए प्रश्न पत्र हू-बू-हू मैच कर गए हैं। शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक माममें में ईओयू ने जांच रिपोर्ट शनिवार की शाम बिहार लोक सेवा आयोग को सौंप दिया है। संभावना है कि सोमवार को बीपीएससी इस पर कोई फैसला ले। आयोग के सूत्रों की मानें तो ईओयू ने स्पष्ट कर दिया है कि आयोग कार्यालय की ओर से पेपर लीक में कोई मिली भगत नहीं है। अगर सही में पेपर लीक हुआ है तो परीक्षा रद्द की जा सकती है। सॉल्वर गैंग के इस रैकेट में बड़े स्तर के अधिकारी की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है। बैंक्वेट हॉल से पुलिस एक स्कॉर्पियो जब्त की है जिसमें हेल्थ डिपार्टमेंट के डिप्टी सेक्रेटरी का बोर्ड लगा हुआ है। हजारीबाग के (कोहिनूर बैंक्वेट) में सॉल्वर गैंग इस तरह की घटना को अंजाम दे रहा है इसकी सूचना बिहार पुलिस को गुरुवार रात को मिली। सूचना मिलते ही बिहार पुलिस और ईओयू की टीम हरकत में आ गई। आईपीएस रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई। हजारीबाग पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस पूरी रात तक केएच को तलाशते रही। सुबह साढ़े 6 बजे पुलिस की टीम इसे डिकोड कर पाई और शहर के बैंक्वेट हॉल कोहिनूर में रेड की।

शाहाबाद दुध संघ की ओर से अभिनन्दन समारोह का आयोजन

निज संवाददाता | पटना

रविवार को शाहाबाद दुध संघ की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष एंव निदेशक मंडल सदस्यों को संघ की ओर से अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुछ संघ के करीब से जुड़े 250 समितियों के सम्मानित अध्यक्ष सचिव संघ के प्रबन्ध निदेशक धनजय कुमार संघ में फार्यरत एंव पदाधिकारी एवं कर्मचारी भाग लिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार को प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा पृष्ण युच्छ भेंट करते हुए अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया एवं एक खिलता हुआ पुष्प का पौधा सम्मान स्वरूप भेंट करते हुए इनके हरा-भरा परिवार के लिए शुभकामनाएं दी गई। बारी-बारी से पांच निदेशक मंडल नवनिर्वाचित निदेशक मंडल सदस्या एवं सदस्यों को पुष्प हार का गुलदस्ता भेंट करते हुए, शॉल देकर सम्मानित किया गया तथा इन सभी को पुष्प का पौधा सेकर देकर फूलों की तरह भविष्य में खिलते रहे। प्रबन्ध निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। द्वारा उपस्थित संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय सभी अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारी कर्मचारी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी गई उनके द्वारा अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित जनस सहकारी मित्रों को बिहार के लिए दुग्ध सहकारिता किसानों का एक जीता-जागता एक संस्था है जिसके माध्यम से ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को के अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का गौरव प्राप्त हुआ है। किसान सभी को मिलजुल कर ही संस्था हित में हमकर कार्य करना ही सह सहकारी संस्था का मूल उद्देश्य है। हम सबों को पूरी- निष्ठा एवं लगन के साथ के लिए कार्य करे, इसी से उत्पादाकों का विकास निहित है। आज हमारे सामने दुग्ध्य एवं दुग्ध जन पदार्थों के विपान एवं दुग्ध उत्पाद उत्पादकों के दूध का भुगतान, ससमय नहीं करने की चुनौती बनी हुई है, इसे इस इस चुनौती को हम सभी दुग्ध विद्यामान छेड़ा में लक्ष्य के अनुकूल कार्य करके स्थिति के सुधारेंगें। साथ ही किसान हित के लिए जो भी योजनाएं राज्य सरकार काम्फेड द्वारा चलाई जा रही है उन योजनाओं को हम शाहाबाद दुग्ध संघ में लाने का प्रयत्न करुंगा। समस्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का इस संघ को संकल्प लिया गया तभी शासवत संघ बनाने में सफल होंगे। अंत में पुनः आभार प्रकट किया गया।

बिहार में अब इस खास शपथ पत्र पर ही जमीन की होगी रजिस्ट्री

निज संवाददाता | पटना

बिहार में जमाबंदी के नये नियम लागू होने के बाद जमीन रजिस्ट्री में कई तरह की हो रही परेशानियों को देखते हुए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने एक नया गाइडलाइन जारी किया है। इसके तहत अब रजिस्ट्री होने वाले हर दस्तावेज में विभाग की तरफ से 18 बिंदुओं पर जारी घोषणा पत्र विक्रेता के हस्ताक्षर से 'हां' व 'ना' में जवाब के साथ लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह नियम रजिस्ट्री ऑफिस ने बुधवार से ही लागू कर दिया है।

नए नियम के बाद प्रभावित हुई जमीन रजिस्ट्री

विभाग की तरफ से यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई है क्योंकि जमाबंदी के नये नियम लागू होने के बाद जमीन रजिस्ट्री काफी प्रभावित हो गई है। बहुत सारे जमाबंदी को अंचल ऑफिस ने ऑनलाइन नहीं किया है। ऑफलाइन जमाबंदी का रसीद उपलब्ध होने पर भी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा भी कई तरह की परेशानियां हो रही थी।

चुनाव आयोग ने बदला अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों का चुनावी कार्यक्रम

एजेंसी | नई दिल्ली

अरुणाचाल और सिक्किम विधानसभा के लिए वोटों की गिनती अब 2 जून को होगी। पहले यह 4 जून को होनी थी। चुनाव आयोग ने यह ऐलान किया है। बता दें कि चुनाव आयोग ने इन दो राज्यों सहित कुल चार राज्यों में एक साथ ही विधानसभा और लोकसभा चुनाव कराने का ऐलान किया है। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा-2024 और विभिन्न विधानसभाओं के आम चुनाव के कार्यक्रम के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की विधान सभाओं के लिए आम चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की थी। दोनों राज्यों में मतदान की तारीख 19 अप्रैल है। पूरे देश के साथ ही चार जून को अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा के लिए भी मतगणना होनी थी। चुनाव आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम दोनों विधान सभाओं के सदन का कार्यकाल और अवधि 2 जून को समाप्त होने वाली है। इसके मद्देनजर चुनाव आयोग ने वोटो की गिनती की तारीख में संशोधन करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि अब इन दोनों राज्यों में मतगणना चार जून के बदले दो जून को होगी।

रेलवे काउंटर पर क्यूआर कोड स्कैन करने से होगा पेमेंट

पटना (नि.सं.)। अब पटना जंक्शन समेत पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर जनरल रेल टिकट खिड़कियों से टिकट लेना काफी आसान हो जायेगा। टिकट लेने बाद खुले पैसे के लेन-देन को लेकर झंझट भी नहीं होगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही टिकट यात्री के हाथ में होगा। पूमरे अपने दानापुर मंडल समेत पांचों मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर करीब 610 फेयर रिपीटर्स लगाने जा रहा है। इसकी शुरुआत पटना जंक्शन से होने जा रही है। सब कुछ ठीक रहा, तो होली से पहले यह सुविधा जंक्शन पर बहाल कर दी जायेगी। वहीं सूत्रों की मानें, तो रेलवे होली से पहले 23 मार्च के आसपास इसकी शुरुआत करने की तैयारी में है।

फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव नोएडा से गिरफ्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

नोएडा पुलिस ने यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले एल्विश से लंबी पूछताछ की गई। पिछले दिनों नोएडा में सांप के जहर सप्लाई करने वाले गिरोह के पर्दाफाश के दौरान एल्विश यादव का नाम सामने आया था सांप के जहर मामले में नोएडा पुलिस ने यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले एल्विश से लंबी पूछताछ की गई। पिछले दिनों नोएडा में सांप के जहर सप्लाई करने वाले गिरोह के पर्दाफाश के दौरान एल्विश यादव का नाम सामने आया था। इसके बाद से ही माना जा रहा था कि पुलिस एल्विश को गिरफ्तार कर सकती है। नोएडा पुलिस ने पिछले साल सेक्टर 51 में एक गेस्ट हाउस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था, इनके पास पांच प्रजाति के 9 सांप मिले थे और जहर भी बरामद हुआ था। इन लोगों से पूछताछ के आधार पर ही एल्विश यादव को आरोपी बनाया गया था। रविवार को इसी मामले में सेक्टर 135 पुलिस ने एल्विश को पूछताछ के लिए बुलाया था।



संक्षिप्त समाचार

दवा विक्रेता संघ द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

कौआकोल। प्रखण्ड के दवा विक्रेता संघ के द्वारा रविवार को कौआकोल बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय ने किया। कार्यक्रम में आए दवा व्यवसायियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया व गले मिलकर प्रेम का इजहार किया। दवा व्यवसायियों ने होली के महत्व पर भी चर्चा की एवं संगठन की एकता एवं अखंडता तथा आपस में भाईचारा की रिश्ता कायम रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर जिला संगठन के संयुक्त सचिव अशोक कुमार उर्फ जीतू,कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद,कौआकोल प्रखंड दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेंद्र साव,कोषाध्यक्ष संतोष कुमार,सचिव शंकर कुमार,राजीव रंजन समेत दर्जनों दवा विक्रेता मौजूद थे।

शेखपुरा में हाइवा के चपेट में आने से कौआकोल के युवक व बीपीएससी शिक्षक की मौत

कौआकोल। कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीबाजार गांव के दो लोगों की पिछले तीन दिनों के अंदर सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम जहां पटना के एक निजी अस्पताल में बुधवार की सुबह जमुई के खैरमा में सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यवसायी बिनोद साव की मौत हो जाने का मामला अभी ठंढा भी नहीं हुआ कि इस बीच रविवार को इसी गांव के एक अन्य युवक की शेखपुरा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान रानीबाजार गांव के किशोरी साव के पुत्र रंजीत कुमार,उम्र-लगभग 34 वर्ष के रूप में हुई हैं। जो प्राथमिक विद्यालय कारे,शेखपुरा में बीपीएससी शिक्षक फेज-1 के रूप में पदस्थापित थें। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत अपने बाइक से रविवार की सुबह किसी कार्य से अपने बाइक से जा रहे थे,तभी बरबीघा किनोर से तेज रफ्तार से आ रहे एक हाइवा ने शेखपुरा बाईपास में एक लाइन होटल के नजदीक उनके बाइक समेत तीन बाइक पर सवार 6 युवकों को कुचल दिया। जिससे रंजीत समेत सभी लोग घायल हो गए। ठोकर मारने के बाद हाइवा चालक गिरिहिंडा की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल रंजीत समेत अन्य युवकों को शेखपुरा सदर अस्पताल में पहुँचाया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद रंजीत को पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया,परन्तु रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रानीबाजार गांव में कोहराम मच गया। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार प्रेषण तक मृतक शिक्षक का शव गांव नहीं पहुँच सका है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक रंजीत का उनके माता,पिता,भाई के अलावे पत्नी एवं एक पुत्र थे।

56 लीटर शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार,भेजे गए जेल

रजौली। थाना क्षेत्र के मंझला सेम गांव में रविवार की अहले सुबह एएसआई संतोष कुमार सिंह ने 156 लीटर शराब एवं एक बाइक को जब्त किया है।वहीं तीन शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मंझला सेम गांव में शराब को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई संतोष कुमार सिंह को पुलिस बल के साथ भेजा गया।वहीं छापेमारी के दौरान कुल 156 लीटर देशी महुआ शराब एवं एक बाइक होंडा शाइन संख्या बीआर31एएफ6727 को जब्त कर थाना परिसर लाया गया है।वहीं तीन शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार लोगों में मंझला सेम गांव निवासी महेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र कौशल कुमार,रामचन्द्र यादव के पुत्र विकास कुमार एवं राजेश यादव के पुत्र गुलशन कुमार शामिल हैं।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब व बाइक एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की बात कही गई है।

आदर्श अचार संहिता का पालन के साथ प्रत्याशीयों के नाम पर हो रही चर्चा

नवादा। लोकसभा चुनाव का विगुल बजते ही जिले में आदर्श अचार संहिता लागु हो गयी है. क्षेत्र के लोगों के द्वारा विभिन्न दलों के प्रत्याशीयों के नाम पर भी चर्चा जारी है लोग अचार संहिता का पालन करते हुए नवादा लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय प्रत्याशी की मांग विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है हिसुआ में डॉ प्रदीप शर्मा जी के आवास लालू नगर पर होली मिलन कार्यक्रम के आयोजन में लोकसभा चुनाव पर भी जोरदार आवाज उठाया गया। सोनसा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा ने कहा कि पिछले कई सालो से नवादा ठगा महसूस कर रहा है, हर लोकसभा चुनाव में नवादा जिला में बाहरी उम्मीदवार जीतकर चला जाता है जिससे हमारे जिला का संपूर्ण विकास में बाधा आती है, कई सांसदों को तो नवादा जिला के भौगोलिक दशा और दिशा का ज्ञान भी नहीं होता है पांच साल मलाई खाकर चले जाते हैं। डॉ प्रदीप शर्मा जी ने कहा कि हमारे जिला का विकास तभी संभव है जब हमारा गर्जियन घर का हो तभी हमारा घर सुरक्षित रहेगा। शंभू पासवान ने कहा कि हम तो आदरणीय चिराग पासवान जी से निवेदन करेंगे की नवादा से पढ़ा लिखा उम्मीदवार निशिकान्त सिन्हा जो काशीचक के हैं उनको टिकट दिया जाता है तो जिला में भी रोजगार और शिक्षण संस्थान विकसित होंगे जो की अभी बड़ौदा में सैकड़ो युवाओं को रोजगार दिए है। सिन्हा जी नवादा में भी सैकड़ो निर्धन छात्रों को कोटा शहर में पढ़ाने एवम् जिला में भी प्रोत्साहन करनें का काम कर रहें हैं। करोना काल में भी हॉस्पिटल प्रशासन को लाखों रुपया देकर स्वास्थ सेवा में सहयोग किए थे। उपस्थित डॉ रमेश कुमार,देवनंदन प्र यादव, राजकुमार यादव , अरुण गोप , लट्टन यादव, डॉ भागवत शर्मा, मुरारी सिंह, विकास मेहता। सहित कई लोग उपस्थित थे।

आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू ▪ निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने को लेकर नवादा प्रशासन कटिबद्ध

बज गया बिगुल– पहले चरण में नवादा लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को होगा मतदान

17 लाख 69 हजार 796 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग -दिव्यांग व 85 वर्ष आयु से अधिक के मतदाताओं को मिलेगा होम वोटिंग की सुविधा

निज संवाददाता। **नवादा**

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी के अनुसार नवादा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पहले चरण में मतदान होना है। इसको लेकर समाहरणालय सभागार में डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर कहा कि नवादा लोकसभा में पहले चरण में मतदान किया जाना है, इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पहले चरण 19 अप्रैल को नवादा लोकसभा में मतदान कराया जाना है, जिसमें 17 लाख 69 हजार 796 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला मतदाताओं की संख्या- 8 लाख 49 हजार 457 व पुरूष मतदाताओं की संख्या- 9 लाख 20 हजार 190 है। वहीं थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या- 149 है। उन्होंने बताया कि 18 से 19 वर्ष आयु के नये मतदाताओं की संख्या- 18 हजार 215 है। जबकि 20 से 29

वर्ष आयु के मतदाताओं की संख्या- 3 लाख 45 हजार 192 है। इसके अलावा 3548 सर्विस वोटर हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 20 मार्च 2024 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी जो 28 मार्च को समाप्त होगी।नामांकन की समीक्षा 30 मार्च को, उम्मीदवारों की नाम वापसी का अंतिम तिथि 2 अप्रैल निर्धारित है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को मतदान होना है और 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि निर्धारित है। जिले में मतगणना केंद्र केएलएस कॉलेज को बनाया गया है। बता दें कि नवादा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा आता है, जिसमें 235 रजौली, 236 हिसुआ, 237 नवादा, 238 गोविंदपुर, 239 वारिसलीगंज तथा 170 बरबीघा विधानसभा शामिल है।

लागू कर दिया गया धाराः- 144 जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही नवादा लोकसभा क्षेत्र में शनिवार की शाम से ही धारा- 144 लागू हो गया है। इसके अंतर्गत भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता में वर्णित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगें। यह आदेश पूर्व अनुमति प्राप्त सभा/जुलूस या शादी/बारात पार्टी/शव-यात्रा/हाट बाजार/कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी एवं पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी, भाला, गंड़ासा, ईंट-पत्थर एवं मानव शरीर के लिए घातक कोई भी हथियार प्रदर्शन नहीं करेंगे। यह आदेश परम्परागत ढंग से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय पर विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्त्तव्य पर लगे दंडाधिकारी/निर्वाचन कर्मियों और पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होगा। यह आदेश जिला दंडाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर निर्गत किए जाने वाले आदेश पर निर्दिष्ट तिथि को निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा करने के लिए शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई उत्तेजक नारा नहीं लगायेंगे तथा ऐसा कोई आपत्तिजनक आचरण नहीं करेंगे जो आदर्श आचार संहिता के प्रतिकूल हो। किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख तथा फोटो आदि अथवा किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्ध अपमानजनक पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे या नहीं चिपकायेंगे या नहीं लिखेंगे, जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं धार्मिक आयोजन से साम्प्रदायिक भावना को राजनीतिक हित के लिए नहीं उभारेंगे तथा न ही भड़कायेंगे। कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को डराने, धमकाने एवं किसी भी प्रलोभन में लाने का कार्य नहीं करेंगे। किसी भी प्रकार के सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी की पुर्वानुमति के आयोजित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता के कोई प्रावधान का उल्लंघन नहीं करेंगे। मतदाता वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों से भी डाल सकेंगे वोट भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए सभी निर्वाचक जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किया गया हैं, मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाने का प्रावधान किया गया है। निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए प्रावधान भी किया गया है। जिसमें पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेन्स, राज्य व केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड) के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

नगर पंचायत वासियों ने पदाधिकारियों को दिया आवेदन

डीसीएलआर के ड्राइवर ने दबंगतापूर्वक नाली निर्माण को रोका,15 दिनों से काम बंद

निज संवाददाता। **रजौली**

नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 के डाक बंगला चौराहा समीप महादेव नगर मोहल्ले हो रहे नाली निर्माण को डीसीएलआर रजौली के ड्राइवर सरयू यादव ने दबंगतापूर्वक रोक दिया है। वार्ड संख्या 3 के लक्ष्मीकांत, कैसर रजक, पूनम अग्रवाल, रीता देवी, विकास कुमार, रंजन कुमार, पप्पू यादव समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि नगर पंचायत मद से मोहल्ले में नाली निर्माण कार्य किया जा रहा था,जिसमें लगभग तीन हिस्सा नाली निर्माण किया जा चुका है।किंतु शेष 80 फीट निर्माण कार्य पूरा किये जाने के क्रम में डीसीएलआर के ड्राइवर सरयू यादव पिता लालजीत यादव द्वारा जबरन विरोध किया गया,जिसके कारण नाली निर्माण कार्य अधूरा है।साथ ही बताया कि नाली निर्माण कार्य बिहार सरकार के खाता संख्या 259 के प्लॉट संख्या 748 में किया जा है।जबकि ड्राइवर सरयू यादव के द्वारा बाउंड्रीवाल कर 3 फीट चौड़ा

एवं 80 फीट लंबे भूमि जिसपर नाली निर्माण कार्य किया जा रहा था,उसपर अवैध कब्जा कर लिया गया है।नाली निर्माण के दौरान सरयू यादव द्वारा मोहल्ला वासियों के साथ गाली गलौज करते दबंगतापूर्वक नाली निर्माण कार्य बन्द करवा दिया गया है।जिसके कारण मोहल्ले वासियों के घर का पानी नहीं निकल पा रहा है और लोगों को परेशानी है।मोहल्ले वासियों ने इसकी लिखित शिकायत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,थानाध्यक्ष एवं अनुमण्डल पदाधिकारी को दिया गया है।मोहल्ले वासियों ने यह भी कहा कि डीसीएलआर का ड्राइवर अक्सर पदाधिकारियों से संपर्क का धौंस दिखाकर मोहल्ले वासियों को डराता धमकाता रहता है।

क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी – इस बाबत पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश ने कहा कि आवेदन कार्यालय में दिया गया होगा।उन्होंने वार्ड पार्षद मुकेश यादव से जानकारी लेकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

क्या कहते हैं डीसीएलआर – इस बाबत पर डीसीएलआर ने कहा कि वे मामले से अनभिज्ञ हैं।साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से बाहर नहीं है।साथ ही कहा कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

क्या कहते हैं थानाध्यक्ष– इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है।सरयू यादव को जमीन के कागजात के साथ थाना आने का निर्देश पुलिस बलों द्वारा दिया गया है।

जिला प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

निज संवाददाता। **नवादा**

नगर के विभिन्न इलाकों में जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जेसीबी से अस्थाई रूप से सभी दुकान को हटाया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी व जवानों के साथ शहर के इलाके में सड़क किनारे से फुटपाथी दुकानदारों को हटाने की सख्त चेतावनी दी गई। जिले के प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस जवानों को देखकर सड़क किनारे ठेला लगाकर फल, गोलगप्पा, चाट, चाउमिन, कपड़ा समेत अन्य सामग्री बेचने वाले फुटपाथी दुकानदार भागने लगे। फुटपाथी दुकानदारों को सड़क किनारे से दुकान हटाने की सख्त हिदायत दी गई। स्थायी दुकानदारों को भी दुकान के बाहर सामान नहीं रखने की हिदायत दी। अभियान में नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज एसआइ विजय कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे। फुटपाथियों को सख्त हिदायत दी गई कि सड़क के किनारे दुकान लगाने वालों विरुद्ध कानूनी कारवाई की जाएगी।

पुलिसिया कार्रवाई-बालू लदे दो ट्रैक्टर किया गया जब्त,प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है,किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार एवं एएसआई सत्येंद्र पासवान की अगुवाई में गुप्त सूचना पर लेंगुरा

पंचायत के तारगिर चौक एवं अमावां मोड़ पर दल-बल के साथ कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है।जिसमें एक ट्रैक्टर सड़क के किनारे आधा से अधिक बालू गिराने में सफल रहा जबकि पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़ भाग खड़ा हुआ।बालू लदे दोनों ट्रैक्टरों को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

रजौली पूर्वी प्रतिभा खोज क्विज प्रतियोगिता शांतिपूर्ण सम्पन्न

निज संवाददाता। **रजौली**

रविवार को रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव के द्वारा पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन नगर क्षेत्र के साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया।इस प्रतियोगिता में कुल 179 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया।केंद्राधीक्षक प्रदीप कुमार पप्पू के देखरेख में शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न हुई।इस दौरान रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी वृद्धि होती है।जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को कुछ करने का सुअवसर प्राप्त होता है।उनके मानसिक विकास के साथ-साथ नवीन सृजनात्मक कला में भी

वृद्धि होती है और बच्चे विकास के पथ पर अग्रसर होते हैं।साथ ही उन्होंने इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनायें दिया।इस मौके पर शकील सर,विकास कुमार सोलंकी,सुमित सिंह,सुमित कुमार,अरबाज खान,विद्यासागर,सकलैन खान सहित कई सहयोगी उपस्थित थे।

कागजों पर सिमट कर रह गयी मुख्यमंत्री अक्षर आंचल योजना

निज संवाददाता। **हिसुआ (नवादा)**

मुख्यमंत्री की महात्वाकांक्षी क्रो शिक्षा सेवक धरातल पर नहीं उतार रहे हैं। मुख्यमंत्री अक्षर आँचल योजना क्रो शिक्षा सेवक सिर्फ कागजों पर चला रहे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण तब मिला जब रविवार क्रो ली जा रही महापरीक्षा भी मजाक साबित हुआ। मीडिया द्वारा सर्वेक्षण किया गया तो कई परीक्षा केंद्र बंद पाए गए तो कई ऐसे केंद्र थे ,जहां केंद्राधीक्षक ,शिक्षा सेवक एवं परीक्षा देने वाली नवसाक्षर महिलाएं भी नहीं दिखी। मजाक तो उस वक्त साबित हुआ जब केंद्र पर जाकर जांच किया गया तो पता चला कि वहां आठवीं ,मैट्रिक और इंटर पास महिलाएं भी परीक्षा दे रही थी । वहीं एक शिक्षासेवक

शिक्षा सेवकों द्वारा किया गया खानापूर्ति

की पत्नी भी परीक्षा देने पहुंची थी,लेकिन केंद्र बंद था ,वह बोली हम हरेक वर्ष परीक्षा देते हैं। न तो शिक्षा सेवकों क्रे पास परीक्षार्थियों का लिस्ट था और न हीं कोई परीक्षार्थी। बता दें कि रविवार क्रो मुख्यमंत्री अक्षर आंचल योजना के तहत हिसुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीआरसी स्तर पर नवसाक्षर महिलाओं की बुनियादी महापरीक्षा ली जानी थी । रविवार को जिले क्रे हिसुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मियों के द्वारा महापरीक्षा का संचालन किया जाना था । इस क्रम में हिसुआ प्रखंड क्षेत्र में कुल 940 नवसाक्षर महिलाओं का महापरीक्षा सीआरसीसी स्तर पर चयनित विद्यालयों में निर्धारित किया गया था। जिसमें रविवार को कुल 47 शिक्षा सेवकों एवं तालीमी मरकज़ द्वारा 940 नव साक्षर महिलाओं को परीक्षा में भाग लेना था। लेकिन कुछ सेंटरों पर महिलाओं क्रो बुनियादी महापरीक्षा महज खानापूर्ति किया गया । कहीं - कहीं तो केंद्र हीं नहीं खोला गया। शिक्षा सेवकों से संपर्क किया गया तो बोला गया कि विभागीय जांच होगा तो हम सबूत और कॉपी जांचा हुआ दिखा देंगे। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 2013 में मुख्यमंत्री अक्षर आंचल योजना का शुभारंभ कर पूरे बिहार में निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने की एक मुहिम चलाई गई थी । जिसके तहत प्रत्येक प्रखंड में शिक्षा सेवक एवं तालीमी मरकज कर्मियों की नियुक्त कर दलित और महादलित समुदाय की 15 से 45 वर्ष की वैसी महिलाएं को साक्षर बनाने का प्रयास किया जाना था, जो पूर्व से निरक्षर थी। वैसी महिलाओं को चिन्हित कर प्रत्येक शिक्षा सेवक व तालीमी मरकज कर्मियों के द्वारा 20 महिलाओं को नामांकन कर उन महिलाओं को दो घंटे विभागीय नियमानुसार साक्षर बनाने का कार्य किया जाना तय किया गया था । उन्ही चिन्हित महिलाओं के लिए रविवार को बुनियादी महापरीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के उपरांत सभी परीक्षार्थियों के कॉपी की मूल्यांकन करते हुए उनका ग्रेडिंग कर उक्त महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिया जाना सुनिश्चत किया गया था। बता दें कि मध्य विद्यालय भदसेनी केंद्र पूर्णरूपेण से 12:30 अपराह्न तक बंद पाया गया। जब वहां मीडिया पहुंची तो भागे -भागे 12:30 बजे क्रे बाद 04 शिक्षा सेवक सोनी राजवंशी ,जागेश्वर मांझी ,राजेंद्र मांझी एवं वीरेंद्र कुमार आए। विद्यालय में केंद्राधीक्षक नहीं रहने क्रे कारण विद्यालय बंद था। उसके बाद एक शिक्षिका क्रे पिता ने आकर विद्यालय खोला ,लेकिन एक भी नवसाक्षर महिला परीक्षा देने नहीं पहुंची थी । अब सवाल यह उठता है कि बिना केंद्राधीक्षक और नवसाक्षर महिला क्रे परीक्षा कैसे सफल होगा। जबकि उन शिक्षा सेवकों क्रे पास कोई लिस्ट भी नहीं था कि कौन परीक्षा देंगे। वहीं दूसरा केंद्र मध्य विद्यालय बढ़ौना में दो सेंटर थे ,जहां एक भी नवसाक्षर महिला नहीं थी। केंद्राधीक्षक उमेश कुमार ने पहले तो दो -तीन महिलाओं को आने की बात कही । लेकिन मौजूद शिक्षा सेवक हीरा लाल भुईंया एवं चन्द्रिका मांझी 08-08 कॉपियां लिखी हुई रखे हुए थे। जांच पर पाया गया कि एक भी महिला नहीं आयी और दोनों शिक्षा सेवक स्वयं कॉपी भरकर बैठे हुए थे। मध्य विद्यालय कैथिर में कुल 03 शिक्षा सेवक थे ,जिसमें कृष्णा मांझी ,संजीत राजवंशी एवं अनीता रानी मौजूद थी। लेकिन एक भी नवसाक्षर महिला का परीक्षा में शामिल नहीं किया गया। कुछ महिलाओं से परीक्षा ली जा रही थी लेकिन सभी का कॉपी शिक्षा सेवक स्वयं भर दिया था ,जब पूछा गया तो महिलाएं बोली हमें कभी पढ़ाया नहीं गया आज बोला गया आकर परीक्षा दे दीजिए प्रमाणपत्र देंगे। हमें कुछ भी पढ़ाया नहीं गया सब सर हीं लिख दिए हैं। कई जगहों पर आठवां ,मैट्रिक तो कहीं इंटर पास भी महिलाएं परीक्षा दे रही थी। उनसे पूछने पर बताया गया ,जिनका नाम है वह नहीं है। उसके बदले हम लिख दे रहे हैं। ऐसे में अब अक्षर आँचल योजना पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। इसपर शिक्षा विभाग नवादा जांच करेंगे तो पता चलेगा कि यह योजना कागजों पर हीं चल रहा है।

महिला के अवैध संबंध से परेशान था छोटा बेटा, हिरासत में कबूला हत्या का आरोप

बेटे ने मां की गोली मारकर की हत्या

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। कैमूर में 25 साल के बेटे ने अपनी मां की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा कि महिला के अवैध संबंध से बेटा परेशान था, उसे मौत के घात उतार दिया। पुलिस ने फिलहाल युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने हत्या की बात कबूली है। वारदात दुर्गावती थाना क्षेत्र के उधपूरा गांव की है। मृतक की पहचान 54 वर्षीय सविता देवी के रूप में हुई है। महिला विधवा थी और अपने दो बेटों के साथ रहती थी। रविवार की सुबह 10 बजे के आसपास गोली की आवाज सुनकर जब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो महिला की डेड बॉडी खून से लथपथ नदी किनारे पड़ी थी। लोगों ने इसकी सूचना दुर्गावती थाना की पुलिस को दी। जांच शुरू करते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस छानबीन करने महिला के घर पहुंची तो उसके छोटे बेटे से पूछताछ शुरू की। बेटे ने स्वीकार किया कि वह मां की गलत हरकतों से काफी परेशान था इसलिए उसकी गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घर से ही घटना में प्रयोग देसी कट्टा बरामद किया है, जिसमें एक खोखा फंसा हुआ था। मृतक महिला के बड़े बेटे रंजेश विश्वकर्मा ने बताया कि मैं घर पर नहीं था। मुझे फोन से सूचना मिली तो घटनास्थल पर पहुंचा। वहां से बॉडी लेकर सदर अस्पताल भभुआ आया हूं। दुर्गावती थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि एक महिला का गोली लगा शव बरामद हुआ है। छोटे बेटे को शक के आधार पर गिरफ्तार किया गया तो उसने हत्या की बात स्वीकार की है। उसके पास से देसी कट्टा और उसके अंदर फंसा खोखा बरामद हुआ है । उसने बताया कि वह अपने मां के गलत आचरण से परेशान था इसलिए गोली मारकर हत्या की है।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

मोहनिया (कैमूर)। कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के उसरी गांव के पास बनारस की तरफ से आ रही यात्री बस ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। बस 150 मीटर तक उनको घसीटते हुए आगे चली गई। चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में बसपा के वरिष्ठ नेता की मौत हो गई वहीं, उनकी पत्नी घायल है। पत्नी को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया है। गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टीम लोगों ने को समझाकर जाम छुड़ाई। मृतक की पहचान दुर्गावती थाना क्षेत्र के बिछिया गांव के चंद्रमा राम और घायल उनकी पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। चंद्रमा राम बहुजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उनकी पत्नी गीता देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य थी। दोनों बाइक पर सवार होकर भभुआ दवा लेने के लिए जा रहे थे। समाजसेवी सतीश कुमार ने बताया कि वाराणसी से आ रही यात्री बसें बेलगाम दौड़ रही है और आए दिन दुर्घटना हो रही है। आज यात्री बस ने बाइक से जा रहे दंपति में जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे बाइक सवार पति की मौत हो गई है। पत्नी गंभीर है जिनको उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है।

तालाब में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। कैमूर के भभुआ थाना क्षेत्र के कोरी गांव में घर के बाहर खेल रहे बच्चे की तालाब में गिरने से मौत हो गई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि खेलने के दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया, जिससे डूबने उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन किया तभी उसके शव को पानी में तैरता देखा गया। जिसके बाद उसके शव को बाहर निकालते हुए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी आदित्य कुमार के पुत्र ऋषिकांत कुमार(4) उर्फ अंकुश राज के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूर्व मुखिया रामकुमार राम ने बताया भभुआ थाना क्षेत्र के बहुवन पंचायत के कोरी गांव में घर के बाहर 4 साल का बच्चा ऋषिकांत कुमार खेल रहा था।

मतदान जरूरी रूप से करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

एक जून को पहले मतदान फिर जलपान नारे के साथ करे मतदान : जिलाधिकारी

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला अधिकारी सावन कुमार की ओर से समाहरणालय से ढाई किलोमीटर तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सभी विभागों के सरकारी कर्मचारियों के साथ ग्रामीण और समाज सेवी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी भी रैली में जागरूकता तख्ती लिए नारा लगाते नजर आए। आधी रोटी खाएंगे फिर भी मतदान करने जाएंगे, पहले मतदान फिर जलपान सहित कई नारे के साथ लोगों को जागरूक किया गया। जिलाधिकारी सावन कुमार ने आगे कहा कि पूरे देश में चुनाव की घोषणा कर दी गई है। सासाराम संसदीय क्षेत्र में कैमूर आता है और यहां 1 जून को सातवें फेज में मतदान होना है। उसी के लिए आज सभी लोगों को मतदान केंद्र पर आने के लिए जनता रैली के माध्यम से बताया जा रहा है। युवाओं के साथ भी लोगों से भी अपील करते हुए डीएम ने कहा कि बूथ पर जाकर अपने मत का जरूर प्रयोग करिए।

रासायनिक पदार्थों से लगी आग पर मिट्टी, कपड़ा व बालू डालें

रोहतास (नि.सं.)। शहर के विभिन्न विद्यालयों व ग्रामीण क्षेत्र में अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए संस्थान के जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को संबोधित करते हुए बताया कि अग्नि हम सभी के जीवन का एक अनिवार्य अंग है। अग्नि के बिना जीवन असंभव है। हमारा शरीर जिन पांच तत्वों से बना है। उसमें एक मुख्य तत्व अग्नि भी सम्मिलित है। अग्नि जीवन से मृत्यु तक जीवन के सभी चरणों में विद्यमान है। अग्नि जिस प्रकार हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है। ठीक उसी प्रकार यदि अग्नि के बारे में हमें सही जानकारी नहीं है तो यह हमारे जीवन के लिए प्राणघातक भी हो सकती है। इसमें सावधानी बरतने की जरूरत है। थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इसलिए अगलगी को गंभीरता से लेते हुए सावधानी पूर्वक उसे बुझाने का प्रयास करना चाहिए। अग्निशमन पदाधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि बिजली, तेल या किसी अन्य रासायनिक से लगी आग बुझाने के लिए मिट्टी, बालू या कपड़े का प्रयोग करना चाहिए। आग बुझाने के बताए गए उपाय अग्निक मोहित सिंह, अजीत कुमार, सुलेखा कुमारी, सपना कुमारी, कृष्णा पंडित ,शैलेंद्र कुमार सहित विभाग के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय बस्तीपुर, राजकीय मध्य विद्यालय डेहरी सहित स्टेशन रोड ,थाना चौक, झोपड़ी मोहल्ला मे बच्चों व ग्रामीणों को जागरुक करते हुए आग से बचाव के बारे में पूरी जानकारी दी। खाना बनाते समय रसोई रूम में जरूर रखें पानी की बाल्टी बताया कि स्टोर या लकड़ी, गोइठा आदि के जलावन वाले चूल्हे पर खाना बनाते वक्त सावधानी बरते, गेहूं कटनी तथा ओशनी का काम हमेशा रात में तथा गांव के बाहर खलिहान में जाकर करें, खाना बनाते समय सावधानी बरते रसोई रूम में पानी का बाल्टी रखें।

बाइक और ऑटो में भिड़ंत, बाइक सवार दो लोग घायल

निज संवाददाता

मोहनिया (कैमूर)। कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के समेकित चेक पोस्ट मोहनिया के पास बाइक और सीएनजी ऑटो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी NHAI को दिया गया। मौके पर पहुंची NHAI की टीम दोनों घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया। जहां चिकित्सकों की देख-रेख में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायलों में भलूवारी निवासी मनोज तिवारी का बेटा हर्ष कुमार और हाटा के मोनू कुमार बताए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए NHAI के पे-ट्रोलिंग कर्मी ने बताया कि ग्रामीण द्वारा सूचना मिली थी कि मोहनिया थाना क्षेत्र के समेकित चेक पोस्ट के पास ई-रिक्शा और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। इसके बाद एनएचएआई की एंबुलेंस टीम घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में पहुंचा दिया गया है। दोनों को सिर और पैर में काफी गंभीर चोट लगी हुई थी। यह घटना NH-2 पर हुई है। अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के ओपीडी में तैनात चिकित्सक ने जानकारी देते हुए बताया कि दो व्यक्तियों को घायल अवस्था में एनएचएआई के कर्मियों द्वारा अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में लाया गया था। दोनों का प्राथमिक उपचार अनुमंडल अस्पताल मोहनीया में किया गया। दोनों की स्थिति गंभीर देखते हुए दोनों लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट, घायल

निज संवाददाता

जहानाबाद। जहानाबाद के परस बीघा थाना क्षेत्र के तिताइ बीघा गांव में बच्चों की लड़ाई में अभिभावक शामिल हो गए। इसकी वजह से दो गांव में आपसी तनाव हो गया। घटना में कृषि कार्य करने जा रहे दीपक कुमार को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामकुमार ने बताया कि 2 दिन पहले स्कूल में तिताइ बीघा गांव के बच्चे और डिहुरी के बच्चे आपस में झगड़ गए थे। तभी गांव के कुछ लोगों ने समझा-बूझकर मामले को शांत कर दिया है। लेकिन डिहुरी पर गांव के लोग इसी बात को लेकर काफी नाराज थे। रविवार को तिताइ बीघा गांव निवासी दीपक कुमार ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। तभी गांव वाले ने ट्रैक्टर को रुकवाया और पूछा कि कहां घर है। जैसे ही अपना घर बताया तो इसके बाद उन लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि गांव के जो लोग भी उधर जा रहे हैं, उन लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसके कारण दोनों गांव में तनाव बना हुआ है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

सदर एसडीपीओ को मिली सीनियर डीएसपी में प्रोन्नति

निज संवाददाता

जहानाबाद। एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह को सीनियर डीएसपी के पद पर प्रणति मिली है। सरकार के गृह विभाग आरक्षी शाखा समान प्रशासन विभाग के जारी अधिसूचना में वरीयता के आधार पर कल 99 पुलिस पदाधिकारी को प्रोन्नत दी गयी है जिसमें वरीयता क्रमांक के आधार पर 23 में नंबर पर जहानाबाद के एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह का भी नाम शामिल है। एसडीपीओ से सीनियर डीएसपी के पद पर प्रोन्नति मिलने के बाद कार्यकारी व्यवस्था के तहत बिहार पुलिस सेवा के वरीय पुलिस उपाधीक्षक के वेतन का भी लाभ मिलेगा। इधर पुलिस पदाधिकारी के प्रमोशन की जानकारी मिलने के बाद शुभचिंतकों बधाई दी और बेहतर भविष्य का कामना किया बताते चलें कि जिले में सीडीपीओ के पद पर कार्यरत राजीव कुमार सिंह कम समय में बेहतर पुलिसिंग के लिए एक कुशल पदाधिकारी के रूप में जाने जाते हैं जिन्होंने क्राइम कंट्रोल के दिशा में कई कार्य किए हैं एवं कई अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है।

बिजली चोरी में एक लाख छह हजार का जुर्माना

रोहतास (करगहर) (नि.सं.)। बड़हरी ओपी के अकोढ़ी तथा एमन डिहरी में बिजली विभाग के द्वारा छापेमारी कर चार लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराते हुए एक लाख 6 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। विभाग के कनीय अभियंता पीयूष कुमार के नेतृत्व में पहले अकोढ़ी गांव में छापेमारी की गई। जहां अवैध रूप से बिजली उपयोग मामले में धर्मेंद्र कुमार राय पर 27472 रुपया तथा हरिहर राम पर 22144 का जुर्माना लगाया गया।

जंगली जानवरों से फसल क्षति होने पर मिलेगा 25 हजार

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। जिले में जंगली जानवरों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने पर किसानों को मुआवजा की राशि मिलेगी। इस आशय का निर्देश राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि वन्य जीवों से फसलों के हुए नुकसान पर प्रति हेक्टेयर किसानों को 25 हजार रुपए मुआवजा दिया जाएगा। जंगली जीवों के हमले से अगर किसी व्यक्ति की मौत होती है तो उसके आश्रित को 5 लाख रुपए वन विभाग देगा। गहरी चोट आने पर 72 हजार व हल्की चोट आने पर 12 हजार रुपए पीड़ित को मिलेगा। बताया गया है कि जंगली जीवों द्वारा गाय, भैंस, बैल पर हमला कर उसे मार देने पर वन विभाग 12 हजार, भेड़ व बकरा की मृत्यु पर 24 सौ व बकरी की मृत्यु पर 36 सौ रुपए देगा। जंगली जानवर हाथी, गेंडा सहित अन्य वन्य जीवों द्वारा पक्के मकान को पूर्ण क्षति पहुंचाने पर 48 हजार, मिट्टी के मकान गिराने पर 26 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा। पक्का मकान को गंभीर क्षतिग्रस्त करने पर 26 हजार, कच्चा मकान को गंभीर क्षति ग्रस्त करने पर 12 हजार व साधारण रुप से क्षतिग्रस्त करने पर छह हजार रुपए दिया जाएगा। विभागीय पदाधिकारी ने बताया कि वन्य जीव द्वारा खेतों में फसल को नुकसान पहुंचने की शिकायत अगर किसानों की ओर से की जाती तो इसकी जांच कराई जाएगी और जांच में उचित मुआवजे की राशि दी जाएगी। जंगली जीवों के हमले से किसी व्यक्ति के घायल होने, मौत होने या पालतू पशुओं को नुकसान पहुंचने पर मुआवजा दिया जाएगा।

आरपीएफ ने 50 हजार रुपए समेत खोया हुआ बैग सही सलामत यात्री को किया वापस

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। आरपीएफ ने रविवार को एक खोया बैग और उसमें मौजूद 50 हजार रूपए सही सलामत यात्री को लौटा दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि यात्री केदारनाथ गुप्ता जो कि कंपनी सराय, थाना टाउन सासाराम में काम करते है। वह किसी काम से बनारस जाने के लिए प्लेटफार्म नंबर 2 पर जीआरपी के पास सुबह 6.30 बजे पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे थे। जब ट्रेन आई तो जल्द बाजी में चढ़ने के कारण अपना बैग वहीं पर भूल गए। आरपीएफ के जवान को चेकिंग के क्रम में बैग मिला और जब उसकी जांच की गई तो उसमें 50 हजार रुपए, आवश्यक दस्तावेज और कुछ कपड़े थे। इसके बाद कार्रवाई करते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने बैग के मालिक की खोजबीन शुरू की। इस दौरान जब सीसीटीवी की जांच की गई तो सब पता चल गया। उनका मोबाइल नंबर फिर किसी तरह मालूम किया गया और यात्री को पता सत्यापन करने के बाद बैग और सारा सामान लौटा दिया गया। वहीं यात्री ने रेलवे सुरक्षा बल का धन्यवाद दिया और कहा कि बहुत अच्छा काम किया गया। मुझे उम्मीद थी नहीं की मेरा बैग वापस मिल नहीं पाएगा। बता दे कि इस काम में आरक्षी पंकज कुमार सिंह और सौरभ कुमार ने बेहतर काम किया।

यात्रियों के बीच चलाया गया जागरुकता अभियान

रोहतास (नि. सं.)। स्थानीय स्टेशन पर होली पर्व को देखते हुए आरपीएफ के द्वारा यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं कर्मी द्वारा डेहरी स्टेशन, प्लेटफार्म व गाडियों में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करने के लिये जागरूक किया गया। महिला कोच व विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा नहीं करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, पायदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा ना करने,किसी अपरिचित से मेलजोल ना बढ़ाने को कहा गया।

त्रुटि रहित और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना प्रशासन का लक्ष्य : उप निर्वाचन पदाधिकारी

निज संवाददाता

जहानाबाद। त्रुटि रहित और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना प्रशासन का लक्ष्य है, इसका पूरा दारोमदार मास्टर ट्रेनर पर है। उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी आयोजित मास्टर ट्रेनर के प्रथम उन्मुखीकरण सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने वार्तालाप विधि अपनाते हुए कहा कि मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिनियुक्ति के साथ ही आप सभी सीधे चुनाव आयोग के अधीन आ गए हैं।चुनाव की सफलता का आधार कर्मियों का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण जितना अच्छा और सटीक होगा, चुनाव उतना ही सरस, सफल, स्वच्छ, पारदर्शी व त्रुटि रहित होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी कर्मियों को सिखाने का कार्य करेंगे। इसलिए आप अपने ट्रेनिंग को बोझिल होने की बजाय टू दी प्वाइंट और रूचिकर बनाएं। अपने मस्तिष्क में चुनाव का पूरा सीन स्पष्ट रखें। उसके अनुरूप ही स्टेपवार जानकारी रखें। इवीएम की पूरी जानकारी, विभिन्न प्रपत्र भरने आदि में स्वयं दक्ष बनें। डूज एंड डांट्स को कंठस्थ रखें। उन्होंने चुनाव कर्मियों द्वारा किए जाने वाले प्रक्रिया को कुल छह भागों में विभक्त करते हुए प्रशिक्षण समय को विभक्त करने की बात कही। उन्होंने डिस्कशन पद्धति अपनाते हुए प्रेजाइडिंग, पी-वन, पी-टू, पी-थ्री, माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ ही मतगणना सहायक और सुपरवाइज़र के कार्यों पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण में उनके कार्यों को बिन्दुवार समझाने की बात कही। प्रशिक्षण में डूज एंड डांट्स की जानकारी दी गयी।

आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण पखवारे में मोटे अनाज की महत्ता पर चर्चा

निज संवाददाता

अरवल। प्रखंड क्षेत्र के निघवां आंगनबाड़ी पर पोषण पखवारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिला पर्यवेक्षिका सोनल कुमारी ने महिलाओं को अम्मा की रसोई बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही पोषण से देश रोशन होता है जिसके लिए बच्चों को संतुलित आहार दिया जाना चाहिए ताकि बच्चे कुपोषण का शिकार न हो। बच्चे राष्ट्र की अमूल्य पूंजी है जिनके पालन पोषण पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। वहीं सीडीपीओ शिप्रा वर्मा ने महिलाओं को मोटे अनाज व हरि सब्जी के महत्व बारे जानकारी देते हुए बताया कि मोटे अनाज में सभी पोषण तत्व पाए जाते हैं जोकि विशेषकर बच्चों को स्वस्थ एवं हृटपुष्ट बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने पारंपरिक अनाज, कुर्थी, मरुआ, बाजरा, चोलाई, कावणी, ओगला, जौ, लोकी, करैला, सेम जैसे पोषक तत्व से भरपूर अनाज तथा सब्जियों को उगाने बारे जागरूक किया गया। इस मौके पर मोटे अनाज की रंगोली बनाकर मोटे अनाज के महत्व बारे संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए सेविकाओं के मदद से बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का भी बच्चों के बीच आयोजन किया गया। जिसमें सुई-धागा, म्यूजिकल चेयर और चम्मच नींबू रेस में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

साथ ही नुक्कड़ नाटक द्वारा बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, दहेज प्रथा और मतदाता जागरुकता संबंधी कार्यक्रम किए गए। इस कार्यक्रम में प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शिप्रा वर्मा,महिला पर्यवेक्षिका सोनल कुमारी, प्रखंड समन्वयक संतोष शर्मा एवं निधवा पंचायत की सभी सेविका व सहायिका उपस्थित रही।

पोषण की महत्ता से लोगों को किया जा रहा जागरूक

निज संवाददाता

जहानाबाद। आईसीडीएस निदेशालय के निर्देश पर जिले में गत 9 मार्च से शुरू हुए पोषण पखवाड़ा को लेकर कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। पखवाड़ा आगामी 23 मार्च तक मनाया जाएगा। पोषण पखवाड़ा को लेकर जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्सवी माहौल है। पोषण पखवारा की सफलता को लेकर जिले के आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत 23 मार्च तक निर्धारित अलग-अलग दिन में आंगनबाड़ी केंद्रों में अलग-अलग गतिविधियों आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित किया जा रहा विभिन्न गतिविधियों प्रत्येक दिन के आइसीडीएस डैस बोर्ड में अपलोड किया जा रहा है। तथा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी बच्चों का वजन लेकर पोषण ट्रैकर एप्पलीकेशन में अपलोड किया जा रहा है। बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनने पर किया जा रहा है काम अधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में शून्य से 6 वर्ष के सभी बच्चों वजन लेकर वृद्धि निगरानी (लंबाई ऊंचाई की माप) कर पोषण ट्रैकर में दर्ज कर महिलाओं का एनीमिया का प्रबंधन एवं रोकथाम एवं स्वास्थ्य माता एवं बच्चों के लिए परम्परागत खाद्य सामग्री का प्रचार प्रसार आदि गतिविधियों के द्वारा समुदाय को जागरूक करना है। इस दौरान कुपोषण को दूर करने के लिए लोगों के बीच पोषण के संदेश को पहुंचाया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों को सही पोषण के लिए जागरूक करने के साथ साथ गर्भावस्था व बच्चों को ऊपरी आहार, खानपान के प्रति सजग होने एवं शिशु जनित रोगों को कम करने के लिए जानकारी देना है।

अग्निशमन विभाग की ओर से लोगों को आग से बचाव और आग बुझाने की दी गई जानकारी

निज संवाददाता

अरवल। अरवल सदर प्रखंड के पास अग्निशमन विभाग की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आग से बचाव और आग बुझाने की जानकारी दी गई। अग्निशमन अधिकारी के मुताबिक गर्मी में अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अरवल बाजार में अभियान चलाकर लोगों को आग लगने के कारण और बचाव की जानकारी दी गई। वहीं, होटलों में अगलगी की घटना होने पर काफी नुकसान होता है। होटल कई मंजिला होते हैं। जहां आग पर काबू पाना आसान नहीं होता है। इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा कपड़ा और अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने की जानकारी दी गई। लोगों को आग बुझाने के लिए नियम से बने पंपलेट का वितरण किया गया। साथ ही लोगों को बताया गया कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए।

बल्कि धैर्य से आग पर काबू पाने का प्रयास करना चाहिए। होटलों में आग से सुरक्षा के लिए मानक तय किये गए हैं। जिसके अनुरूप हर होटलों में यह व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। गैस सिलेंडर में लगी आग को कपड़े से ढंककर आसानी से बुझाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान शिव शंकर कुमार शिवानी कुमारी पूजा कुमारी भानु प्रताप सुमित कुमार चालक हृदयानंद कुमार समेत अग्निशामक विभाग के कई लोग मौके पर उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, सोमवार 18 मार्च 2024
बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper

संक्षिप्त समाचार

दुष्कर्म मामले में पूर्व डीएसपी की जमानत याचिका खारिज

गया। दलित नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में जेल में रहे निलंबित डीएसपी मुख्यालय कमलाकांत प्रसाद की जमानत याचिका शनिवार को अदालत ने खारिज कर दी । पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी । मामले में विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार ने अभियोजन पक्ष से बहस की । जमानत याचिका पर बहस में उन्होंने कहा था कि डीएसपी कमलाकांत प्रसाद के विरुद्ध पूर्व में छह मामले दर्ज है, जिसमें दो मामले छिपाए हैं । विदित हो कि पूर्व डीएसपी कमलाकांत प्रसाद 27 फरवरी 2024 को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था तथा नियमित जमानत याचिका भी दाखिल की थी । निलंबित डीएसपी कमलाकांत प्रसाद के विरुद्ध 2017 में गया स्थित सरकारी आवास पर इमामगंज थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का आरोप है ।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना को लेकर कार्यशाला

बोधगया। बोधगया प्रखंड में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के क्षमता अभिवृद्धि को लेकर विकास मित्रों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में उपस्थित विकास मित्रों को पीएमएफएमई योजना से जुड़कर अपना उद्यम स्थापित करने की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर रितेश कुमार एवं मनीष कुमार ने योजना के लाभ लेने के लिए विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत नए एवं पुराने खाद्य प्रसंस्करण ईकाई में लगाने लिए 35 प्रतिशत अनुदान पर लोन दे रही है। इस योजना के तहत ब्रेड, चिप्स, आचार, नमकीन, सत्तू, पनीर, मैगी, मिर्ची पाउडर, चुरा, आइसक्रीम, ड्राई फूड, चना भूंजा निर्माण, तेल मिल, मशरुम, लहसून, प्याज, अदरक पेस्ट, पास्ता निर्माण, धान मिल, घी निर्माण, आटा चक्की उद्योग, गुड़ निर्माण, चॉकलेट निर्माण, मसाला टेस्ट, मखाना, तिलकुट, नूडल्स, साबूदाना, कुरकुरे, हल्दी निर्माण समेत 65 प्रकार के खद्य पदार्थ निर्माण करने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपए तक सब्सिडी दी जा रही है। बताया गया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, पेन कार्ड, ईमेल, मोबाइल नंबर, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो के साथ जिस स्थान पर उद्योग लगाना है। उस जगह पर जमीन का रसीद, बैंक खाता का 06 माह का डिटेल्स, मशीनरी डिटेल्स, राशन कार्ड, बिजली बिल, इस सब में से कोई एक कागजात की जरूरत है। इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना है। इस मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बोधगया, जिला उद्योग विभाग गया से मास्टर ट्रेनर रितेश प्रियदर्शनी एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

लोजपा रा. की टीम ने पीड़ितों से की मुलाकात

गया। जिले के बेलागंज थाना अंतर्गत खिजरसराय रामपुर मोड़ के पास बराती जा रहे चार युवकों को हाइवा द्वारा कुचले जाने की घटना पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गहरा दुःख व्यक्त किया, साथ ही जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह से घटना की जानकारी मांगी। पार्टी सुप्रीमो के आदेश के बाद जिलाध्यक्ष अपनी टीम के साथ स्थल पर जाकर घटना की पूरी जानकारी ली। मृतकों में सुभाष पासवान, जितेंद्र पासवान , पुरुषोत्तम कुमार एवं रवि कुमार शामिल हैं। ये चारों दो बाइक से बारात जा रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रही हाईवा गाड़ी ने चारों को कुचलते हुए फरार हो गया। मृतक के परिवारजनों को सांत्वना देते हुए लोजपा नेता ने मृतक के परिजनों के उचित मुआवजा देने की मांग की। मौके पर राधा स्वामी, मुकेश चौधरी, अनिकेत विश्वकर्मा एवं शांतनु सिंह आदि मौजूद थे।

युवक को अफीम के साथ किया गिरफ्तार

मैगरा। थाना की पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर एक अफीम तस्कर को एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार है। इस संबंध में मैगरा थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि छकरबंधा से बाइक सवार अफीम तस्कर अफीम लेकर मैगरा की ओर आ रहा है। इसी सूचना पर थानाध्यक्ष दल बल के साथ जांच में निकले, जहां छकरबंधा की ओर से आ रहे बाइक सवार को सेवरा राजा बांध के पास रुकवा कर तलाशी ली गई, तो उसके पास से सूखा अफीम, जिसे पट्टा कहते है बरामद कर लिया गया। बाइक पर पीछे बैठा एक तस्कर भागने में सफल रहा, हालांकि बाइक चालक को पुलिस ने मौके से दबोच लिया। वहीं थाना लाकर अफीम का वजन करने पर एक किलो निकला। इसका बाज़ार मूल्य लाखों में हैं। वहीं पूछताछ में तस्कर की पहचान कोठी थाना क्षेत्र के कानड़ गढ़ गांव के रहने वाले जगरनाथ यादव के रूप में हुई। न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद तस्कर से पूछताछ में मिली जानकारी से कई बड़े अफीम माफियाओं तक पुलिस पहुंच सकती है।

सात दिनों से लापता बच्चे का सुराग नहीं

गम्हरिया। गम्हरिया थाना क्षेत्र के चन्दनपट्टी से गत रविवार से एक बालक लापता है। गायब 14 वर्षीय प्रीतम उर्फ बिट्टू कुमार का कोई अता पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित पिता कमलकिशोर कुमार ने बताया कि मेरा बेटा ज्ञानदा स्कूल में सातवीं क्लास में पढ़ता है। स्कूल में हॉस्टल में रह रहा था। रविवार को वह स्कूल से घर लौटा, जिसके बाद उसका कोई अतापता नहीं है। मुझे डर है की कही मेरे बच्चे के साथ कोई अनहोनी न हो जाये। बालक के लापता होने के बाद से ही परिजन काफी घबराए हुए हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, छानबीन की जा रही है।

21 मार्च तक बढ़ी ग्रैजुएशन एग्जामिनेशन फॉर्म भरने की तारीख

नालंदा। पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी से संबंध प्राप्त नालंदा के डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक राहत भरी खबर हैं। ग्रेजुएशन पार्ट 1 पार्ट 2 और पार्ट 3 के सत्र 2022-25 और 2021-24 के छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन एक्जाम फॉर्म भरने की तिथि 21 मार्च तक बढ़ा दी गई है। नालंदा के सरकारी एवं गैर सरकारी कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रपत्र भरने के लिए एग्जामिनेशन कॉलेज लॉगिन में एग्जामिनेशन फॉर्म 2024 के अंदर लिंक दिया गया है। वैसे छात्र एवं छात्राएं जो अब तक पार्ट वन पार्ट 2 पार्ट 3 की परीक्षा फॉर्म भरने से चूक गए थे। उन्हें बिना विलंब शुल्क के 21 मार्च तक फॉर्म भरने की रियायत दी गई है। जेनरल और बीसी-2 कैटेगरी के स्नातक पार्ट वन और पार्ट 2 के रेगुलर छात्र-छात्राओं के लिए 700 रुपए जबकि बीसी-1,एससी/एसटी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं के लिए 500 सौ रुपए परीक्षा शुल्क रखा गया है। जबकि स्नातक पार्ट थर्ड के रेगुलर छात्र-छात्राओं के लिए जेनरल एवं बीसी-2 कैटेगरी में 1600 रुपए एवं बीसी-1,एससी/एसटी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 1400 सौ रुपए परीक्षा शुल्क लग रहे हैं। स्नातक पार्ट 3 की परीक्षा शुल्क के साथ मार्कशीट के लिए डेढ़ सौ रुपए, प्रोविजनल सर्टिफिकेट के लिए ढाई सौ रुपए एवं डिग्री के लिए पांच सौ रुपए परीक्षार्थियों को देना होगा।

किराए के मकान से दो साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

हथियार, कारतूस के साथ ठगी का सामान बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की नगर थाना पुलिस ने शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बारादरी मोहल्ला से दो साइबर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की कार्रवाई सुधीर प्रसाद के मकान में हुई है। जहां किराए के कमरे में रहकर बदमाश साइबर ठगी का काम कर रहे थे। मौके से एक माउजर, चार कारतूस, पांच मोबाइल, एप्पल कंपनी का लैपटॉप, तीन एटीएम कार्ड और अन्य सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाशों में गिरोह का सरगना शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र के मूसापुर निवासी मंजीत कुमार और नवादा जिला के काशीचक थाना क्षेत्र के नीमचक निवासी प्रवीण कुमार है। छापेमारी अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में की गई है। टीम में दारोगा गुलाम मुस्तफा, प्रशिक्षु दारोगा धर्मेंद्र कुमार, तौकीर खान, गौरव कुमार सिंह, आरक्षी गौरव कुमार, अमन कुमार समेत अन्य सुरक्षा कर्मी शामिल थे। अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बारादरी में सुधीर प्रसाद के मकान में किराए पर रहकर कुछ युवक ठगी का काम कर रहे हैं। इसके बाद वरीय अधिकारी के आदेश पर मकान की घेराबंदी कर छापेमारी की गई। मौके से हथियार-कारतूस, लैपटॉप व ठगी में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान बरामद हुआ। पूछताछ में सरगना मंजीत ने बताया कि लोन देने का झांसा दे, वह नागरिकों से ठगी करता था। पूछताछ के आधार पर पुलिस उसके सहयोगियों की तलाश में जुटी है। वहीं हथियार बरमादगी के मामले में बिहार थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

नवादा और शेखपुरा के रहने वाला है ठग

राजीव रंजन बोले- सामाजिक न्याय के नायक हैं नीतीश

निज संवाददाता। नालंदा



दीपक कुमार ने कहा- उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने शनिवार को कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर राजद-कांग्रेस ने बिहार के गरीब-गुरबों को लंबे अरसे तक बरगलाए रखा। लेकिन वास्तविकता में यह नीतीश कुमार ही है जिनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय की अवधारणा सही तरीके से जमीन पर उतर सकी, सत्ता में आने के बाद से ही उन्होंने राज्य के गरीबों, दलितों, पिछड़े-अतिपिछड़ों के कल्याण को अपना ध्येय बनाये रखा, जिसके लाभ आज हर तरफ प्रत्यक्ष दिखायी पड़ रहे हैं। वहीं राजद के जिला प्रवक्ता दीपक कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय के चलते आज नीतीश कुमार आज बिहार के मुख्यमंत्री हैं। वहीं देश के प्रधानमंत्री अगर खुद को ओबीसी प्रधानमंत्री बता रहे हैं तो यह भी लालू यादव की ही देन है। राजीव रंजन मोबाइल पार्टी हैं। कभी यहां तो कभी वहां जाते रहते हैं। राजद उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता है।

'पहली बार स्वतंत्र विभागों का गठन': वहीं राजीव रंजन कहा कि यह नीतीश कुमार ही थे जिनकी पहल पर बिहार में पिछड़े-अतिपिछड़ों और दलितों तथा आदिवासियों के समुचित कल्याण के लिए 2007 में पहली बार स्वतंत्र विभागों का गठन किया गया। उन्होंने ही इस गरीब तबकों के लिए आयोगों का गठन किया। यहां तक कि दलितों में भी अत्यंत गरीब जातियों के लिए महादलित विकास निगम की स्थापना भी उन्होंने ही की,आज इन विभागों और आयोगों के माध्यम से इन गरीब बहुजनों के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपयों की लागत से अनेक योजनायें चल रही हैं।

मिर्जा गालिब कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज बने डॉ. अली

निज संवाददाता। गया

गया जिले के एक मात्र अल्पसंख्यक कालेज मिर्जा गालिब कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज शुजाअत अली खान को प्रोफेसर इंचार्ज पद से हटा दिया गया है। कार्रवाई एमयू के कुलपति शशि प्रताप शाही के आदेश पर किया गया है। सुजात अली खान की जगह पर डॉ. अली हुसैन को प्रोफेसर इंचार्ज बनाया गया है। मिर्जा गालिब की गवर्निंग बॉडी को भी भंग कर दिया गया है। एडहॉक कमेटी का गठन किया गया है। गवर्निंग बॉडी के पूर्व सचिव शबी शमसी के कन्वेनरशिप में एडहॉक कमेटी बनाई गई है। कमेटी में पूर्व प्रोफ़ेसर इंचार्ज हफीज उर रहमान खान अजीज मनेरी, मोहम्मद औरंगजेब शामिल हैं। पदभार ग्रहण करने पर डॉ. मोहम्मद अली हुसैन को कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारियों ने बधाई दी है।

इंचार्ज रहे शुजात अली खान के खिलाफ जांच चल रहीं: मिर्जा गालिब कॉलेज अक्सर अपने अंदरूनी विवादों की वजह हर वर्ष चर्चा में बना रहता है। इस बार मसला एक जांच से जुड़ा है। प्रोफेसर इंचार्ज रहे शुजात अली खान के खिलाफ जांच चल रही है। जांच किस बात की चल रही थी। इस बात का खुलासा अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है। सूत्रों का कहना है कि जांच कॉलेज के आय व्यय से जुड़ी हुई है। जांच प्रभावित न हो इस बात को लेकर यूनिवर्सिटी ने उन्हें उनके पद से हटाए जाने का आदेश दिया है। आदेश के तहत ही उनकी जगह पर डॉ. अली हुसैन को प्रोफेसर इंचार्ज बनाया गया है। इस मौके पर प्रोफेसर इंचार्ज अली हुसैन ने कहा उनकी जिम्मेदारी कॉलेज को बेहतर तरीके से चलाने की है। साथ ही कॉलेज हित में एडहॉक कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर महाविद्यालय से जुड़े कार्य किए जाएंगे। छात्र व शिक्षकों के हित के लिए काम करेंगे।

भरावपर चौराहा पर हर दिन लग रहा जाम, निर्माण कार्य की वजह से शहर में उड़ रहे धूल

पानी छिड़काव से राहगीरों को नहीं मिल रही राहत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा का जिला मुख्यालय बिहार शरीफ इन दिनों जाम की समस्या से कराह रहा है। नित्य दिन रांची रोड स्थित भरावपर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। बावजूद जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस सजग नहीं है। रविवार को सरकारी दफ्तर में छुट्टी और कई प्रतिष्ठानों के बंद रहने के बावजूद भी शहर में जाम की समस्या देखी गई। जिसके कारण जाम में फंस कर लोग हलकान होते रहे। लहेरी थाना से लेकर भराव पर चौक उसके आगे एलआईसी ऑफिस तक और भरावपर चौक से रामचंद्रपुर मछली मंडी तक जाम की समस्या बनी रहती है।

उड़ते धूल से शहरवासी परेशानः स्मार्ट सिटी के तहत शहर में कई प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। जिसके कारण रोड में जहां तहां गड्ढे हो गए हैं। जिस वजह से धूल के गुब्बार उड़ते रहते हैं। हालांकि कंस्ट्रक्शन कंपनी ने पानी का छिड़काव भी किया, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है। पानी पड़ने के बाद कीचड़ और धूप निकलने के बाद धूल से शहरवासी परेशान रहते हैं।

पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गई हैः ट्रैफिक थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि शहर में चल रहे कंस्ट्रक्शन के काम के कारण ट्रैफिक रेगुलेट करने में परेशानी आ रही है। पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। ताकि जाम की समस्या उत्पन्न होने के उपरांत तुरंत ही इससे निजात दिलाया जा सकें।

दुष्कर्म के अफवाह मामले में लोगों ने किया सड़क जाम, 2 आरोपी गिरफ्तार

5 नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

निज संवाददाता। गया

गया के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत डेल्हा ओवरब्रिज के पास से स्थानीय पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी पर एक युवती के दुष्कर्म और हत्या का आरोप है। इसके अफवाह पर सड़क मार्ग जाम कर दिया गया था। इस मामले में 5 नामजद समेत 50 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज की गई थी। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद सिविल लाइंस थाना को लाई है। पकड़े गए सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

क्या था मामलाः सिविल लाइंस के मिर्जा गालिब मोड़ से लगभग 100 मीटर की दूरी पर नाजरेथ एकेडमी स्कूल के सामने एक जड़ी बूटी दुकान में आग लगा दी गई। स्थानीय लोगों ने आग इसलिए लगा दिया, उनका कहना था की जड़ी बूटी बेचने वाला एक लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के बाद पास के नाले में फेंक दिया है। इस तरह का अफवाह शहर में आग की तरह फैल गई थी। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, वहीं एक युवक को जड़ी बूटी दुकान के पास से पकड़ लिया गया था। पकड़े गए युवक पर आरोप लगाया जा रहा था कि इसी ने लड़की का दुष्कर्म करने के बाद नाले में फेंक दिया है। भीड़ बेकाबू हो रही थी इसे देखते हुए दंगा नियंत्रण वाहन से बड़ी संख्या रैफ के जवानों को बुलाया गया था। घटना की जानकारी सिविल लाइंस थाना के थाना अध्यक्ष ने एसएसपी को दिया, एसएसपी आशीष भारती को इस तरह की जानकारी मिलते हीं, उन्होंने नाले को खंगालने का निर्देश एसएचओ को दिया। जेसीबी से करीब 1 घंटे तक पुलिस नाले को खंगालती रही थी, हालांकि नाले से कुछ भी नहीं निकला।ब

हरहाल विष्णुपद थाना के नारायण चुआं का रहने वाला नीरज यादव नामक युवक को पुलिस ने इस घटना में हिरासत में लिया था। सिविल लाइंस थाना के थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मिर्जा गालिब मोड़ के समीप नाजरेथ एकेडमी स्कूल के पास नाले में दुष्कर्म कर एक युवती का शव फेंके जाने का अफवाह फैलाया गया था। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और हंगामा और सड़क जाम करने वाले स्थानीय लोगों की मांग पर नाले को खंगाला था। लेकिन नाले से कुछ भी नहीं निकला, महज यह अफवाह थी, 10 नाम जब 50 अज्ञात पर केस किया था जिसमें पांच कि गिरफ्तारी कर ली गई है।

उत्खनन में मिलने लगा मौर्य काल और गुप्तकाल का अवशेष

निज संवाददाता। नालंदा

मगध सम्राट अजातशत्रु किले के उत्खनन से मौर्य काल शुंग कुषाण काल और गुप्त काल के पहले की प्रमाणिकता मिलने लगी है। इससे उत्खनन कार्य में लगे पुरातत्व कर्मियों में काफी उत्साह है। उनमें लैंप स्टैंड, पैक खाने रखने के मिट्टी के ढक्कन युक्त बर्तन, हैंडल पॉल, टोटीदार मिट्टी के बर्तन, मिट्टी के कमंडल, घुंघरू, हाथी दांत के लॉकेट, श्रृंगार की वस्तुएं आदि मिली है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ संजय कुमार मंजुल और निदेशक डॉ अरविन मंजुल द्वारा उत्खनन कार्यों का शनिवार को बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण पुरातत्वविद् (उत्खनन) सुजीत नयन द्वारा उन्हें यहां मिल रहे पूरावशेषों के बारे में विस्तार से बताया गया। अतिरिक्त महानिदेशक ने निरीक्षण के दौरान बताया कि राजगीर के अजातशत्रु किला में पुराने काल के अवशेष मिल रहे हैं। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। उत्खनन करना उनकी अभिलाषा थी।

इतिहास और संस्कृति को जानने के लिए उत्खननः उन्होंने कहा राजगीर ऐसी जगह है जो नवीन और प्राक इतिहास को जोड़ता है। इसके गर्भ में कई काल खंड का इतिहास छिपा है। ऐतिहासिक साक्ष्यों को समझे बिना इतिहास को नहीं समझा जा सकता है। मगध साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को जानने के लिए यह उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किला के उत्खनन से अनेकों रहस्य उभर कर सामने आएंगे। उससे इसकी प्राचीनता और कालखंड का निर्धारण किया जायेगा। डॉ मंजुल ने कहा कि राजगीर संस्कृति और सभ्यता की आदि भूमि है। यहां की संस्कृति और सभ्यता जमींदोज हो चुकी है। उसे देश और दुनिया के सामने लाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा उत्खनन किया जा रहा है। राजगीर के इतिहास को सामने लाने से पर्यटन के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। उत्खनन वैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है। इसकी प्रॉपर रिकॉर्डिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि यह उत्खनन बहुत महत्वपूर्ण है। साइंटिफिक टेस्टिंग के बाद अवशेषों के बारे में सही ढंग से बताया जा सकेगा। अधीक्षण पुरातत्वविद् सुजीत नयन ने बताया कि अजातशत्रु किला के उत्खनन के दौरान चौकाने वाले अनेकों पुरावशेष मिलने लगे हैं। अद्भुत कला युक्त मृदभांड मिले हैं। गुप्तकाल के कम्पोजिट टॉयलेट, कम्पलेक्स मिला है। यह मगध के संस्कृति व परंपरा कि निशानी है।

खाद्य गोदाम से संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

निज संवाददाता। गया

शव के पास पड़े थे ईंट के छोटे-छोटे टुकड़े, गोदाम में युवक कैसे आया, चल रही जांच

गया शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गाबाड़ी रोड स्थित बिहार राज्य भंडार निगम में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना स्थानीय सिविल लाइंस थाना को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची तो देखा गोदाम के अंदर एक युवक मृत पड़ा है। खून के धब्बे भी हैं। ईंट और सीमेंट के छोटे-छोटे टुकड़े भी हैं। पुलिस घंटों छानबीन के बाद रात में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल को भेज दिया है। केदारनाथ मार्केट भुईयां टोली का रहने वाला रोहित कुमार सिविल लाइंस के बिहार राज्य भंडार निगम के अंदर खाद गोदाम तक कैसे पहुंचा, गोदाम में ताला लगे होने के बाद भी वो अंदर कैसे घुसा समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

सिर में गंभीर चोट लगी हैः सिविल लाइंस थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि सिविल लाइंस के दुर्गाबाड़ी के समीप बिहार राज्य निगम भंडार में खाद्य गोदाम में युवक के शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तो गोदाम में शव पड़ा था। उसके सिर में चोट थी। बुरी तरह घायल हो गया था। थाना अध्यक्ष ने बताया प्रथम दृष्टि में यह मामला दुर्घटना से संबंधित है। शव के पास सीमेंट लगे छोटे-छोटे ईंट के टुकड़े पड़े थे। जिससे प्रतीत हो रहा था कि युवक किसी तरह गोदाम में दाखिल होना चाह रहा होगा। इसी क्रम में ऊंचाई से गिरने के बाद सिर में लगी चोट से उसकी मौत हो गई है। मृतक केदारनाथ मार्केट भुईयां टोली का रहने वाला रोहित कुमार था।

संक्षिप्त समाचार

महिला कॉलेज विश्व उपभोक्ता दिवस मनाने के लिए पोस्टर कंपटीशन

आरा। महिला कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में विश्व उपभोक्ता दिवस मनाने के लिए पोस्टर कंपटीशन हुआ। इसमें प्रथम स्थान खुशी कुमारी, द्वितीय स्थान अदिति और तृतीय स्थान मधुमिता कुमारी ने प्राप्त किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मीना कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता होने के नाते अगर आपको खाना में अथवा पैकेट पर लिखी जानकारी में कोई भी गड़बड़ी दिखे तो आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं। झूठे विज्ञापन, खराब सामान और कीमत से जुड़ी किसी भी तरह की शिकायत के लिए आप बिना झिझक के आवाज उठा सकते हैं। संचालन विभाग अध्यक्ष डॉ सुप्रिया झा ने किया। उन्होंने छात्राओं को उपभोक्ता अधिकार के बारें में जानकारी दी। जैसे कि जीवन और संपत्ति के लिए खतरनाक वस्तुओं और सेवाओं से सुरक्षा का अधिकार , सूचना का अधिकार , यथासंभव, प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के चयन का अधिकार, उपभोक्ता क्षतिपूर्ति मंचों पर शिकायत दर्ज करने का अधिकार और अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ क्षतिपूर्ति की मांग करने का अधिकार शामिल है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमरेश कुमार ने किया।

दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को तीन वर्ष कारावास की सजा

आरा। आरा षष्टम अपर जिला एवं न्यायधीश सह पाक्सो न्यायालय के न्यायधीश अरविंद कुमार सिंह ने 15 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म का प्रयास करने के जुर्म में बिहिया थाना क्षेत्र के कटरिया गांव निवासी इंद्रसेन कुमार उर्फ शक्तिमान को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने इंद्रसेन को 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 14000 हजार रुपया अर्थदण्ड लगाया है। वह रमेश महतो का पुत्र है। पीड़ित पक्ष से पाक्सो की विशेष लोक अभियोजक पाक्सो सरोज कुमारी ने पक्ष रखा था। सरोज ने बताया कि 17 दिसंबर 2018 को बिहिया थाना क्षेत्र का इंद्रसेन कुमार जबरदस्ती नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ कर ले जा रहा था। जिसका विरोध लड़की द्वारा करने पर उसका कपड़ा फाड़ दिया और हाथ के नाखून से शरीर पर खरोंच दिया। किसी तरह लड़की जान बचा कर अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिवार को दी। पीड़िता की मां ने आरोपी के घर जाकर पूछताछ करने गई। तब आरोपी और उसका पिता ने पीड़िता के मां के साथ गाली-गलौज किया। जिसके बाद पीड़िता की मां ने थाना में पिता और पुत्र को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई करते हुए 6 गवाहों की गवाही के बाद इंद्रसेन कुमार उर्फ शक्तिमान को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी के पिता रमेश महतो को कड़ी फटकार लगाते हुए बरी कर दिया। पीड़िता को विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा 14000 रुपया देने के लिए कोर्ट के द्वारा कहा गया। सरकार के तरफ से 500000 हजार रुपया अनुदान देने का भी आदेश जारी किया है।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय सीनियर थ्रो- बॉल चैम्पियनशिप का चैम्पियन बना कर्नाटक

आरा। तीन दिवसीय 44 वीं राष्ट्रीय सीनियर थ्रो- बॉल चैम्पियनशिप का का समापन वीर कुंवर सिंह स्टेडियम आरा में शनिवार को हुआ। बिहार राज्य थ्रो-बॉल एसोसिएशन द्वारा इस चैम्पियनशिप का चैम्पियन, परुष एवं महिला दोनों वर्ग में कर्नाटक बना है। यह चैम्पियनशिप बिहार में पहली बार हुआ है। चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों से आये 17 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 10 पुरुष 7 महिला टीमों ने अपनी-अपनी प्रतिभा के अनुसार खेल का प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। चैम्पियनशिप के अंतिम दिन 8 मैच खेले गए। जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मैच पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच महिला वर्ग में कर्नाटक बनाम तेलंगाना के बीच हुआ जिसमें कर्नाटक विजेता बना। तीसरा सेमीफाइनल मैच बिहार बनाम तमिलनाडु के बीच खेला गया इसमें तमिलनाडु ने 2-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए तेलंगाना बनाम बिहार के बीच मैच हुआ। जिसमें तेलंगाना ने बिहार को पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में तीसरे स्थान के लिए मैच महाराष्ट्र बनाम तेलंगाना के बीच खेला गया। इसमें भी तेलंगाना ने महाराष्ट्र को 2-0 से हराया और तीसरे स्थान पर जगह बनाई।महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला कर्नाटक बनाम तमिलनाडु के बीच खेला गया। जिसमें कर्नाटक ने तमिलनाडु को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। पुरुष वर्ग में फाइनल मैच में कर्नाटक बनाम तमिलनाडु के बीच खेला गया। जिसमें कर्नाटक ने तमिलनाडु को 2- 0 से हराकर चैम्पियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच की मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह थी। डॉ कांति सिंह ने कहा कि खेल से बहुत सारे स्कोप है। आरा में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होना बहुत ही गर्व की बात है। रेफरी में आंध्र प्रदेश के महेश, कर्नाटक की किरण मिस्कीन, जम्मू कश्मीर के अहसान अली, तेलंगाना के बालाजी, महाराष्ट्र के सुशील तिवारी, कर्नाटक के कलवंत सर थे।

जब लोगों को सताया जाने लगता है, तब भगवान विविध रूपों में अवतार लेते हैं

आरा। श्रीसनातन शक्तिपीठ संस्थानम् द्वारा जगदेव नगर में श्रीमद्भागवत कथा हुआ। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते प्रख्यात भागवत वक्ता आचार्य डॉ भारतभूषण जी महाराजा ने कहा कि दूसरे के दुःख को दूर करने तथा समष्टि हित में निरत रहनेवाले महानुभाव भगवान के प्रिय होते हैं। प्रह्लाद जी ने हिरण्य कशिपु के प्रति पूरा आदर तथा शिष्टाचार का पालन किया, किन्तु सिद्धांत पर अडिग रहे। यही भक्त का लक्षण है। बड़े - बड़े चक्रवर्ती सम्राट भी भगवान के श्रीचरणों के आश्रित रहे और प्रजा सहित भगवच्चरणारविन्द मकरंदों का आस्वादन करते रहे। जब-जब वैदिक सनातन धर्म पर अधम अराजक आसुरी तत्वों का आक्रमण होने लगता है, और दुर्जनों के द्वारा सज्जनों को सताया जाने लगता है, तब - तब भगवान विविध रूपों में अवतार लेते हैं।

कर्मनाशा और शोणभद्र के बीच गंगा जी के दक्षिण तट को करूष और मलद प्रदेश कहा गया है। इन्हीं दोनों जनपदों को आजकल आरा और बक्सर के नाम से जाना जाता है। बक्सर सिद्धाश्रम-वामनाश्रम आदि नामों से भी पुराणों में प्रसिद्ध रहा है। भगवान वामन ने जहां बलि का आहरण किया उसे बलिहार कहा जाता है। महाभारत काल में पांडवों ने आरा में निवास किया था तथा भीमसेन ने बकासुर का वध किया था, जिसे आजकल बकरी कहा जाता है। कथा में आयोजन समिति के संयोजक बृजबिहारी सिंह, सचिव त्रिलोकी नाथ सिंह, वंशीधर पाण्डेय, प्रो रामनाथ राय, श्रीकृष्ण गुप्ता, वासुदेव सिंह, सुमंत सिंह, रामनारायण पांडेय, मधेश्वर नाथ पाण्डेय, जगदीप नारायण ओझा, बिटेश्वर राय, भुवन सिंह, ब्रह्मदेव राय, सुधीर कुमार, मानस प्रवक्ता श्रीनिवास चौबे शामिल थे।

रक्तदान कर समाज को दिया संदेश

बक्सर। रोट्रेक्ट क्लब एवं उज्वल महिला विकास केंद्र की ओर से रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व रोट्रेक्ट क्लब उज्वल महिला विकास केंद्र की अध्यक्षा कीर्ति कुशवाहा ने की। उन्होंने बताया कि कुल 13 लोगों ने शिविर में रक्तदान किया। रोट्रेक्ट क्लब के अध्यक्ष कीर्ति कुशवाहा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपके द्वारा दान में दिया गया रक्त से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। दुर्घटना या किसी बीमारी के वक्त रक्त की आवश्यकता होती है उस समय रक्तदान की अहमियत का पता चलता है। रोट्रेक्ट क्लब के चेयरपर्सन मीना सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों को रक्तदान आवश्यक करना चाहिए। यह इंसानियत के लिए नेक कार्य है। आज के समय में असहाय लोगों की सेवा करना बड़ा पुनीत कार्य है। एक खून ही है जो हम सबको एक बंधन में बांधे हुए है, जिसमें कोई जाति-धर्म या समुदाय दिखाई नहीं देता है। रोट्रेक्ट क्लब के कोऑर्डिनेटर रमाशंकर कुशवाहा ने कहा कि युवाओं को ऐसे पुनीत कार्य में आगे आना चाहिए, ताकि समाज में एकता का भावना पैदा हो सके। रक्तदान करने से हम किसी की जान बचा सकते हैं। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से रेड क्रॉस के सचिव श्रवण तिवारी आदि थे।

संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव खेत से बरामद

बहन की सगाई में जाने के लिए कपड़ा खरीदने निकला था, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले में घर से कपड़ा खरीदने के लिए बाजार निकले एक चालक का शव बरामद हुआ है। उसका शव चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव स्थित पोखरे के पास रविवार की दोपहर बरामद हुआ है। मृत किशोर चांदी थाना क्षेत्र के खानगांव गांव निवासी पप्पू रवानी का 17 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है एवं वह पेशे से ट्रैक्टर चालक था। इधर, मृत चालक की चाची सोनम देवी ने बताया कि आज उसकी बहन आशा देवी का आरा शहर में छेका जाने वाला था। इसको लेकर वह रविवार की सुबह करीब दस बजे घर में बोलकर निकला था कि मैं कपड़ा खरीदने जा रहा हूं। कुछ देर बीत जाने के बाद जब उसकी मां ने

उसके मोबाइल पर फोन किया तो उसने कहा कि मैं एक ट्रैक्टर बालू गिराकर वापस आता हूं। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति द्वारा फोन कर उन्हें सूचना दी गई कि आपके घर का गोलू नाम का लड़का लोदीपुर गांव स्थित पोखरे के पास बेहोश पड़ा है। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद परिजन उसे आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देखा और उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही शव वापस गांव ले गए। वहीं, दूसरी ओर मृत चालक की चाची सोनम देवी ने गांव में उसका किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की दुश्मनी और विवाद की बातों से साफ इनकार किया है। इसके अलावा उनके द्वारा किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का आरोप या आशंका भी नहीं जताई गई है। हालांकि मृत चालक की मौत कैसे हुई। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

चौसा में विभूति एक्सप्रेस के ठहराव पर मनाया जश्न

युवाओं ने फूल-माला से किया गया गार्ड और ड्राइवर का स्वागत

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा स्टेशन पर प्रयागराज से हावड़ा तक चलने वाली विभूति एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। शनिवार देर रात जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म नबर एक पर लगी, वैसे ही स्थानीय उप चेयरमैन प्रतिनिधि विकास राज और अन्य लोगों ने ट्रेन के चालक और गार्ड का स्वागत फूल माला पहना कर किया। इस दौरान दर्जनों युवाओं ने ताली बजाकर और मिठाई खिलाकर सभी का स्वागत किया। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि काफी मांग के बाद रेल मंत्रालय की ओर से चौसा स्टेशन पर एक अच्छी ट्रेन का ठहराव दिया गया है। वहीं युवक विकास राज ने कहा कि सरकार की इस पहल से हम लोग बहुत खुश है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री और रेल मंत्री की पहल पर भारत अमृत स्टेशन योजना के तहत चौसा स्टेशन को सुंदर बनाने के लिए शिलान्यास किया गया। अब प्रयागराज से हावड़ा को जाने वाली ट्रेन का ठहराव देकर दूसरी खुशी दे दी है। हालांकि कई लोगों ने कहा कि काशी-पटना जन

शताब्दी और श्रमजीवी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी की गई है। जो अभी पूरी नहीं हुई है। इसके लिए मंत्री और रेल विभाग से मांग की गई है। बता दे की गुरुवार की शाम रेल मंत्रालय की ओर से बक्सर के रेल यात्रियों के लिए यह सूचना जारी की गई थी। इसमें बक्सर रघुनाथपुर और चौसा में कुल तीन ट्रेनों के ठहराव की मंजूरी दी गई। इसके लिए बक्सर, चौसा और रघुनाथपुर के लोगों ने रेल मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। जारी की गई अधिसूचना में बक्सर स्टेशन पर इंदौर पटना एक्सप्रेस, रघुनाथपुर में लोकमान्य तिलक और चौसा में हावड़ा-प्रयागराज विभूति के ठहराव की अनुमति मिली।

चलती ट्रेन से उचक्कों ने खींचा हाथ, गिरकर जख्मी

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर शनिवार को मोबाइल छिनतई के दौरान एक किशोर को उचक्कों ने चलती ट्रेन से खींच लिया। जिससे वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आरा रेल थाना पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। रेल थाना ने इसकी सूचना घायल किशोर के परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। घायल किशोर टाउन थाना क्षेत्र के मीराचक मोहल्ला निवासी शत्रुघन पांडेय का 15 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार है। वह 8वीं क्लास का छात्र है। इधर, जख्मी किशोर अंकित ने बताया कि शुक्रवार को वह आरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन पर सवार होकर बक्सर जिला के डुमरांव गांव अपने मौसी सुषमा के घर घूमने गया था।

शिक्षक और बर्गर दुकानदार की पिटाई

पुराने विवाद को लेकर की गई मारपीट, डंडे से हमला कर दोनों को किया घायल

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम मारपीट के दौरान शिक्षक समेत दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली घटना धोबहां ओपी अंतर्गत धोबहां बाजार पर पानी भरने के पूर्व के विवाद में एक युवक ने बक्सर निवासी नाश्ता दुकानदार को डंडे से मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस की मदद से जख्मी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी दुकानदार बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के सिहीनपूरा गांव निवासी भोला चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र देव

कुमार चौधरी है। इधर, जख्मी देव कुमार ने बताया कि वह करीब दो वर्षों से धोबहां बाजार पर बर्गर-चाऊमीन की दुकान लगता है। दो महीने पूर्व चापाकल पर पानी भरने से उसने एक दुकानदार को मना कर दिया था। क्योंकि उसने चापाकल बनाने के लिए रिंच नहीं दी थी । इसी बात को लेकर वह हमेशा गाली-गलौज करता रहता था। जब आज अपने दुकान पर बर्गर बना रहे थे तभी उक्त युवक ने डंडे से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी युवक का इलाज आरा से अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना बाद पुलिस मामले ने उक्त युवक को पकड़ लिया है।

कचरा फेंकने का विरोध करते थे जख्मी शिक्षकः उदवंत नगर थाना क्षेत्र के उदवंत नगर गांव में घर में कचरा फेंकने के विवाद को लेकर बदमाशों ने एक शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी, इसके बाद अन्य लोगों की मदद से जख्मी हालत में शिक्षक को आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

बदमाशों को फटकार लगाई थीः जख्मी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सखुआ गांव निवासी राम इकबाल ठाकुर के 49 वर्षीय पुत्र राधेश्याम ठाकुर हैं। इधर, जख्मी ने बताया कि वह उदवंतनगर प्रखंड के नीमा पश्चिम प्राथमिक मध्य विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ बदमाश घर में कचरा फेंक देते थे। जिनका विरोध करते हुए फटकार लगाई थी। जब हम घर जा रहे थे तभी उक्त लड़कों ने पिटाई कर दी। इसके बाद उन्होंने इसकी लिखित शिकायत संबंधित थाने को दी है। घटना बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूर्व मुखिया को गोली मारने वाला गिरफ्तार

पान की गुमटी पर तीन राउंड की थी फायरिंग, पहले के विवाद को लेकर वारदात

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र सरैया गांव के मठिया स्थित पान दुकान पर शनिवार की शाम हथियारबंद बदमाशों ने पूर्व मुखिया सह शिक्षक को गोली मारी थी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आरोपित सरैया गांव निवासी स्वर्गीय श्रीभगवान यादव का पुत्र मुनमुन यादव है। 2 वर्ष पूर्व सरस्वती पूजा के दौरान हुए विवाद को लेकर उक्त आरोपी ने पूर्व मुखिया सह शिक्षक को गोली मारी थी।

घर लौटने के दौरान हादसाः जख्मी शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी स्वर्गीय मुखी राम के 49 वर्षीय पुत्र पूर्व मुखिया सह शिक्षक अशोक कुमार हैं। वह शाहपुर प्रखंड के बिलौटी पंचायत के पूर्व मुखिया थे। वर्तमान में शाहपुर

प्रखंड के हरिहरपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। पूर्व मुखिया अशोक कुमार 2006 में बिलौटी पंचायत से चुनाव जीते थे और 2006 से 2011 तक बिलौटी पंचायत के मुखिया थे। जख्मी के अनुसार प्रतिदिन की तरह शनिवार की शाम अपने विद्यालय से छुट्टी के बाद बाइक से वापस घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में सरैया गांव के मठिया स्थित पान की दुकान पर बाइक रोकर पान खा रहे थे। तभी एक युवक दौड़ कर आया और उन्हें गोली मार दी। करीब तीन राउंड फायरिंग की। तभी वह भाग कर गुमटी के पीछे छुप गए। इसके बाद आरोपित वहां से भाग गए। गोली लगने के कारण खून से लटपट होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है ।

कमर में गोली लगी थीः एसपी प्रमोद कुमार ने बताया की बिलौटी सरैया पंचायत के रहने वाले अशोक राम को पूर्व के विवाद में उनके पंचायत के रहने वाले मुनमुन यादव ने कमर में गोली मारी थी। घटना की सूचना प्राप्त होते हैं। पुलिस जगह-जगह चेकिंग करने लगी, जिसके क्रम में अभियुक्त को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पास से एक जिंदा कारतूस, एक पिस्टल बरामद कर लिया गया। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। इस घटना में शामिल एकमात्र अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के गोलंबर के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी एक बाइक पर दो दोस्त सवार होकर गोलंबर के रास्ते यूपी जा रहे थे। तभी गोलंबर के पास ही दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार एक युवक उछल कर सड़क के बीच में जा गिरा। जिसे तेज रफ्तार रही बोलेरो ने रौंद दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने युवक को सड़क से उठा बक्सर के सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों का हालत रो-रोकर बुरा है।

तेज रफ्तार बोलेरों ने कुचलाः जानकारी के अनुसार रामरेखा घाट के बिकाऊ यादव का पुत्र सोनू यादव (25) और उसका दोस्त रौशन

सड़क पर गिरते ही तेज रफ्तार कार ने रौंदा

कुमार बाइक से यूपी के भरौली जा रहे थे। सोनू भरौली में दुकान चलाता है। जहां युवक गोलंबर से यूपी जा रहा था, इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई। सोनु उछलते हुए पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बोलरो आगे गिर गया। बोलेरो वाहन चालक कुछ समझ पाता तब तक उसकी वाहन युवक के ऊपर चढ़ गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सोनु को सड़क से उठा सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जांच में जुटी पुलिसः नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों के द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद मामले में जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लंबे संघर्ष के बाद बना था जिला

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर को आज के दिन साल 1991 में 11 साल के लंबे संघर्ष के बाद जिला का दर्जा मिला था। जिला भर के लोग इस दिन को बहुत ही धूम-धाम से मनाते आ रहे है। इस साल दिन को खास बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुबह 6 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला वासी कई जगहों पर केक काटकर जिले का जन्म दिवस मनाएंगे। बक्सर जिला को बिहार के प्रवेश द्वार के नाम से भी जाना जाता है। यह जिला पहले भोजपुर जिला के अंतर्गत आता था। इसको पहले अनुमंडल फिर जिला घोषित किया गया। वहीं इसके पहले डीएम दीपक कुमार बने थे। आज स्थापना दिवस के दिन जिला में सबसे पहले सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। जो कि किला मैदान से जेल घाट तक चलेगी। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान, रक्तदान कार्यक्रम आदि कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

प्राचीन काल में व्याघ्रसर के नाम से जाना जाता थाः इसके इतिहास की बात करे तो यहां प्रथम युद्ध मुगल सम्राट हुमायूं और अफगान शासक शेरशाह सूरी के बीच 26 जून 1539 को चौसा के मैदान में लड़ा गया था। बिहार के पश्चिमी भाग में गंगा नदी के किनारे स्थित यह जिला ऐतिहासिक और



धार्मिक धरोहरों को अपने में समेटे हुए है। यहां की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से खेती पर आधारित है। प्राचीन काल में बक्सर का नाम व्याघ्रसर था क्योंकि उस समय यहां पर बाघों का निवास हुआ करता था। बक्सर में गुरु विश्वामित्र का आश्रम भी था। जहां पर राम और लक्ष्मण ने प्रारंभिक शिक्षा और प्रशिक्षण लिया था।

रामरेखा घाट पर हर साल लाखों लोगों करते है स्नानः गंगा किनारे स्थित प्रसिद्ध रामरेखा घाट है। जहां पर हर साल लाखों लोगो गंगा स्नान करने आते है।

ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व से पूरे विश्व में है विख्यात

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए लोगों की भीड़ ऐसी उमड़ती है कि पूरा घाट पटा हुआ नजर आता है। वहीं मांगलिक कार्य जैसे मुंडन संस्कार के लिए कई जिलों से लोग यहां आते है। इसके साथ ही जिला की धार्मिक पहचान ब्रह्मपुर स्थिति ब्रमेश्वर नाथ शिव मंदिर है। जहां 12 महीने भक्तों का ताता लगा ही रहता है। इसके अलावा नाथ बाबा मंदिर, नौ लखा मंदिर, रानी घाट पर स्थिति रानी कुआं, बक्सर लड़ाई का मैदान, रुद्र देव का किला, चौसा की लड़ाई का मैदान आदि कई धरोहर है।

लिट्टी चोखा का लगता है प्रसिद्ध मेलाः पौराणिक कथा में ऐसा कहा जाता है कि त्रेता युग में ऋषि विश्वामित्र के साथ भगवान राम जब अपने भाई लक्ष्मण के साथ बक्सर आए थे। उस वक्त उन्होंने ताड़का, सुबाहु और मारीच जैसे राक्षसों का वध कर इस भूमि को राक्षसों से मुक्त कराया था। नारी हत्या दोष से मुक्ति पाने के लिए भगवान राम ने 5 कोस की पंचकोशी यात्रा की शुरुआत की थी। इस क्रम में भगवान राम सबसे पहले गौतम ऋषि आश्रम अहिरौली पहुंचे थे। जहां पर पत्थर रूपी अहिल्या का उन्होंने उद्धार किया था। यात्रा के दूसरे पड़ाव में नारद मुनि के आश्रम नदाव, तीसरे पड़ाव में भार्गव ऋषि के आश्रम भभुअर, चौथे पड़ाव में उद्दालक ऋषि के आश्रम उनवास और अपने यात्रा के अंतिम पड़ाव में विश्वामित्र आश्रम चरित्रवन वन बक्सर पहुंचकर उन्होंने लिट्टी चोखा खाया था। तब से लेकर आज तक यह परंपरा चली आ रही है।पांचवे पड़ाव पर आज के समय भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे है और यहां लिट्टी चोखा भगवान को भोग लगाते है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

न्याय यात्रा के समापन को लेकर विशाल रैली का किया गया आयोजन

बिहार देगा चौंकाने वाला रिजल्ट, सीट शेयरिंग पर राहुल से हो सकती है बात : तेजस्वी यादव

- समापन समारोह में तेजस्वी यादव के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव होंगे शामिल

कांग्रेस भी सम्मानजनक समझौता चाहती है

कांग्रेस इलेक्शन कमेटी और स्क्रीनिंग कमेटी में यह बात उठी कि कांग्रेस के साथ सम्मानजनक समझौता हो। कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शरबत जहां, मुन्ना तिवारी ने बैठक में यह सवाल उठाया। कांग्रेस 10 सीटों की मांग कर रही है। हालांकि, आरजेडी और लेफ्ट की मदद से फिर से राज्यसभा गए अखिलेश ने कहा कि इसमें कुछ आगे-पीछे हो सकता है। सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और सोनिया गांधी को अधिकृत कर दिया है।

निज संवाददाता

पटना। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 63 दिन बाद महाराष्ट्र के मुंबई में समापन हो रहा है। न्याय यात्रा के समापन को लेकर शिवाजी पार्क में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी शामिल हो रहे हैं। साथ ही माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य शामिल हो रहे हैं। मुंबई रवाना होने से पहले पटना में रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग बहुत ही कॉन्फिडेंट हैं। हमलोगों की पूरी तैयारी है। बिहार इस बार चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। माना जा रहा है कि बिहार में सीट शेयरिंग को लेकर फंसा पेंच सुलझ सकता है। तेजस्वी और राहुल गांधी के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बात हो सकती है। इंडी गठबंधन में शामिल माले ने जहां 8 सीटों की डिमांड की है। वहीं कांग्रेस 10 सीटों पर लड़ना चाहती है। बहुत संभव है महागठबंधन या गठबंधन इंडिया के शीर्ष नेता आपस में सीट शेयरिंग पर फंसे पेंच को भी खत्म करेंगे। समापन समारोह में तेजस्वी के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे। शिवसेना (UBT), NCP (शरद गुट), आम आदमी पार्टी (AAP) सहित I.N.D.I.A ब्लॉक की अन्य पार्टियों के नेता भी पहुंचेंगे। इस रैली को विपक्ष का शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। पटना एयरपोर्ट पर तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। हालांकि कई टीवी चैनलों ने अपना सर्वे किया है, यह उनका काम है। लेकिन चौंकाने वाला शब्द हम इसलिए कह रहे हैं कि अंडर करंट बिहार के लोगों में काफी दिख रहा है। लोगों में 17 साल बनाम 17 महीने दिख रहा है। केंद्र सरकार ने बिहार के लिए क्या काम किया। हम लोगों की पुरानी मांग रही और हम लोगों ने 75 फीसदी आरक्षण सीमा बढ़ाई। इसे शेड्यूल-9 अनुसूची में शामिल नहीं किया गया। अब भाजपा के साथ जाने पर नीतीश कुमार कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। मैं नीतीश कुमार की मजबूरियां समझ रहा हूं, लेकिन जो काम हम लोगों ने किया और जिसका समर्थन सभी ने किया उस आरक्षण को शेड्यूल 9 में तो करवाना चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने हम लोगों को मुंबई के लिए निमंत्रण दिया है हम वहां जा रहे हैं। बीपीएससी शिक्षक भर्ती मामले पर कहा कि देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एडमिट कार्ड के पीछे आंसर लिखा हुआ हो। हमारी 17 महीने की सरकार में ऐसा कुछ नहीं हुआ। 70 दिनों के अंदर 2 लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र हम लोगों ने दिया। भाजपा का जहां-जहां राज है वहां वहां पेपर लीक हुआ है।

माले ने पाटलिपुत्र सहित आठ सीटों की मांग रख चुकी है

बिहार में खास तौर से माले ने अपनी मांग में पाटलिपुत्र सीट को सिर्फ शामिल ही नहीं किया है, बल्कि वहां से संदीप सौरभ के नाम का प्रस्ताव भी सामने कर दिया है। माले ने पांच सीट की बजाय आठ सीट मांग कर दी है। ये आठ सीटें हैं आरा, सीवान, काराकाट, कटिहार, पाटलिपुत्रा, जहानाबाद, नालंदा और वाल्मीकि नगर। माले ने रविवार को प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि सीट बंटवारे में देर ठीक नहीं। तेजस्वी यादव लगातार बिहार में जाति गणना कराने में का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में आरक्षण का दायरा 75 फीसदी तक नीतीश-तेजस्वी सरकार ने किया। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी देश में जाति गणना की मांग कर रहे हैं। वे लगातार यह भी कह रहे हैं कि देश की 88 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदायों से है। इसके बावजूद प्रशासन, न्यायपालिका, पत्रकारिता सहित तमाम क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बहुत कम है। गांधी मैदान में हुई जन विश्वास रैली में शामिल होने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा नेता अखिलेश प्रसाद सिंह आदि आए थे। उसमें खासी भीड़ जुटी थी। उस बड़े आयोजन के बाद राहुल बड़ा आयोजन मुंबई में कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा भी हो चुकी है। इसलिए इसकी उम्मीद है कि लोकसभा की सीटों का बंटवारा आपस में जल्द कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है, लेकिन बिहार में न तो अब तक एनडीए में सीट बंटवारा हो पाया है और न ही महागठबंधन में। एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर अंतिम दौर की बातचीत चल रही है। जानकारी है कि बिहार में बीजेपी की लिस्ट फाइनल हो गई है। इस बीच जेडीयू ने भी अपने लोकसभा उम्मीदवारों को लेकर आज बैठक बुलाई है। यह बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एक अणे मार्ग में चल रही है।

ज्वेलरी व्यवसायी से हथियार के दम पर एक किलो चांदी और 50 हजार नगद की लूट

हाथ-पैर बांधकर मुंह पर टेप लगाकर ज्वेलरी व्यवसायी से लूट

निज संवाददाता

बांका। बांका में रविवार को दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। बाइक सवार 3 अपराधियों ने हथियार के दम पर ज्वेलरी व्यवसायी से लूट की है। घटना बाराहाट थाना क्षेत्र की है। बदमाशों ने पहले हथियार के बल पर व्यवसायी के हाथ-पैर को रस्सी से बांधा। इसके बाद मुंह पर टेप लगाकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। दिनदहाड़े लूट की वारदात से दहशत फैल गई है। पीड़ित ने 1 किलो चांदी और 50 हजार नगद लूट लेने का आरोप लगाया है। वहीं घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। पुलिस द्वारा आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वहीं, मौके पर स्थित एक सीसीटीवी फुटेज में बाइक से 3 बदमाश भागते हुए दिखाई दे रहा है। घटना रविवार 10 बजे के करीब की है। ज्वेलरी व्यवसायी रमेश चौधरी ने बताया कि तीन युवक दुकान के अंदर अचानक घुसे। हथियार सटाकर मुझे कहा कि जान प्यारी है तो चुपचाप रहो। इसके बाद तीनों ने पहले मेरा हाथ और पैर बांध दिया। इसके बाद मुंह पर टेप लगा दिया। फिर दूसरे कमरे में ले जाकर बंद कर दिया। लूटने के बाद तीनों ने दुकान के आगे का शटर गिरा कर मौके से फरार हो गया। इस घटना की अगल-बगल वालों को भनक तक नहीं हो पाई। घटना के बाद जब दुकान के पास किसी को चहल-पहल नहीं हुई तो लोगों को शक हुआ। इसके बाद मौके पर लोग पहुंचना शुरू हो गए। फिर घटना की जानकारी हुई और लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके बाद स्थानीयों ने पीड़ित के हाथ-पैर की रस्सी को खोला फिर मुंह से टेप हटाकर सारी जानकारी ली। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बाराहाट पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे मामले को जाना और छानबीन में जुटी। वहीं लूट की घटना को जहां पर अंजाम दिया गया है, उसके आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। बाराहाट थानाध्यक्ष दीपक पासवान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रहे हैं। पुलिस हर बिंदुओं पर छानबीन कर जांच पड़ताल कर रही है।

टैंक लोरी ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

कटिहार (नि.सं.)। सहायक थाना क्षेत्र के मनिहारी मोड़ के पास रविवार को टैंक लोरी और बाइक के बीच टक्कर से 24 साल के युवक की मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद पुलिस ने टैंक लोरी को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शव की पहचान कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल पहुंचे मृतक गौतम कुमार के चाचा सुमित सिंह ने बताया कि वह अपने घर बारी कांत नगर से कटिहार किसी काम से जा रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंक लोरी ने गौतम को कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने भाग रहे वाहन चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। बता दें कि मृतक की शादी बीते 7 फरवरी 2024 को पूर्णिया में हुई थी।

पार्टी ने दी है बड़ी जिम्मेवारी, होगा विकास कार्य : पंचायती राज्य मंत्री केदार गुप्ता

निज संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली बार शहर पहुंचे कुढ़नी के विधायक और नवनियुक्त पंचायती राज्य मंत्री केदार गुप्ता का बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर केदार गुप्ता ने कहा कि उन्हें पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी दी है। जिसके अपेक्षा और जनता की उम्मीदों पर वह खड़ा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। नीतीश सरकार के कैबिनेट विस्तार में मंत्री बनाए गए मुजफ्फरपुर के कुढ़नी से बीजेपी के विधायक केदार प्रसाद गुप्ता मंत्री बनने के बाद मुजफ्फरपुर पहुंचे। मुजफ्फरपुर पहुंचने के बाद केदार गुप्ता का उनके समर्थकों ने ढोल-नगाड़े बजाकर जोरदार स्वागत किया। शहर के कई मंदिरों में मत्था टेकने पहुंचे। इसके अलावे अपने घर के बगल में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर भी उन्होंने माल्यार्पण भी किया। मंत्री बनने के बाद केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अब ज्यादा विकास कार्य होगा। केदार प्रसाद गुप्ता ने भाजपा आला कमान और नीतीश कुमार का आभार जताया है। पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित के बेटों को मंत्री बनाया गया है। सही मायने में यह सब का साथ सबका विकास है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी दी है। अब वह जी जान से लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरपुर संसदीय सीट पर एनडीए के प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका पूरा समाज बीजेपी और एनडीए के साथ मजबूती के साथ खड़ा है।

खनन विभाग की टीम पर पथराव मामले में दो गिरफ्तार

लखीसराय (नि.सं.)। लखीसराय में एसआईटी टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। 14 मार्च को तेतरहट थाना क्षेत्र के शरमा गांव के पास अवैध खनन को लेकर छापेमारी के दौरान खनन विभाग की टीम पर पथराव मामले में कार्रवाई करते हुए शरमा गांव के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में रमन सिंह और मनीष सिंह शामिल है। दोनों अपराधी पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि खनन विभाग को सूचना मिली थी कि शरमा बालू घाट से लगातार अवैध खनन की जा रही है। इसकी सूचना पर टीम छापेमारी करने पहुंची। बालू माफिया ने खनन विभाग की टीम पर पथराव कर दिया था। घटना में तीन जवान घायल हो गए थे जबकि गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। घटना के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया।

जेल से बाहर चुनाव प्रभावित करने वाले 215 लोग होंगे थाना बदर

जेल में बंद 11 अपराधियों पर लगेगा गुंडा एक्ट, 8,332 लोगों पर 107 की कार्रवाई, 4513 लोगों से भड़वाया गया बांड

निज संवाददाता

समस्तीपुर। जेल में रहते हुए चुनाव को प्रभावित करने की हैसियत रखने वाले 11 कुख्यात बदमाशों पर गुंडा एक्ट (सीसीए-12) के तहत जिला बदर करने के लिए पुलिस प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा है। जिसकी सम्पुष्टी के लिए हाईकोर्ट भेजा जाएगा। इसके साथ ही जिला पुलिस प्रशासन जेल से बाहर रहने वाले 215 बदमाशों पर भी गुंडा एक्ट (सीसीए-3) के तहत थाना बदर करने के लिए प्रस्ताव जिला प्रशासन को दिया है। दोनों मामले में डीएम के आदेश के बाद प्रस्ताव को हाईकोर्ट भेजा जाएगा। हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के साथ इन बदमाशों पर जिला और थाना बदर की कार्रवाई की जाएगी। एसपी संजय पांडेय ने बताया कि चुनाव को देखते हुए अबतक शांति फैलाने के शक पर 8332 लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है। वहीं 4513 लोगों से बांड भड़वाया गया है। एसपी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही अब तक 1206 लाइसेंस का सत्यापन किया गया है। साथ ही चुनाव के दौरान शांति को भंग करने के शक पर 11 बहुबलियों के लाइसेंस को रद्द किया गया है। इसके साथ ही दियारा क्षेत्रों में गश्ती के लिए 6 मोटर बोट और दो सेक्शन घुड़सवार पुलिस की भी व्यवस्था गश्ती के लिए की गई है। ताकि दियारा में विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो। ताजपुर के मो. महबूब, गणेशी सहनी, मुसरीघरारी के मुरारी कुमार झा, प्रभात कुमार, बिट्टू चौधरी, मथुरापुर के सुनील राय, हथौड़ी के प्रकाश गौरव, चकमेहसी के प्रवीण सहनी, निजर कुमार, मो. अहमद, पटोरी के मनीष कुमार पांडेय, सिंघिया का अशोक कुमार गुप्ता, शशिकांमत मुखिया, खानपुर अंशु यादव, भिभिषण महतो, कुंदन कुमार बंगरा का लाल बाबू महतो, मुफस्सिल का संजीव कुमार, हलई का बैजनाथ सहनी, श्रवण पंडित, जीवन सिंह व अमन राज शामिल है। जिसे जिला बदर कर दिया गया है।

कार से 42 बोतल विदेशी शराब बरामद, शराब माफिया फरार

निज संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया में राजद का झंडा लगाकर लग्जरी कार से शराब की तस्करी की जा रही थी। पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए शराब माफिया ने शराब तस्करी का ये तरीका अपनाया था। पुलिस ने राजीव साह के भवानीपुर के धत्ताटोला स्थित घर में खड़ी टाटा हैरियर कार से विदेशी शराब की विभिन्न ब्रांडों की 42 बोतल बरामद की। भवानीपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर धंधेबाज के घर छापेमारी की। जिसके बाद राजद के झंडा लगे लग्जरी कार समेत शराब की खेप को जब्त कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए भवानीपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष संजीव रंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राजीव साह अवैध शराब की खेप लेकर अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलने के साथ धंधेबाज के घर छापेमारी की गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान घर से सभी लोग भाग निकले थे। भारी थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के क्रम में राजीव साह के घर में राजद का झंडा लगे बीआर 11एआर3025 नम्बर प्लेट वाली टाटा हैरियर कार से अवैध शराब बरामद की गई। कार में 42 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की बोतलें रखी थी। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि कार समेत शराब की खेप को जब्त कर थाना लाया गया है। इसके साथ ही पुलिस शराब माफिया की गिरफ्तारी में जुट गई है। शराब माफिया राजीव साह इससे पहले भी कई बार शराब की खेप के साथ पकड़ा जा चुका है। इसके बावजूद राजीव साह अवैध रूप से शराब का धंधा चला रहा है। इसके इस धंधे में उसके परिवार के सभी सदस्य भी संलिप्त हैं। कुछ दिनों पहले ही राजीव साह के दोनों बेटे सुजीत कुमार और अजित कुमार के घर से भवानीपुर पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप पकड़ी थी। इसके कुछ दिनों बाद ही राजीव साह की पत्नी वीणा देवी के नाम से रजिस्टर्ड हाइवा से बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप पकड़ी गई थी।

शराब के साथ सात तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

भागलपुर। होली में शराब खपाने से पहले ही खेप पकड़ी गई। सात तस्कर भी गिरफ्तार हुए हैं। पुलिस को सूचना मिली की सबौर थाना क्षेत्र होकर शराब की बड़ी खेप गुजरने वाली है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करते हुए एसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के निगरानी में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सबौर थाना क्षेत्र में वाहनों की जांच शुरू की। तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो और कार को जब जांच के लिए रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगे, पर वे पकड़े गए। पुलिस ने जब तलाशी ली तो भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। शराब होली में खपाने के लिए भागलपुर के रास्ते नवगछिया होकर मधेपुरा जाने वाली थी। गिरफ्तार तस्कर की पहचान उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के बिंदेश्वरी ठाकुर का पुत्र पांडव कुमार, चौसा थाना क्षेत्र के सुरेश यादव का पुत्र शंकर यादव, उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के बेचन यादव का पुत्र नीतीश कुमार, बाबू साहेब का पुत्र आरुष राज, लाल यादव का पुत्र गौरव कुमार, मनोज यादव का पुत्र सुमन कुमार शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 204 लीटर विदेशी शराब एक कार 7 मोबाइल समेत 13500 रुपए बरामद किया है।

हथियार तस्करी मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

जमुई। जमुई के खैरा थाना क्षेत्र के खैरा से पुलिस ने चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 7.6 mm के एक पिस्टल,तीन कारतूस,दो मैगजीन सहित चार मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने इन हथियार तस्करों को काफी दिनों से तलाश थी। सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया की गुप्त सूचना मिली कि हथियार तस्कर हथियार की खरीद फरोख्त कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना मिलने के बाद जमुई एसपी के निर्देश पर एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक पिस्टल,तीन कारतूस,दो मैगजीन और चार मोबाइल इन लोगों के पास से बरामद किया है। इनकी गिरफ्तारी से आर्म्स की अवैध खरीद परोस पर रोक लगेगी। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही। जिससे इनसे जुड़े आर्म्स सप्लायर रैकेट का खुलासा करेगी। पुलिस गिरफ्तार अपराधी के इतिहास को भी खंगाल रही है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान संजीव कुमार ताती उर्फ गौतम तांती, श्री विनोद तांती सुबोध कुमार और नरेश पंडित के रूप में हुई है। सभी खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले हैं।पुलिस ने बताया कि चारों हथियार तस्कर ने हथियार तस्करी को लेकर अपनी संलिप्ता स्वीकार की है।पुलिस ने चारो को जेल भेज दिया। एसडीपीओ ने बताया कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी लोकसभा चुनाव के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण है। जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उन्होंने हथियार की खरीद कहां से की या इनका संबंध किसी अवैध हथियार निर्माण गिरोह से है, पुलिस इसकी भी छानबीन कर रही है। गौरतलब हो की लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस की चौकसी काफी बढ़ गई है।

डंपिंग स्थल को व्यवस्थित करने में 38.35 करोड़ रुपये होंगे खर्च, निगम ने विभाग को भेजा पत्र

निज संवाददाता

दरभंगा। बेनीपुर में डंपिंग स्थल के लिए आवंटित भूमि के कायाकल्प पर 38.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विभाग ने इसका तकनीकी अनुमोदन दे दिया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर डीपीआर के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। इसे लेकर निगम प्रशासन ने विभाग को पत्र भेजा है। ग्राउंड को कचरा डंप करने लायक बनाने के साथ वहां अन्य कार्य होंगे। ग्राउंड को सुरक्षित करने के लिए चहारदीवारी बनाई जाएगी। कार्यालय के लिए भवन निर्माण, वाहनों के आने-जाने के लिए रास्ता बनाने, बिजली के लिए ट्रांसफार्मर बैठाने, डंप करकट और मिक्सचर से निकले तरल से खाद्य तैयार करने के लिए चेंबर निर्माण आदि कार्य शामिल है। चहारदीवारी निर्माण पर 2 करोड़, प्रशासनिक भवन पर 1.5, आंतरिक रोड पर 1.10 करोड़, कल्वर्ट पर 10.25 करोड़, लीचेज टैंक पर 15.5, विद्युतीकरण ट्रांसफार्मर के साथ 50 लाख और अन्य आधारभूत संरचना पर 7.50 करोड़ खर्च आएगा। बेनीपुर प्रखंड के गणेश बनौल बेलनी में निगम को निःशुल्क 10 एकड़ भूखंड हस्तांतरित है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग से निगम को सशर्त यह जमीन हस्तानांतरित हुई है। डीएम ने निगम को पत्र के माध्यम से सूचित किया है। जिस प्रयोजन के लिये भूमि दी जा रही है, उसके लिये उपयोगी नहीं रहने पर भूमि स्वतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को वापस हो जायेगी।नगर आयुक्त कुमार गौरव ने बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति के लिए विभाग को पत्र भेजा गया है। सहमति मिलने पर आगे का काम होगा।

बेकाबू हाइवा ने छह बाइक सवार को रौंदा, तीन घायल

निज संवाददाता

शेखपुरा। शेखपुरा में रविवार को सड़क हादसा हो गया। शहर के बाइपास रोड स्थित एक लाइन होटल के पास एक बेकाबू हाइवा ट्रक ने 3 अलग-अलग बाइक पर सवार 6 लोगों को बुरी तरह रौंद डाला। घटना में घायल सभी लोगों को स्थानीय नागरिकों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया है। जहां घायलों की पहचान शहर के बुधौली बाजार निवासी पारस नाथ वर्मा का बेटा विकास कुमार, प्रकाश वर्मा का बेटा बादल कुमार, महादेव नगर मौहल्ला के रामनाथ विश्वकर्मा का बेटा दिलीप विश्वकर्मा, गिरिहिंडा मौहल्ला के मनोज पासवान का बेटा राहुल पासवान, कोसुम्भा थाना क्षेत्र के बरैया बीघा गांव निवासी मोहन रविदास का बेटा रविराज कुमार और नवादा जिले के कौवाकोल थाना क्षेत्र के किशोरी साव का बेटा रंजीत कुमार(40) के रूप में की गई है। घायलों में बादल कुमार, रविराज कुमार और राहुल पासवान की हालत गंभीर रहने के कारण तीनों को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर पावापुरी रेफर कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि बरबीघा की तरफ तेज गति में आ रहे हाइवा ट्रक ने सबसे पहले विकास कुमार के बाइक को ठोकर मारी। इसके बाद असंतुलित होकर बचाने के चक्कर में दो अन्य बाइक को कुचलते हुए गिरिहिंडा की तरफ भाग निकला। इसमें सभी 6 लोग घायल हो गए। इस मामले में नगर थाना अध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटना में शामिल हाइवा को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक वाहन छोड़कर निकल भागने में सफल हो गया। घायलों में 3 की हालत काफी नाजुक बताई गई है।

भूमि विवाद में जमकर मारपीट, तीन घायल

निज संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई है। पड़ोसी से हुई मारपीट में एक ही परिवार के 3 लोग घायल हो गए। सभी को स्थानीयों की मदद से GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। विवाद 10 कट्ठा जमीन से जुड़ा है। घटना श्रीनगर थाना क्षेत्र के मजराटोल से जुड़ी है। घायलों में श्रीनगर थाना क्षेत्र के मजराटोल गांव निवासी मो रजब्बुल, मो. मोजीद और मो युसूफ शामिल हैं। जानकारी देते हुए घायल मो. रजब्बुल ने बताया कि मजराटोल गांव में ही 1961 में उन्होंने अपने पड़ोसी से 10 कट्ठा जमीन खरीदी थी। अब पड़ोसी के बेटे इसी 10 कट्ठा जमीन जबरन हड़पना चाह रहे हैं। दोनों के बीच पिछले डेढ़ साल से विवाद चल रहा है। इसी को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी शुरू हुई। कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ और हाथापाई शुरू हो गई। इसी मारपीट में बुधन, यासीन और दो अन्य लोगों ने मिलकर हरबे हथियार से उन लोगों के ऊपर हमला कर दिया। इस मारपीट और हमले में एक ही परिवार के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए पूर्णिया GMCH में एडमिट कराया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं, इस मारपीट की घटना को लेकर श्रीनगर पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी गई है।

विचार-मंथन

संपादकीय

सीएए का अतार्किक विरोध

यह तो तय था कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, यानी सीएए के नियमों को लागू करने संबंधी अधिसूचना जिस किसी दिन भी जारी होगी, इसे लेकर एक बार फिर राजनीतिक मोर्चेबंदी देखने को मिलेगी और सियासी पार्टियां अपने मुफीद मोर्चे पर जा खड़ी होंगी। ऐसे में, पश्चिम बंगाल और केरल के बाद अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का रुख भी अप्रत्याशित नहीं है। सीएए को संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने एलान किया है कि वह इसे तमिलनाडु में लागू नहीं होने देंगे। विडंबना यह है कि जिस संविधान की दुहाई देते हुए ये मुख्यमंत्री सीएए कानून को अपने-अपने प्रदेश में लागू न होने देने की बात कह रहे हैं, वही उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं देता! हमारे संविधान निर्माताओं ने संघीय ढांचे का प्रारूप तय करते समय ऐसे संभावित हालात पर काफी बहस-विमर्श के बाद अधिकारों का स्पष्ट बंटवारा किया था और उनकी तीन विषय-सूची बनाई थी- केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची। नागरिकता केंद्रीय सूची का विषय है। इससे जुड़े कानून को राज्य सरकारें नकार नहीं सकतीं। अलबत्ता, असहमति की सूरत में वे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट संविधान का संरक्षक है। ऐसा नहीं है कि ये मुख्यमंत्री इस हकीकत से नावाकिफ हैं या सीएए संबंधी अधिसूचना अचानक उनके सामने आ प्रकट हुई है। गृह मंत्री अमित शाह पूर्व में कई बार कह चुके थे कि आम चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा। निस्संदेह, इस अधिसूचना के जारी किए जाने के समय के अपने राजनीतिक निहितार्थ हो सकते हैं, मगर इसका मुकाबला भी इन मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक रूप से ही करना चाहिए। पर इसके विरोध में यह कहना कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं होने देंगे, कहीं न कहीं सांविधानिक शपथ का उल्लंघन है। जब केरल सरकार ने खुद संविधान के अनुच्छेद-131 के तहत इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है, बल्कि इस संदर्भ में सौ से भी ज्यादा याचिकाएं दायर हैं और केंद्र ने भी अदालत में दायर अपने शपथपत्र में कह रखा है कि यह कानून किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता को प्रभावित नहीं करता, तो सांविधानिक पद पर बैठे स्टालिन जैसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट के ऊपर भरोसा करना चाहिए। अदालत का फैसला इसकी वैधानिक स्थिति तय कर देगा।दरअसल, हाल के वर्षों में केंद्र और राज्यों में सत्तारूढ़ राजनेताओं की सियासी प्रतिद्वंद्विता जिस तरह शासकीय टकराव में तब्दील होती गई है, उससे निकट भविष्य में देश के संघीय ढांचे के आगे गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। जांच एजेंसियों के बीच कटु टकराव के अब कई उदाहरण हमारे सामने हैं। मगर कानून-व्यवस्था राज्य के विषय हैं, इसलिए मुख्यमंत्रियों को किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करते हुए हमेशा यह याद रखना चाहिए कि किसी किस्म के धार्मिक-जातीय ध्रुवीकरण से उनके राज्य के सामाजिक ताने-बाने को गंभीर चोट पहुंच सकती है। सीएए विरोधी पिछले प्रदर्शनों में ही किस पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ था, इसे हम अभी भूले नहीं हैं। सीएए कानून को लेकर खास तौर से पूर्वोत्तर के राज्यों में काफी गहरी आशंकाएं रही हैं। वहां ज्यादातर भाजपा या उसके सहयोगी गठबंधन की ही सरकारें हैं, इसलिए सीएए संबंधी नए नियमों के बारे में पूर्वोत्तर के नागरिकों को जागरूक करने की बहुत आवश्यकता है। खासकर मणिपुर की हिंसा को देखते हुए, जो देश के लिए सिरदर्द बन चुकी है।

इंडिया गठबन्धन की उलझनों से चुनावों में भाजपा की राह आसान होती दिख रही है

(ललित गर्ग)

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव

> *सीटों के बंटवारे को लेकर समझौते के तार उलझे हुए हैं, जो निकट भविष्य में सुलझ जाने की उम्मीद है। महाराष्ट्र की 48 सीटों में से करीब 32 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ सकती है, वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना को लगभग 12 सीट और अजित पवार की एनसीपी को लगभग 4 सीटें मिल सकती हैं। राज्य में 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए में भाजपा के साथ शिव सेना ने चुनाव लड़ा था।*

ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है- भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति। लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में 'अबकी पार, 400 पार' का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंधन होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथी हैं, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है। बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरुढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक-दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत-सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं। ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये। राज्य में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अलावा इन दलों का भी साथ है- चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (लोजपा रामविलास), चिराग के चाचा पशुपति पारस की लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा। लेकिन इन दलों एवं भाजपा के बीच कई कारणों से पेंच फंसे हुए है।

चंदा और चुनाव सुधार की कवायद

(कमलेश जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सख्त चेतावनी देते हुए कह ही डाला कि वह मंगलवार शाम तक इलेक्टोरल यानी चुनावी बॉन्ड का 'ब्रेक अप' बताए, यानी इस बात का खुलासा करे कि चुनावी बॉन्ड के रूप में किसने, कितने रुपये, किस पार्टी को दिए हैं, अन्यथा 15 मार्च को शीर्ष अदालत खुद एसबीआई पर अवमानना का मुकदमा दायर कर देगी। यह निर्देश सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने एकमत होकर दिया है। चुनावी बॉन्ड योजना को वर्ष 2017 में वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था। इसे चुनाव में काला धन के इस्तेमाल से निपटने के एक कारगर तरीके के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन इसमें सियासी दलों को मिलने वाला चंदा गुप्त भी था और उसकी कोई सीमा भी तय नहीं की गई थी। इसके तहत 'प्रॉमिसरी नोट्स', यानी वचन-पत्र के रूप में बैंक से बॉन्ड खरीदे जा सकते थे, जिनको अपनी बैलेंस शीट में दिखाना दानकर्ताओं के लिए जरूरी नहीं था। वे अपनी बैलेंस शीट में इसे सरकार को न दिखाने को स्वतंत्र थे। जाहिर है, यह सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) व अनुच्छेद 19 (1) (अ) (सूचना के अधिकार) का उल्लंघन था। चुनावी चंदे को लेकर यह कोई नया विवाद नहीं था। भारत में यह लगातार मांग होती रही है कि राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में जो रकम मिलती है, उसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। मगर एन-केन-प्रकारेण सभी दल इससे बचते रहे। चुनावी बॉन्ड में भी राजनीतिक दलों पर यह दायित्व नहीं था कि वे चंदे की रकम या चंदा देने वाले का नाम जाहिर करें। मतदाताओं के लिए यह रहस्य ही था कि राजनीतिक दलों के पास चुनावी बॉन्ड के रूप में किससे, कितने रुपये आए? अब जब चुनावी बॉन्ड का अध्याय खत्म होने को है, तब सवाल यह भी है कि राजनीतिक दलों के लिए चंदे की एक आदर्श व्यवस्था क्या हो? देखा जाए, तो यह काम राजनीतिक दलों को अपने तईं करना चाहिए, क्योंकि भारत एक ऐसा जीवंत लोकतंत्र है, जहां किसी भी प्रकार की लुका-छिपी स्वीकार्य नहीं हो सकती। चंदे में पारदर्शिता का न होना लोकतंत्र के लिए एक गंभीर रोग है, जो इसकी जड़ों को खोद सकता है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही लोकतंत्र रूपी वृक्ष को हरा-भरा रखने के लिए चंदे रूपी खाद को पवित्र करने का एक प्रयास किया है। गौर कीजिए, अदालतें सिर्फ कानून की रक्षा करने के लिए जवाबदेह होती हैं और वे अपनी इसी सीमा में चुनाव सुधार को आगे भी बढ़ा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर देश की चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाए रखने की कोशिश की है। जैसे, चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि से जनता को आगाह करना। इस बार अदालत ने स्पष्ट किया है कि गुमनाम चंदा लोकतंत्र के हृदय को बीमार बनाता है। इसी तरह, किसी भी विधेयक को वित्त-विधेयक का चोला पहनाकर जो सुरक्षित दरवाजा अपनाया जाता है, उस पर भी निगरानी आवश्यक है। चुनावी बॉन्ड को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था, जनता के बीच व्यापक विमर्श के बिना किसी विधेयक को यूं लाया जाना एक गलत नजीर पेश करता है। अपने पिछले आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक से कहा था कि 12 अप्रैल, 2019 से लेकर अब तक खरीदे गए सभी चुनावी बॉन्ड की जानकारी वह चुनाव आयोग को मुहैया कराए। इसके जवाब में ही स्टेट बैंक ने आगामी 30 जून तक यह जानकारी देने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत ने यह सख्ती दिखाई है। सवाल है कि आंकड़े जारी करने में बैंक के अधिकारियों को आखिर दिक्कतें क्या आ रही हैं? उनको यह बताने में इतना संकोच क्यों हो रहा है कि किसने, कितने रुपये, किस राजनीतिक दल को दिए या किसी पार्टी ने कब अपने बॉन्ड भुनाए? चूंकि इन सवालों का स्पष्ट जवाब एसबीआई की ओर से अब तक नहीं आया है, इसलिए यह शंका भी पैदा होती है कि क्या किसी दबाव में वह इन आंकड़ों को जारी करने में कोताही बरत रहा है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5313

	9	2					7	4
				2	3			5
4								
	6			3	4			7
2		8	7	1	5	4		9
1			6	9			3	
								8
8			5	6				
7	4					3	2	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5312

8	5	1	7	2	9	6	4	3
4	2	3	5	6	8	1	7	9
7	9	6	1	4	3	2	8	5
2	8	7	3	1	5	4	9	6
3	6	9	4	8	7	5	2	1
1	4	5	6	9	2	8	3	7
9	7	2	8	5	6	3	1	4
5	1	8	9	3	4	7	6	2
6	3	4	2	7	1	9	5	8

आज का राशिफल

मेष
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आप किसी जरूरी योजनाओं को पूरा करने में बिजी रहेंगे। कानूनी विवाद में सफलता मिलेगी और आपको स्थान परिवर्तन के जुडी कोई शुभ सूचना मिल सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय वातावरण रहेगा और आपकी मनोरथ सिद्ध होगी।

वृष
आज लाभ के योग बन रहे हैं और आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग अच्छे हैं। आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। आज कुछ शुभ कार्य पर खर्च होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

मिथुन
आज का दिन सावधानी और सतर्कता से बिताने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजाना के काम से अलग कुछ नए काम में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

तुला
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको सफलता मिलेगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वह करने को मिलेगा। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपको सीनियर का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

वृश्चिक
आज का दिन काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में आपको पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना फायदा देगा। आपके ऑफिस के काम समय से पूरे हो जाएंगे। ऑफिस वरिष्ठ अधिकारी आपका हर प्रकार से सहयोग करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

धनु
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसमें आपको लाभ मिलेगा। अधूरे काम निपट जाएंगे और महत्वपूर्ण चर्चाएं भी जोरों पर होंगी। ऑफिस में आपको काम करने के लिए काफी सुकून का माहौल मिलेगा। आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात के वक्त कहीं शादी में जाने का अवसर आपको मिल सकता है।

कर्क
आज का दिन काफी सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से आपके ऊपर खराब असर हो सकता है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। नया मौका आपके आसपास है और उसमें आपको लाभ होगा।

सिंह
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से आपको लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधारकर सही किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करने से आपको लाभ होगा।

कन्या
आर्थिक लाभ का दिन है और आपके व्यापार में आज काफी तेजी बनी रहेगी। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। कई सारे काम एक साथ आपके सामने आने से चिंता होगी।

मकर
आज का दिन लाभकारक है। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार के मामले में लाभ होगा।

कुंभ
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके कोष में वृद्धि होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें और अपने काम पर ध्यान दें। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। कार्यालय में भी अनुकूल वातावरण बनेगा।

मीन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी करियर कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की आपके परिवार में चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और हर कार्य को आत्मविश्वास के साथ पूरा करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

वर्ग पहेली 5313

संकेतः बाएं से दाएं

1. 25 अप्रैल 1999 को इस देश के ऑल राउंडर खिलाड़ी कार्लहूपर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेअ से संयास की घोष्ण हुई (5)
5. डिवाइन कॉमेडी नामक कृति इस प्रसिद्ध लेखक की है (2)
7. धन-संपत्ति, रूपया, पैसा (3)
8. दूर के पदार्थों का संकेत करने वालाया परोक्ष वस्तुओं का सूचक शब्द (2)
9. सिंचाई आदि के साधन के लिए बनाया गया कृत्रिम जलमार्ग (3)
11. चार प्रकार की वाणी में से एक (2)
12. गुलाम, खरीदा हुआ नौकर (2)
14. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (3)
15. टरपैंटाइन तेल, पर्णिका (4)
17. फलों को पकाने की विधि (2)
18. ग्रीष्म अनुभूति, उष्णता (3)
19. रक्तवाहिनी नली, नस (2)
21. जिसका कोई रक्षक या मददगार हो (3)
23. धीरज, संयम, सब्र (3)
24. यह बांग्लादेश की राजधानी है (2)

ऊपर से नीचे

1. वेतन देने वाला (5)
2. म.प्र.राज्य की वाणिज्यिक राजधानी (3)
3. कद-काठी, गोखरू (2)
4. यत्न का अपभ्रंश, युक्ति, प्रयत्न (3)
5. दांव पर रखना (7)
6. यह ईरान की राजधानी है (4)
10. कामना, आरजू, मनोवांछा, तमन्ना (4)
13. गहन चिंतन करने का भाव (3)
16. विश्व में सर्वाधिक ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष (3)
17. स्पर्शमणि (3)
20. यह मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्व छोर पर स्थित जिला है सोन नदी इस जिले की महत्वपूर्ण नदी है (2)
22. कोई जमा हुआ टुकड़ा (2)

वर्ग पहेली 5312 का हल

ती	ज	न	बा	ई		कां	गो
र्थ		म	न	मा	ना		ल
क	न	क		न		क्ष	मा
र	त		ता		का	ति	ल
	ना	म	क		मा		
है	सि	य	त		य	हू	दी
वा	क		व		नी		वा
न		पा	र	स		पा	ना

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

संक्षिप्त समाचार

प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल बलियापुर को ऑटोमेटिक सेनेटरी पैड मशीन सौंपा

धनबाद, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में स्वच्छता अभियान के तहत स्वावलंबी रोजगार सोसायटी एवं सीएमपीडीआई कोयला नगर धनबाद के सौजन्य से बलियापुर प्रोजेट गर्ल्स हाई स्कूल में एक ऑटोमेटिक सैनिटरी पैड मशीन एवं डिस्पोजल मशीन प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी एवं विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य नामित मंडल ने इसका उद्घाटन किया।बच्चों को पैड के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। पंसस नमिता मंडल ने बच्चियों को संक्रामक रोग से बचने का उपाय बताए।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

खड़गपुर, एजेंसी। दासपुर थाना के हरिरामपुर गांव में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया।इस दौरान अस्सी लीटर अवैध शराब को बरामद करते हुये एक अवैध शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। आबकारी विभाग को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध शराब का कारोबार होने के साथ साथ भारी मात्रा में अवैध शराब को छिपाकर रखा गया है।सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग हरकत में आयी। इलाके में अभियान चलाते हुये अवैध शराब को बरामद किया और एक अवैध शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। बरामद शराब को नष्ट कर दिया गया। आबकारी विभाग का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब का करोबार करने वाले पर कार्रवाई की जा रही है।

ट्रेन का ओवरहेड तार टूटा, घंटों परिचालन ठप

खड़गपुर, एजेंसी। दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के अंतर्गत मंगलवार की सुबह करीबन साढ़े नौ बजे पश्चिम मेदिनीपुर जिले के डेबरा ब्लॉक के राधा मोहनपुर रेलवे स्टेशन से सटे इलाके में अप लाइन पर एक लोकल ट्रेन का ओवरहेड तार टूट गया। इसके कारण उस लाइन पर कुछ घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बंद रहा। घटना की जानकारी स्थानीय रेल अधिकारियों को मिलने के बाद रेलवे ने तुरंत इसकी मरम्मत की और कुछ घंटे बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो गया। बालीचक रेलवे स्टेशन प्रबंधक दशरथ बैरागी ने बताया कि ऐसी घटनाएं हुई है।

धनबाद होकर रांची से हर शुक्रवार को पटना, गोरखपुर जाएगी साप्ताहिक ट्रेन

धनबाद, एजेंसी। धनबाद से होकर रांची और गोरखपुर के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन चलेगी। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। यह ट्रेन हर शुक्रवार को रांची से शाम 5ः10 बजे चलेगी और मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा, धनबाद, चितरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, मोकामा, पटना साहिब, पटना, दीघा, छपरा, सिवान और देवरिया होते हुए अगले दिन सुबह 11ः30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन गोरखपुर से शनिवार दोपहर 3ः30 बजे चलेगी और धनबाद होते हुए अगले दिन सुबह 9ः25 बजे रांची पहुंचेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पांच दिन पहले मैंने रांची से गोरखपुर के लिए एक नई ट्रेन देने की घोषणा की थी। हमने इस वादे को पूरा कर दिया। गौरतलब है कि रांची–गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस को ओडिशा के संबलपुर तक विस्तार दे दिया गया था। इससे धनबाद के लोगों में नाराजगी थी। यह ट्रेन हमेशा फुल रहती थी। लोगों के विरोध को देखते हुए मौर्य को विस्तार देने के 24 घंटे के भीतर रेल मंत्री ने कहा था कि जल्दी ही रांची से गोरखपुर के लिए नई ट्रेन देंगे। यह साप्ताहिक हो सकती है।

टासरा व रोहराबांध केरैयत-ग्रामीणों की बैठक

सिंदरी, एजेंसी। सिंदरी/चासनाला 7 टासरा, रोहराबांध के रैयत व ग्रामीणों की बैठक शनिवार को हुई। जीतू सिंह ने कहा कि सेल के टासरा प्रोजेक्ट के मामले एवं ग्रामीणों, विस्थापितों, रैयतों की मांगों पर बाहरी नेताओं के हस्तक्षेप का पुरजोर विरोध किया जागए।कहा कि टासरा के ग्रामीण अपना हक व अधिकार के लिए खुद लड़ में सक्षम हैं। मगर कुछ लोग बाहरी नेताओं की आड़ में व्यक्तिगत रोटी संकने का काम कर रहा है। जिसे रैयत बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रशासन से अनुरोध किया है की गुंडा तत्वों को सेल प्रोजेक्ट से बाहर निकाले।

जमीन में बैठ नकल करते 11वीं बीपीएससी के परीक्षार्थी, पेपरलीक का दावा,

चतरा, एजेंसी। झारखंड लोकसेवा आयोग की ओर से आज 11वीं सिविल सेवा की परीक्षा हो रही है। दो पालियों में होनेवाली परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी पेपरलीक का दावा कर रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा के दौरान चतरा और जामताड़ा में कैंडिडेट्स ने जमकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि उन्हें खुला हुआ क्वेश्चन पेपर और ओएमआर शीट मिली।

जामताड़ा के मीहिजाम का दो वीडियो सामने आया है। कहा जा रहा है कि ये वीडियो जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का है, जहां जमीन पर बैठकर परीक्षार्थी नकल कर ओएमआर शीट भरते दिख रहे हैं। वहीं दूसरे वीडियो में गार्डेन में खुलेआम क्वेश्चन पेपर की फोटो ली जा रही और आंसर शीट भरा जा रहा है। हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है।

इधर चतरा के उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज के परीक्षा केंद्र में जेपीएससी अभ्यर्थियों ने हंगामा करते हुए नारेबाजी की। परीक्षा देने वाले छात्रों का आरोप है कि परीक्षा केंद्र प्रबंधन पर परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया है। क्लास की बजाए परीक्षा से पहले प्रिंसिपल चेंबर में प्रश्न पत्र खोलने का छात्रों ने आरोप लगाया है। मामले में प्रिंसिपल धनेश्वर राम का कहना है कि कंट्रोल रूम में टाइम-टेबल के अनुसार प्रश्न-पत्र खोला गया है। पूरी प्रक्रिया वीडियो रिकॉर्डिंग की कराई गई है। छात्रों के आरोपों को उन्होंने निराधार बताया है।

परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों पर जेपीएससी ने चुप्पी साध रखी है। अधिकारी ने बस इतना कहा है कि हमारे पास सूचना आई है। पता लगाया जा रहा है।

जामताड़ा के मिहिजाम में एक सेंटर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें अभ्यर्थी बरामद में जमीन पर बैठकर परीक्षा देते दिखाई दे रहे हैं। कैंडिडेट्स के पास मोबाइल फोन है, जिससे वो आंसर मंगवा रहे हैं। कैमरा देखकर कुछ परीक्षार्थी अपना चेहरा छिपाने लगे। हालांकि ये पुष्टि नहीं हो पाई है कि ये वीडियो किस सेंटर का है और जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है।उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज एग्जाम सेंटर पर परीक्षा दे रही एक महिला कैंडिडेट ने कहा कि हमें सील खुला हुआ क्वेश्चन मिला। जब हम लोग हंगामा करने लगे। जब हमने कहा कि लिखित दीजिए कि खुला प्रश्न-पत्र दिया गया है। तब इनविजिलेटर ने कहा कि जूता खोल कर मारेंगे। दिव्यांग होने के बावजूद मुझे गिरा दिया गया।

प्रश्न पत्र लीक होने की चर्चा के बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, डीएसपी (मुख्यालय) रोहित कुमार रजवार और एसडीपीओ संदीप सुमन भी उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर कॉलेज पहुंचे है। हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों को शांत कराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हैं।

अधिकारियों ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जाएगी। अगर किसी प्रकार की लापरवाही हुई होगी, तो निश्चित तौर पर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जेजेएस कॉलेज मीहिजाम में भी परीक्षा के पहले शिफ्ट के दौरान छात्रों ने हंगामा किया। यहां भी छात्रों को ओएमआर और क्वेश्चन पेपर खुला मिला है। यहां एसडीओ आनंद कुमार ने परीक्षार्थियों से बातचीत की। उन्होंने छात्रों को कहा कि दोनों शिफ्ट की परीक्षा खत्म होने के बाद मैं आपलोगों के साथ बैठूंगा। आपकी जो भी शिकायत होगी, उसे आप फैक्ट के साथ रखिएगा।

जामताड़ा के बुधुडीह के एडवर्ड इंग्लिश स्कूल में भी 11वीं जेपीएससी एग्जाम में गड़बड़ी की खबर है। यहां सुबह नौ बजे की बजाए 9.20 में परीक्षार्थियों को सेंटर में एंट्री दी गई। सेंटर के मुख्य गेट से परीक्षा हॉल तक किसी तरह की कोई चेकिंग भी नहीं की गई। परीक्षार्थियों को जब ओएमआर और क्वेश्चन पेपर दिया गया तो दोनों का सील खुला हुआ था। कुछ कैंडिडेट्स ने शिकायत की तो बताया गया कि एसडीओ और दूसरे अधिकारियों के सामने सील खोला गया है। इस दौरान दो छात्र भी वहां थे। हालांकि इस सेंटर में चतरा की तरह कोई हंगामा नहीं हुआ। पहली पाली की परीक्षा खत्म हो चुकी है। इस सेंटर पर देवघर के उम्मीदवार परीक्षा देने आए थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे के 10 ट्रेनों का बदला समय

जमशेदपुर, एजेंसी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपने परिचालन क्षेत्र में चलने वाली 10 ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया है। इसमें रांची से चलकर टाटानगर होते हुए हावड़ा जाने वाली 20898 वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है।

अब यह ट्रेन टाटानगर स्टेशन पर सुबह आठ बजकर 40 मिनट के बजाए नौ बजकर 23 मिनट पर आएगी और पांच मिनट के ठहराव के बाद रवाना होगी। नई व्यवस्था 18 मार्च से ही प्रभावी होगी।

वहीं, 08152 बरकाकाना-टाटा पैसेंजर सुबह 10 बजकर 20 मिनट के बजाए 10 बजकर 35 मिनट पर, 18102 जम्मू तवी-टाटा एक्सप्रेस सुबह नौ बजकर 50 मिनट के बजाए आधे घंटे की देरी से 10 बजकर 20 मिनट पर, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुबह नौ बजकर 23 मिनट के बजाए नौ बजकर 28 मिनट पर व 18602 हटिया-टाटा एक्सप्रेस सुबह साढ़े 10 बजे के बजाए 10 बजकर 55 मिनट पर टाटानगर पहुंचेगी।

इसके अलावा 18112 यशवंतपुर-टाटा एक्सप्रेस भी सुबह 10 बजकर 50 मिनट के बजाए 11 बजकर 20 मिनट पर आएगी। नई ट्रेनों के शुरू होने व ट्रैफिक बढ़ने के कारण नई व्यवस्था को प्रभावी किया गया है।

चुनाव की घोषणा के बाद झारखंड के लिए बीजेपी ने बदला प्लान, अब अलग रणनीति से मैदान में उतरने की तैयारी

रांची, एजेंसी। लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके बाद राजनीतिक दलों के प्रचार के तौर तरीकों में भी बदलाव आ गया है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव की घोषणा से पहले ही एक चरण का प्रचार अभियान चला लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत दूसरे बड़े नेता झारखंड में पार्टी के लिए प्रचार अभियान चला कर जा चुके हैं। अबतक भाजपा का फोकस तीन-तीन लोकसभा के एक क्लस्टर में चुनाव प्रचार का था। लेकिन, अब तिथियों के एलान के साथ ही प्रचार अभियान को क्षेत्र विशेष में केंद्रित करने पर पार्टी ने तैयारी कर ली है।

लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के दौरान खर्च को पार्टी प्रत्याशी के खाते में दर्ज किया जाता है। नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशी की मौजूदगी में कोई भी खर्च उसी के खाते में दर्ज करने का नियम है।

अब पार्टी की योजना राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं को भी विधानसभा स्तर तक ले जाकर जनता से संवाद कराने की है। बूथ स्तर से लेकर पन्ना प्रमुख तक भाजपा ने पहले ही नेटवर्क बना रखा है। इसका फायदा माइक्रो स्तर पर मैनेजमेंट में मिलेगा।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने विधानसभा स्तर तक समर्पित विस्तारकों की टीम उतार रखी है। इनका काम मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घरों में जाकर लोगों से मिलने और उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियां बताने का है। 2019 के लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा विस्तारकों के जरिए चुनावी प्रबंधन कर चुकी है।

झारखंड में मतदान केंद्र पर वोटरों को मिलेंगी 7 सुविधाएं, पिछली बार से अलग होगी व्यवस्था

रांची, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने भी प्रेस कांफ्रेंस कर झारखंड में चार चरणों में होनेवाले चुनाव तथा इसके लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होंगी।

उन्होंने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य में होनेवाले चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, राज्य में वर्ष 2019 की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 13,54,203 की वृद्धि हुई है। पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

उ नके अनुसार, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान राज्य के आठ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 95 नए मतदान केंद्रों का गठन किया गया। साथ ही आठ विधानसभा क्षेत्रों में जहां मतदाताओं की संख्या बहुत कम थी, ऐसे 38 मतदान केंद्रों को निकटवर्ती मतदान केंद्रों के साथ विलोपित किया गया। इस प्रकार रेशनलाइजेशन के बाद राज्य में कुल 57 मतदान केंद्र बढ़े हैं।

इस तरह, राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर अब 29,521 हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। सभी मतदान केंद्रों पर पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, पेयजल, पोलिंग वांलेंटियर, हेल्प डेस्क, दिव्यांगों के लिए रैंप, वोटर फैसिलेशन सेंटर, साइनेज आदि की व्यवस्था होगी।

प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था होगी। इस मौके पर पुलिस के राज्य नोडल पदाधिकारी अमोल वेणुकांत होमकर, अपर निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार , विशेष कार्य पदाधिकारी गीता चौबे आदि उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सुगम निर्वाचन के उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा विकसित विभिन्न आइटी अप्लीकेशन का समुचित प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम जनतों को उनके मतदान केंद्रों की जानकारी उनके कंप्यूटर या मोबाइल पर प्राप्त हो सकेगी। साथ ही किसी व्यक्ति द्वारा सी विजिल एप के माध्यम से किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिसका निष्पादन 100 मिनट के भीतर होगा।

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल में एक और परेशान : रिम्स में एक्सरे बंद, निजी लैब में रोज तिगुना खर्च कर जांच करा रहे 700 मरीज

रांची, एजेंसी। रिम्स में पैथोलॉजिकल जांच के साथ रेडियोलॉजिकल जांच भी प्रभावित हो गई है। करीब तीन माह में सात बार मशीन खराब होने से एक्सरे जांच प्रभावित है। शुक्रवार को रेडियोलॉजी विभाग में पोर्टेबल एक्सरे मशीन भी खराब हो गई, जिससे इमरजेंसी रोगियों की जांच बंद हो गई है। पोर्टेबल एक्सरे मशीन की कैसेट रीड करने वाले डीआर रीडर में खराबी आई है।

इधर, एक्सरे न होने से रिम्स के मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। रिम्स में रोजाना इंडोर व आउटडोर के करीब 700 मरीज एक्सरे कराते हैं। मशीनें खराब रहने से उन्हें निजी लैब की ओर रुख करना पड़ रहा है। ऐसे में एक्सरे के लिए सिर्फ एक दिन में 1.61 लाख रुपए उन्हें निजी लैब को देने पड़े, जबकि रिम्स में जांच कराने पर 50 हजार रुपए भी खर्च नहीं होते।

बता दें कि रेडियोलॉजी विभाग में चार एडवांस एक्सरे मशीन हैं। यहां 70 रुपए में जहां एक्सरे होता है, वहीं निजी जांचघर में विभिन्न अंगों के एक्सरे 230 रुपए से शुरू होते हैं।

रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग में चार एडवांस एक्सरे मशीन हैं। इसमें दो अधिकांश समय खराब रहते हैं। वहीं बाकी दो 15-20 दिन के अंतराल में खराब हो जाती हैं।

रिम्स की एक्सरे मशीन खराब है, इसकी जानकारी पर्ची काउंटर में ही कर्मी दे देते हैं। साथ ही पर्ची काटने से इनकार कर रहे हैं। शनिवार को भी करीब 300 लोग पर्ची कटाने पहुंचे, लेकिन पोर्टेबल मशीन से जिन अंगों की एक्सरे होता है, सिर्फ उसकी ही पर्ची काटी गई, बाकी को वापस लौटा दिया गया।

रिम्स प्रबंधन ने दो साल पहले दो एडवांस सीटी स्कैन मशीन खरीदी हैं। लेकिन स्थिति ऐसी है कि इन मशीनों से दिन भर में 20-20 जांच करने में सांसें फूलने लगती हैं। मरीजों को वेटिंग में नंबर दिया जाता है। यही हाल अल्ट्रासाउंड का भी है। ओपीडी वाले मरीजों को 7 से 10 दिन का वेटिंग में नंबर दिया जाता है। रिम्स के ठीक बाहर पीपीपी मोड पर हेल्थ मैप संचालित है। यहां एक मशीन से दिन भर में 40 से 50 रोगियों की जांच की जाती है।

रिम्स में एमआरआई मशीन सालों से खराब है। पुरानी होने के कारण हर महीने खराब हो जाती थी। ठीक कराने में लाखों खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन फिर भी पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हो रही। इसलिए एमआरआई बंद है। कर्मी एमआरआई की पर्ची काटने से इंकार कर देते हैं।

ईएनटी विभाग के ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे अनुपम कुमार ने बताया कि गले में सालों से इंफेक्शन है। डॉक्टर ने देखकर गले और मुंह की एक्सरे कराने की सलाह दी है। जब पर्ची कटाने गया तो बताया गया कि मशीन खराब है। गले और मुंह की एक्सरे नही हो पाएगी। बाहर से कराने की बात कहकर लौटा दी गई।

ऑर्थोपेडिक ओपीडी में कर्बला चौक के मो. आसिफ के परिजन ने बताया कि पहले गाड़ी से गिरने के बाद पैर की अंगुली फ्रेक्चर हो गई है। ओपीडी में दिखाने के बाद डॉक्टर ने एक्सरे कराने को कहा, लेकिन बताया गया कि मशीन खराब है। अब हेल्थ मैप में नंबर लगा चुका हूं। वहीं जा रहा हूं।

चतरा सांसद बोलने आए तो हुआ विरोध कार्यकर्ता बोले- सुनील सिंह वापस जाओ

इटखोरी , एजेंसी। मां भद्रकाली मंदिर स्थित महोत्सव स्थल पर शुक्रवार को भाजपा के बूथ स्तरीय समिति सम्मेलन देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र के कार्यों की सराहना की जबकि झारखंड की सरकार को विभिन्न मोर्चे पर फेल बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर विकास के लिए भाजपा की सरकार ने जो 500 करोड़ का घोषणा की है, उसकी चिंता ना करें यह काम पूरा होगा। इस दौरान चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आपके सहयोग से हम दो टर्म चतरा संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे। अब पार्टी जिनको भी टिकट देगी, हम सभी उनके साथ मिलकर उन्हें सहयोग करेंगे और भाजपा को जिताने का कार्य करेंगे। हम अपना दायित्व निभाना जानते हैं। इस बीच चतरा संसदीय क्षेत्र के कुछ विधानसभा क्षेत्र से आए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर विरोध शुरू कर दिया। विरोध के दौरान सुनील सिंह वापस जाओ आदि के नारे लगाने लगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत मंचासीन कई भाजपा नेताओं ने उन्हें हाथ हिलाकर बैठने का अनुरोध किया। तभी कार्यकर्ता शांत हुए।

दो डीआरएम में सोशल मीडिया वॉर, संबलपुर डीआरएम- गलत ढंग से लगाए जा रहे कोच रांची डीआरएम

रांची, एजेंसी। रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगा ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड पर बोगियों की गलत सूचना डाली जा रही है। इसका सीधा खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। इधर, इस मामले में संबलपुर रेल डिवीजन के डीआरएम और रांची रेल डिवीजन के डीआरएम एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके बीच वॉर छिड़ा है। रांची डीआरएम ने सोशल मीडिया में कहा है कि संबलपुर डिवीजन ने डिस्प्ले बोर्ड कोच पोजिशन गलत डाला है। इससे रांची स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड के अनुसार बोगी नहीं रुक रहीं। वहीं संबलपुर डीआरएम का कहना है कि रांची डीआरएम को देखना चाहिए कि गलत कोच पोजिशन क्यों डाला जा रहा है।

14 मार्च को शिवम सहाय ने अपने पिता को रांची स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस के ए-2 बोगी में चढ़ाने आए थे। जब प्लेटफॉर्म नंबर एक पर ट्रेन आई तो डिस्पले बोर्ड में दिख रहे ए-2 बोगी की जगह स्लीपर बोगी लगी। इस कारध शिवम को काफी परेशानी हुई। शिवम ने रेलमंत्री को ट्वीट डाल कर पूछा कि ऐसी गलत क्यों हो रही है। इस पर कड़ा एक्शन लिया जाए।

यात्री के ट्वीट पर शिकायत को संबलपुर डीआरएम ने रांची डीआरएम को टैग करते हुए कहा कि रांची रेलवे स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड पर कोच पोजिशन सही से काम नहीं कर रहा है। प्लीज इस मामले को देखा जाए।

रांची डीआरएम ने ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा है कि कोच डिस्प्ले सही से काम कर रहा है, लेकिन कोच पोजिशन गलत डाला गया है और रेलवे का इन्क्वायरी स्टॉफ को एनटीईएस सिस्टम से गलत कोच पोजिशन मिला है।

रांची जिले का समीकरणन्दो चरणों में चुनाव,13 मई को तमाड़-मांडर व 25 मई को 6 विस क्षेत्रों में वोटिंग

रांची, एजेंसी। रांची जिले में दो चरण में मतदान होगा। दरअसल, रांची का तमाड़ विधानसभा क्षेत्र खूंटी लोकसभा क्षेत्र में है और मांडर विधानसभा क्षेत्र लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आता है। इसलिए, इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता 13 मई को वोट डालेंगे। इन दोनों क्षेत्रों में ईवीएम और वीवी-पैट रांची से ही भेजी जाएगी। इसके बाद 25 मई को रांची संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान होगा।

रांची लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें इचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके शामिल हैं। यहां के कुल 21 लाख 42 हजार 991 मतदाताओं में 10 लाख 86 हजार 564 पुरुष, 10 लाख 56 हजार 360 महिला और 67 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इस बार जिले के 46,776 युवा वोटर पहली बार वोट करेंगे। इनकी उम्र 18 से 19 वर्ष के बीच है।

शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिले में 13,300 अफसरों और कर्मचारियों को लगाया जाएगा। ये जानकारी डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में पत्रकारों को दीं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार सहिंता लागू हो गई है। सभी राजनीति दलों के बैनर-पोस्टर उतार दिए गए हैं। रविवार से किसी भी राजनीति दल का बैनर-पोस्टर लगा मिला तो उसे चुनाव खर्च में जोड़ दिया जाएगा। डीसी ने कहा कि रांची लोकसभा का चुनाव संपन्न कराने के लिए 2,377 बूथ बनाए गए हैं।जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बॉर्डर सील कर दिया गया है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम को एक्टिव मोड में काम करने को कहा गया है। सभी बॉर्डर पर ड्रॉप गेट लगाकर वाहनों की जांच की जाएगी। चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी।

डीसी ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम को सी-विजिल के माध्यम से डेटा अपडेट करने का निर्देश दिया है। इसके तहत चुनाव प्रचार में अधिक खर्च, नकदी व सामग्री के जरिए वोटरों को प्रभावित करने, अवैध रूप से हथियार, गोला-बारूद, शराब लाने-ले जाने पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है। लाइसेंसी हथियार भी लेकर घूमने पर रोक रहेगी।अब लाइसेंसी हथियार लेकर चलने पर रोक लगा दी गई है। सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है। खूंखार अपराधियों को जिला बदर भी किया जाएगा। चुनाव के दौरान अधिक मात्रा में नगद राशि लेकर आना-जाना कर रहे हैं, तो प्रमाण साथ रखना होगा। प्रमाण नहीं देने पर कैश जब्त हो जाएगा।

चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के खर्च की सीमा तय कर दी है। चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपए ही खर्च कर पाएंगे। प्रचार-प्रसार से लेकर चुनाव लड़ने में खर्च होनेवाले एक-एक रुपए का हिसाब भी रखना होगा। क्योंकि, खर्च का ब्योरा प्रशासन के पास जमा होगा।

मतदान और मतदाता के बीच मौसम बड़ी चुनौती

भीषण गर्मी में यूपी में सभी सात चरणों में चुनाव

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। इस चुनाव में मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर लाने की राह में सबसे बड़ी चुनौती होगी भीषण गर्मी। पिछले दो लोकसभा चुनाव की तुलना में ये चुनाव देर तक चलेंगे। जहां वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव क्रमशः 19 मई और 12 मई तक चले थे। वहीं इस बार यूपी में सातवें चरण की आखिरी वोटिंग एक जून को होगी।

प्रदेश में लोकतंत्र का महा उत्सव 19 अप्रैल से शुरू होगा, जो एक जून तक चलेगा। पिछले दस साल के चुनाव को देखें तो इस बार चुनावी सहालग सबसे लंबी चलेगी। एक तरफ राजनीतिक दलों का मुकाबला प्रतिस्पर्धी से होगा तो दूसरी तरफ भीषण गर्मी भी बड़ी चुनौती साबित होगी। पछुआ हवाएं मतदाताओं को रोकने का भरसक प्रयास करेंगी। राजनीतिक दलों को ग्रामीण इलाकों से ज्यादा इस समस्या से शहरों में ज्यादा जूझना पड़ेगा।

पिछले दो लोकसभा चुनावों की तुलना में इस बार यूपी में चुनावी सीजन सबसे लंबा होगा। वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश में आचार संहिता के एलान से लेकर अंतिम चरण का मतदान कुल 67 दिन में निपट गया था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव भी यूपी में 69 दिन में संपन्न हुए। वहीं वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव यूपी में 78 दिन तक चलेंगे। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार मई में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। ऐसे में राजनीतिक दलों के सामने केवल मतदाता ही नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ताओं को भी मैदान में जमे रहने के लिए खासी मशक्कत करना पड़ेगी।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा-2024 चुनावः सात चरणों में चुनाव - 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून।

आचार संहिता लगी -16 मार्च, परिणाम आएंगे - 4 जून को।

कुल चुनावी दिन -78

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2019

सात चरणों में चुनाव- 11 अप्रैल, 18 अप्रैल, 23 अप्रैल, 29 अप्रैल, 6 मई, 12 मई और 19 मई

आचार संहिता लगी - 11 मार्च

कुल चुनावी दिन - 69 दिन

परिणाम आया - 23 मई को

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2014

छह चरणों में चुनाव - 10, 17, 24, 30 अप्रैल और 7, 12 मई

आचार संहिता लगी - 6 मार्च

कुल चुनावी दिन - 67 दिन

परिणाम आए - 16 मई को

पिछले लोकसभा चुनाव भी यही कह रहे

मतदान और मतदाता का मौसम से सीधा संबंध है। वर्ष 2014 में प्रदेश में लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई के बीच हुए थे। वर्ष 2019 में 7 अप्रैल से 12 मई के बीच लोकसभा चुनाव हुए। पिछले दोनों चुनाव कार्यक्रम में केवल सात दिन का अंतर था। लेकिन वर्ष 2019 के चुनाव में करीब एक फीसदी वोट ज्यादा पड़े। इसमें मौसम की भी अहम भूमिका थी। प्रचंड गर्मी के प्रहार से पहले ही 12 मई को चुनाव संपन्न हो चुके थे।

विधानसभा चुनाव : अच्छी वोटिंग में मौसम का भी रोलः प्रदेश में विधानसभा चुनाव गुलाबी मौसम में हुए। जिसका असर भी साफ दिखाई दिया।

यूपी में कद को कद्दावर बनाने की जंग

लखनऊ, एजेंसी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है। जंग इस बात की भी होगी कि किसका कद कितना कद्दावर बनकर उभरेगा। जनता की कसौटी पर सभी होंगे। इतना ही नहीं, लोकतंत्र की कसौटी पर मतदाता भी होंगे, क्योंकि उन्हीं पर सारा दारोमदार है।

संसदीय चुनाव के मौके पर ये दो तथ्यात्मक परिचय उत्तर प्रदेश की हैसियत बताने के लिए पर्याप्त हैं। यूपी देश का दूसरा इंजन है। अपने आकार और संख्या से यह प्रदेश, देश के किंगमेकर की भूमिका निभाता है। ये बड़ापन खजूरनुमा नहीं है, प्रदेश की छांव दिल्ली दरबार तक कवर करती है। इस चुनाव में भी काफी कुछ तय करने का माद्दा इसी प्रदेश में है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है। जंग इस बात की भी होगी कि किसका कद कितना कद्दावर बनकर उभरेगा। जनता की कसौटी पर सभी होंगे। इतना ही नहीं, लोकतंत्र की कसौटी पर मतदाता भी होंगे, क्योंकि उन्हीं पर सारा दारोमदार है।

जीत के नैरेटिव में छिपी शह-मातः बनारस से चुनाव मैदान में तीसरी बार उतरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड वैल्यू का लाभ हर बार की तरह इस बार भी पूरे प्रदेश को मिलने की भाजपा उम्मीद लगाए है, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तेजतर्रार कार्यशैली और यूपी की इमेज ब्रांडिंग की छाप भी प्रचार में सबसे ऊपर रहेगी। सरकार व संगठन काफी हद तक इन दो सिक्कों के सहारे है। चुनावी नैया के सबसे बड़े खेवैया यही दोनों हैं। यही वजह है कि दोनों ने फरवरी से ही चुनाव प्रचार जैसे कार्यक्रम शुरू कर दिए। योगी ने तो चुनाव की घोषणा के पहले तक लोकार्पण-शिलान्यास कर आक्रामक प्रचार रणनीति का अहसास करा दिया। भाजपा की रणनीति ऐसी है मानो लड़ाई बड़ी लकीर खींचने की हो। प्रचार का नैरेटिव बड़ी जीत है, इसी में शह और मात छिपा है। एनडीए गठबंधन ने दो तिहाई प्रत्याशी घोषित कर विपक्षी गठजोड़ से बढ़त साबित कर दी है, तो विपक्ष अभी सहयोगी जुटाने की मशक्कत कर रहा है। विपक्षी गठबंधन 19 के मुकाबले और 19 है। पिछले चुनाव में सपा की गलबहियां रही बसपा इस बार उसी से मुकाबिल है।?पश्चिम का परंपरागत साथी रालोद भी हाथ झटक कर स्वभाव के मुताबिक सत्ता के साथ आ खड़ा हुआ है। हां, नासाज हालत की कांग्रेस जरूर उसे सहारा देने आ गई है, तुनकते-बिदकते-झगड़ते ही सही। हवा का रुख देख भाजपा की तरफ विपक्ष के नेताओं की कदमताल तेज होती जा रही है। हवा के थपेड़ों से छोटे-छोटे क्षत्रप दल भी इधर-उधर सेटल होने लगे हैं, इधर कुछ ज्यादा ही। इसे मानसिक जीत के तौर पर देखा-बताया जा रहा है। हालांकि पिछले चुनाव में हारी 14 सीटों के नतीजे ब्रांड वैल्यू की असली परख होंगे।

लाभार्थी फैक्टर अहमः प्रदेश को मोटे-मोटे तीन हिस्सों में बांटकर देखा जाए तो पूरब, पश्चिम और मध्य के कुछ मुद्दे राज्यव्यापी हैं, तो कुछ क्षेत्रव्यापी, लेकिन असर सभी का है। हाल तक चुनावों में जाति-धर्म का फैक्टर सबसे प्रधान रहता रहा है, लेकिन पिछले चुनावों से एक और बड़ा फैक्टर उभरा है-लाभार्थीजन। सरकार की जन कल्याण की योजनाओं का जादू जैसा यहां के पिछले विधानसभा चुनाव में चला, इस बार भी वैसे करिश्मे की सत्तापक्ष उम्मीद लगाए है। सबसे बड़ा असर इसी का माना जा रहा है, जात-धरम इस लाभ के पीछे लाइन में है। मुद्दों की कड़ाही में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नया छौंक है। चुनावी खिचड़ी इससे चटपटी हो ही गई है। अयोध्या के राम मंदिर के भक्ति-भावपूर्ण माहौल के बीच सीएए को डंके की चोट पर लागू करने का एलान प्रदेश में चुनाव को नई बिसात पर ले जा रहा है।

हमेशा चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा का कॉरपोरेट अप्रोच उसकी क्वालिटी डिलीवरी सुनिश्चित करता है। एक्सप्रेसवे दौड़ाने वाली पार्टी की चुनावी चाल भी सुपरफास्ट है। मुकाबिल विपक्ष चुनावी तैयारियों में तो मात खा ही गया है। गठबंधन के दो प्रमुख दल सपा और कांग्रेस अभी भी स्वाभाविक दोस्त जैसे नहीं दिख रहे हैं। एनडीए गठजोड़ कहीं कसर नहीं छोड़ रहा। हर वोटबैंक के लिए पैकेज है-जाति चाहिए तो जाति, धर्म चाहिए तो धर्म, विकास चाहिए तो विकास और योजनाओं का लाभ चाहिए तो वो भी। आधा फीसदी वोटबैंक है तो वहां भी सौ फीसदी प्रयास। यादव महाकुंभ के जरिए प्रदेश के सबसे बड़े यादव वोटबैंक में सेंधमारी की कोशिश से इसे समझा जा सकता है।

दो लड़कों की परीक्षाः इस चुनाव के अखाड़े में प्रौढ़ हो चुके दो लड़के भी जोर दिखाएंगे, तो पिछले चुनाव में लड़कियों को लड़ाका बनाने वाली प्रियंका को भी पुकारा जा रहा है जो अभी तक दूर-दूर हैं। रायबरेली, अमेठी की सीटें हमेशा से यूपी की चुनावी दाल का तड़का रही हैं, इस बार भी हैं और पहले से कहीं ज्यादा

। बस जीत का जायका किसे नसीब होता है, ये देखना है। अमेठी में राहुल अपराजित नहीं रहे, पिछली बार की स्मृति ताजा ही है और सोनिया की रायबरेली सीट की सेहत भी नासाज है, तीमारदार खिसक चुके हैं तो नई चुनौतियां सामने हैं। रायबरेली से विदा लेते वक्त जनता के नाम अपने आत्मीय संबोधन से उन्होंने बात बिगड़ने न देने की चेष्टा तो की है, लेकिन यहां कांग्रेस की लड़ाई में सहारा बनते सपा के बड़े नेता मनोज पांडेय के भाजपा के पाले में आ जाने से अब दुश्वारी और बढ़ गई है। सोनिया के बाद कौन-इसका जवाब, बेशक बेहद रोचक और रोमांचक होगा। भले ही विपक्षी गठबंधन इंडिया चुनावी तैयारियों में पिछड़ता दिख रहा हो, लेकिन लगता है सत्तापक्ष के आगे चुनौतियां पेश करने में पीछे नहीं रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

मुख्तार अंसारी से यारी में निलंबित अविनाश को मिली तैनाती, बरेली सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक बने

बरेली , एजेंसी। कुख्यात शूटर आसिफ का वीडियो वायरल होने के बाद अविनाश गौतम को बरेली सेंट्रल जेल का वरिष्ठ अधीक्षक बनाया गया है। चार माह से यह पद रिक्त था। पिछले साल बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के आरोप में वह अधीक्षक पद से निलंबित हुए थे। उसी दिन बरेली जेल के अधीक्षक राजीव शुक्ला और नैनी जेल के अधीक्षक शशिकांत गौतम को भी निलंबित किया गया था। हाल ही में आए जालौन जेल कांड के फैसले से भी उनका नाम जुड़ा है।

अविनाश गौतम की बहाली और तैनाती जेल विभाग में चर्चा का विषय बनी है। दरअसल, इनके साथ निलंबित हुए दो अन्य जेल अधीक्षकों की अभी तक बहाली नहीं हो सकी है, जबकि गौतम को बहाली के साथ ही इतने महत्वपूर्ण पद पर बैठा दिया गया है। जालौन जिला जेल में 14 साल पहले मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य प्रिंस अहमद समेत दो की गैंगवार में हत्या हो गई थी। तब भी अविनाश गौतम ही वहां अधीक्षक थे।

उन पर जेल में वसूली कराने के नाम पर गैंगवार भड़काने की रिपोर्ट कराई गई थी। गौतम के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की गई थी पर वह हाईकोर्ट से स्टे ले आए थे। इस मामले में तत्कालीन जेलर समेत 14 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मिर्जापुर जेल में रहते हुए भी गौतम पर कार्रवाई हो चुकी है। महानिदेशक जेल एसएन साबत ने कहा कि बरेली सेंट्रल जेल अधीक्षक का पद आरएन पांडेय के प्रमोशन के बाद से रिक्त था। वहां अविनाश गौतम को तैनात किया गया है। जेल की व्यवस्थाएं और दुरुस्त की जाएंगी।

एक बेटी की आपबीती: पिता बनाना चाहता है शारीरिक संबंध और करता है छेड़छाड़, मां जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल रही

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने पिता पर छेड़खानी करने और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। उसने मां पर भी इस गंदे काम में पिता का सहयोग करने और गंदे धंधे में धकेलने का आरोप लगाया है। माता-पिता की शिकायत लेकर युवती कोतवाली पहुंची। कोतवाली में दी तहरीर पर पीड़िता ने बताया कि वह मूल रूप से मध्यप्रदेश की रहने वाली है। वह यहां झोपड़ी में माता-पिता के साथ रह रही है। उसने आरोप लगाया कि पिता पिछले काफी समय से परेशान कर रहा है। वह शराब के नशे में छेड़खानी करने के साथ ही उससे जबरदस्ती संबंध बनाने की कोशिश करता है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी मां भी पिता की इच्छा पूरी करने के लिए उससे पर दबाव बनाती है। कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दुस्साहस: बुजुर्ग दंपती को घर से खींचकर पीटा, थाने में न हुई सुनवाई

आगरा , एजेंसी। आगरा के नाई की मंडी थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपती को रिश्तेदारों ने घर में से खींचकर पीटा। महिला का पैर टूट गया। आरोप है कि थाने की पुलिस ने बुजुर्ग दंपती की सुनवाई नहीं की। पुलिस आयुक्त कार्यालय में न्याय की गुहार लगाने पर पुलिस ने 6 दिन बाद केस दर्ज किया है। कटरा नील नाई की मंडी निवासी उस्मान ने बताया कि वह अपने बुजुर्ग माता-पिता और भाई के साथ रहते हैं। पुश्तैनी तीन मंजिला मकान में पिता को भी एक कमरा हिस्से में मिला है। 9 मार्च को शाम 4 बजे उनके रिश्तेदार अंसार उल हक, अशरफ, फैयाज, आदिल, सलीम, दाऊद और आफाक साथियों के साथ घर पर आ गए। गालीगलौज की। विरोध करने पर 68 वर्षीय मां जैतून को घर से बाहर खींचकर पीटा। गली में फेंक दिया। पिता का हाथ मरोड़कर उनकी जेब से 5000 रुपये निकाल लिए। पडोसियों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोप है कि थाने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला थाने पर भी किसी नहीं सुनी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर केस दर्ज हुआ। नाई की मंडी प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव की घोषणा के साथ ही पुख्ता कानून-व्यवस्था में जुटी पुलिस, बूथों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

लखनऊ , एजेंसी। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने को लेकर पुलिस ने भी कमर कस ली है। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर सभी पुलिस कमिश्नर और पुलिस अधीक्षकों को भेज दिया है। साथ ही कार्ययोजना के मुताबिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिसमें अवैध शराब की बिक्री, अवैध शस्त्र के कारोबार, लाइसेंसी शस्त्रों की दुकानों के सत्यापन के लिए अभियान चलाने, सोशल मीडिया की निगरानी के साथ ही कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन दिए जाने, शराब या पैसा बांटे जाने के बारे में गोपनीय तरीके से सूचना एकत्र कर दोषियों के साथ ही माफिया और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पुलिस कमिश्नरों के साथ ही जिले के पुलिस कप्तानों को मतदान से पहले, मतदान और मतगणना के दिन और ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल का पुख्ता प्रबंध करने की रणनीति अभी से तैयार करने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सकुशल चुनाव संपन्न कराने के साथ ही आचार संहिता का विधिक तरीकों से पालन कराने के लिए चेकलिस्ट का बुकलेट तैयार कर सभी जिलों को भेजने का फैसला किया गया है। साथ ही आबकारी, आयकर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ ही जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रमों व गोष्ठियों के आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। वहीं, रोड शो, प्रचार, वाहनों के उपयोग, ध्वनि विस्तारक यंत्रों आदि का उपयोग निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक कराने की अनुमति दी जाएगी।

बूथों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाः पुलिस मुख्यालय की कार्ययोजना के मुताबिक मतदान के दिन बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें याद करते हुए लिखा कि प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन।

44 लाख रुपये गायब होने के प्रकरण में पुलिस ने बैंक को नोटिस भेजकर मांगे साक्ष्य

प्रयागराज , एजेंसी। सिविल लाइंस स्थित केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत शाखा के करेंसी चेस्ट से 44 लाख रुपये गायब होने के मामले की जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने शनिवार को बैंक अफसरों को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में कहा गया है कि मामले से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, उन्हें उपलब्ध कराया जाए। साक्ष्य मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एक दिन पहले क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में तैनात सहायक महाप्रबंधक शिवराम मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में बैंक के प्रबंधक विवेक कुमार सिंह व दैनिक कर्मचारी रघुवीर यादव को नामजद कराया गया है।

वादी ने पुलिस को बताया है कि बैंक की आंतरिक जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि नकदी की छंटाई दोनों आरोपी कर्मचारियों की उपस्थिति में ही हुई थी। आरोप यह भी है कि दोनों ने नोटों के बंडल में से नकदी निकाली है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इसके तहत साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बैंक को पत्र भेजकर साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा है। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस रामाश्रय यादव ने बताया कि विवेचना की जा रही है। उधर आरोपी कर्मचारियों से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन उनका नंबर बंद मिला।

जमीन हड़पने का मामला: आगरा और प्रयागराज के बीएसए सहित नौ के खिलाफ अर्जी, 21 तारीख को होगी सुनवाई

आगरा , एजेंसी। आगरा में मंदिर की जमीन को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर हड़पने के मामले में पीड़ित ने अदालत में आगरा के बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड, प्रयागराज के बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया है। मामले में

अदालत ने थाने से आख्या मांगकर 21 मार्च को सुनवाई नियत की है। आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-6 निवासी नीरज पाराशर ने सीजेएम की अदालत में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। आरोप लगाया कि आगरा और प्रयागराज के बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी आगरा नीलम, बीएसए कार्यालय के लिपिक राहुल गुप्ता सहित 9 लोगों ने मंदिर की जमीन को हड़पने के उद्देश्य से राजस्व के रिकॉर्ड में अपने नाम दर्ज करा लिए। नीरज का आरोप है कि जानकारी होने पर साक्ष्य के साथ कई बार कंपोजिट विद्यालय से संबंधित शिकायती पत्र मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों को भेजे। मगर, जांच पूरी किए बिना ही निस्तारण कर दिया गया। उनके पूर्वज मवासी लाल ने 12 बीघा 17 बिस्वा जमीन 2 अक्तूबर 1921 को बोदला निवासी लालहंस से खरीदी थी। उन्होंने 20 जून 1958 को सत्यनारायण भगवान के नाम से वक्फ कर जमीन का मालिक बना दिया। साथ ही बच्चों को उत्तराधिकारी बना दिया, जो काबिज हैं। उन्होंने कहा है कि एक मंदिर की भी स्थापना कराई। पूर्वजों ने 1958 में नगर पालिका को शिक्षा के लिए कक्षा 1 से 5 तक स्कूल चलाने के लिए 25 रुपये प्रतिमाह किराए पर दिया था। पहले पूर्वजों ने किराया लिया।

सेंट्रल जेल में बंद शूटर के लाइव चैट से जुड़े थे आठ लोग, महिला वकील भी शामिल, पुलिस कर रही जांच

बरेली , एजेंसी। बरेली सेंट्रल जेल में बंद शूटर आसिफ के दो मिनट के लाइव वीडियो में ही उसके आठ करीबी जुड़ गए थे। इनमें शाहजहांपुर की महिला वकील भी शामिल हैं, जो हाथ जोड़कर शूटर का अभिवादन कर रही हैं। इसके अलावा शूटर का दोस्त सांचा, विशन राजपूत, संदीप कुशवाह, राजरत्न आदि जुड़े थे। इस मामले में सेंट्रल जेल के तीन वार्डर निलंबित कर दिए गए थे।

डिप्टी जेलर को हटा दिया गया था, जबकि दो जेलरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं अब शूटर आसिफ को दूसरी जेल में शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। लाइव वीडियो में शूटर कह रहा है कि वह स्वर्ग में मौज ले रहा है और जल्दी आ रहा है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

शूटर अपने दोस्त सांचा से कह रहा है कि दोस्त तो दिल में रहते हैं, उनके लिए अलग से जगह नहीं बनाई जाती है। जिंदगी में सबकुछ पैसा ही नहीं, संबंध बनाना भी जरूरी है। पैसे-वैसे चाहिए तो हमसे ले लेना। इसके बाद लाइव चैट समाप्त हो जाती है।

अब इस लाइव चैट से जुड़े सभी लोगों की प्रोफाइल खंगाली जा रही है कि ये लोग कौन हैं और शूटर को कैसे जानते हैं? शूटर जेल के अंदर से किसे रुपये देने की बात कह रहा है, यह भी जांच का विषय है। शूटर की बातों से ऐसा लग रहा है कि जैसे वह जेल के अंदर से पूरा नेटवर्क चला रहा है।शूटर ने सेंट्रल जेल में अपनी सर्किल की चहारदीवारी के पास खड़े होकर वीडियो बनाया था। इसके बाद जेल में छापे मारे गए लेकिन मोबाइल फोन बरामद नहीं हो सका। शूटर का मोबाइल फोन जेल से कहां गायब हो गया, इसका जवाब जेल के अधिकारियों के पास भी नहीं है। शूटर के फोन से कई अहम सुराग हाथ लग सकते हैं और कई बड़े अफसरों की गर्दन भी फंस सकती है। इसलिए फोन को लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वीडियो किस फोन से बनाया गया, उसको चार्ज और रिचार्ज करने की व्यवस्था कैसे होती थी? यह भी जांच के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल, अभी जेल के कई राज खुलने बाकी हैं।

पेपर लीक प्रकरण : मास्टरमाइंड ने करोड़ों की बनाई प्रॉपर्टी, अस्पताल से भी जुड़ा था नाम

प्रयागराज , एजेंसी। सिपाही भर्ती पेपर लीक प्रकरण के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल ने करोड़ों की प्रॉपर्टी बना रखी है। उसने प्रयागराज के साथ ही नोएडा, दिल्ली जैसे शहरों में रियल इस्टेट में काफी पैसा लगाया था। नैनी स्थित एक अस्पताल में उसकी पार्टनरशिप की बात सामने आने पर एसटीएफ ने संचालक से पूछताछ भी की थी। हालांकि संचालक ने उससे कोई वास्ता होने से इंकार किया।

पुख्ता सूत्रों के मुताबिक, राजीव नयन की करोड़ों की प्रॉपर्टी का खुलासा तब हुआ, जब ग्वालियर क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया। इस दौरान उसके साथ उसका साथी पुष्कर पांडेय भी पकड़ा गया था। दोनों मप्र में संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के प्रकरण में गिरफ्तार हुए थे। पूछताछ में ही उन्होंने यह बात पुलिस को बताई थी कि भर्ती परीक्षाओं का पेपर लीक कराने के

धंधे में वह काफी दिनों से लगे हुए थे।

राजीव नयन ही इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड था जिसने करोड़ों रुपये कमाए थे। इन रुपयों से ही उसने दिल्ली, नोएडा के साथ ही प्रयागराज में करोड़ों की संपत्ति भी बनाई। ग्वालियर पुलिस ने उसे उसके दिल्ली की ही एक फ्लैट से गिरफ्तार किया था, जिसे उसे इन्हीं पैसों से बनाया था। यही नहीं उसने संविदा स्टाफ नर्स परीक्षा का पेपर लीक कराने के बाद ही 35 लाख रुपये की एक फॉर्च्यूनर भी खरीदी थी। ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तारी के समय इस कार को भी बरामद किया था।

डॉक्टर के साथ आता-जाता था अस्पताल मेंमास्टरमाइंड राजीव नयन के बारे में एक चर्चा यह भी रही कि रियल इस्टेट में पैसा लगाने के साथ-साथ नैनी के महुवारी स्थित आरोग्यम अस्पताल में भी वह पार्टनर था। यह अस्पताल प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर स्थित है।

हालांकि संचालक प्रभाकर सिंह ने इस बात से इंकार किया। उन्होंने बताया कि करीब नौ साल पहले उन्होंने यह अस्पताल बनवाया था। चार साल पहले तक अस्पताल में झूंसी के डॉ. नीरज मिश्रा आया जाया करते थे। राजीव नयन उनके साथ ही कभी-कभी आया करता था। बाद में डॉ. नीरज ने आना बंद कर दिया तो वह भी कभी नहीं आया। प्रभाकर ने बताया कि करीब दो-ढाई साल पहले एसटीएफ ने अस्पताल में आकर उनसे पूछताछ भी की थी।मेजा का एक अन्य युवक भी था साथीमप्र संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने में मास्टरमाइंड राजीव नयन के साथ मेजा का ही एक अन्य युवक धनंजय पांडेय भी जेल गया था। परानीपुर का रहने वाला धनंजय पुत्र नचकऊ पहले सर्जिकल उपकरण सप्लाई का काम करता था। बाद में वह राजीव नयन के संपर्क में आ गया। इसके बाद उसने उसे भी अपने साथ शामिल कर लिया।

सात फरवरी 2023 को ग्वालियर के डबरा थाना क्षेत्र स्थित टेकनपुर में संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने में जो आठ लोग गिरफ्तार हुए, उनमें धनंजय भी शामिल था। धनंजय से पूछताछ में ही राजीव नयन का नाम सामने आया और फिर मार्च 2023 में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। धनंजय मौजूदा समय में नैनी में रहता है।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री ने दिखाई दरियादिली... सड़क हादसा देख रुकवाया काफिला

पणजी , एजेंसी। गोवा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक ट्रक घाटी में गिर गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच बच्चों सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह हादसा दक्षिण गोवा जिले के क्यूपेम शहर के पास हुआ है। सभी लोग ट्रक पर सवार थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद ट्रक पलट गया और घाटी में गिर गया। उन्होंने कहा कि ट्रक में सवार लोग उसमें दब गए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों और तीन महिलाओं सहित 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, हादसे के बाद मौके से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घायलों की मदद की। बता दें कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई चुनाव प्रचार के बाद रास्ते से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में एक्सीडेंट देख अपने काफिले को रोका और घायलों की मदद की। पुलिस ने बताया कि घायल लोगों को ट्रक से बाहर निकाला गया और पणजी के पास गोवा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएए का उद्देश्य प्रताड़ितों को राहत देना, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संविधान का दिया हवाला

हैदराबाद , एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि सीएए का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोसी देशों में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। कान्हा शांति वनम में वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि सीएए के संबंध में, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग ऐतिहासिक संदर्भ और पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर सीएए के कारण पड़ने वाले सुखद प्रभाव को पहचानने में विफल रहे हैं। संविधान न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों को स्थापित करता है। सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, अन्यायपूर्ण और असमान विकास, धर्म या विश्वास के आधार पर दमन, असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा बढ़ने से विश्व परिदृश्य चिंताजनक है। इस स्थिति में हमारा भारत जो मानवता के छठे हिस्से का ठिकाना है, आशा की एक किरण है। हमारी सभ्यता के लोकाचार के केंद्र में सर्व धर्म समभाव का सिद्धांत है।

लक्जरी होटल को लगाया चूना, फिर बीएमडब्ल्यू से पहुंचा आर्मी हेडक्वार्टर

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में एक धोखेबाज के एंट्री करने की कोशिश का मामला सामने आया है। कोलकाता स्थित इस हेडक्वार्टर में यह शख्स खुद को हाई-रैंक ऑफिसर बताकर घुसने की फिराक में था। हालांकि, उसकी चाल तभी नाकाम हो गई जब वह अधिकारियों के एंट्री रजिस्टर में अपनी डिटेल नहीं लिख सका। यह नटवरलाल खुद को सेना का मेजर बता रहा था। इतना ही नहीं, वह एक काले रंग की बीएमडब्ल्यू कार से फोर्ट विलियम पहुंचा था जिसे एक ड्राइवर चला रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, एंट्री गेट पर इस शख्स ने अपने फोन पर एक आईडी कार्ड दिखाया। इस आइडी कार्ड पर 5वीं गोरखा राइफल्स (फ्रंटियर फोर्स) यूनिट के मेजर एमएस चौहान का नाम लिखा था। इस दौरान उससे अधिकारियों ने एंट्री रजिस्टर में अपनी डिटेल लिखने के लिए कहा गया। मगर, वह महज अपना मोबाइल नंबर ही लिख पाया।

अरविंद केजरीवाल के लिए सिर्फ सीटों की लड़ाई नहीं, चेहरा बचाने की भी जंग

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपने सियासी चढ़ाव पर हैं। उन्होंने बीते 12 वर्षों में बगैर किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि या परिवार के नई पार्टी आप को राष्ट्रीय पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है।

आम आदमी पार्टी ने जिस कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन कर राजनीति की सीढ़ियां चढ़ी, आज उसी कांग्रेस के साथ चार राज्यों में गठबंधन कर आप लोकसभा चुनाव लड़ रही है। इन सबके बीच अरविंद केजरीवाल की चुनौती अपनी ईमानदार छवि को बरकरार रखने की है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़कर वह राजनीति में आए, आज खुद वह उन्हीं आरोपों में घिरे हैं। उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में करीब एक वर्ष से जेल में हैं। यह लोकसभा चुनाव उनके लिए सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं है बल्कि जीत के साथ जनता के बीच अपनी छवि को सही साबित करने की चुनौती है।

संगठन मजबूत करने से लेकर प्रचार और इंडिया गठबंधन के साथ चलना भी उनके सामने एक बड़ी चुनौती है। दिल्ली में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। केजरीवाल लगातार तीन बार 2013, 2015 फिर 2020 में प्रचंड बहुमत लाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हैं।

केजरीवाल ने 2 अक्तूबर 2012 को राजनीतिक दल बनाने की घोषणा की थी। नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी के नाम से दल की घोषणा की। 2013 में कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। हालांकि 49 दिन में यह सरकार गिर गई। वर्ष 2015 में दिल्ली में 70 में से 67 सीट जीतकर सरकार बनाई। 2020 में 62 सीट जीतकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। 2022 में पंजाब में 92 सीट जीतकर आप की सरकार बनी। गुजरात में पार्टी ने पांच विधानसभा और गोवा में 2 विधानसभा सीट पर जीत हासिल की। 2023 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला।

अरविंद केजरीवाल का जन्म 16 अगस्त 1968 में हरियाणा के हिसार

जिले में हुआ। 1989 में आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री ली। फिर 1992 में आईआरएस सेवा के लिए चयनित हुए। आठ साल नौकरी करने के बाद उन्होंने 2000 में नौकरी छोड़ने का फैसला किया। फिर सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को लेकर काम किया। वर्ष 2010 में उन्होंने इंडिया अगेंस्ट करप्शन की शुरुआत की। 2010 में भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना आंदोलन से जुड़े। वर्ष 2012 में उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरुआत की। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में 26 मार्च को दूसरे चरण में मतदान होगा। इस बार सांसद चुनने के लिए 26 लाख से ज्यादा लोग मतदान करेंगे। पांच विधानसभा क्षेत्र के इस लोकसभा में सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा के हैं। पिछले दो चुनावों में भाजपा ने जीत दर्ज की है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 लाख 20 हजार मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें 14 लाख 21 हजार पुरुष और 11 लाख 98 हजार महिला मतदाता होंगे। मतदान के लिए 2669 बूथ होंगे। गौतमबुद्धनगर में नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा और सिकंदराबाद विधानसभा शामिल है। खुर्जा और सिकंदराबाद बुलंदशहर जिले का हिस्सा हैं। गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर चुनाव अधिकारी ने जनवरी तक के आंकड़े जारी किए हैं। लिहाजा चुनाव से पहले इसमें मामूली फेरबदल की संभावना है। पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार करीब 3 लाख 40 हजार मतदाता ज्यादा होंगे। पिछली बार 22.41 लाख मतदाताओं ने मतदान किया था। 2019 लोकसभा चुनाव में 60.49 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। वहीं 2014 में 60.39 प्रतिशत लोग लोकतंत्र के पर्व में शामिल हुए थे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा (पहले खुर्जा) बनने के बाद से तीन लोकसभा चुनाव में दो बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में बसपा ने जीत हासिल की थी। 2009 लोकसभा चुनाव में करीब 15 हजार मतों से हार के बाद 2014 में भाजपा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को 2,80, 212 मतों के अंतर से हराया। वहीं 2019 में जीत का अंतर और बढ़ गया। इस चुनाव में डॉ. महेश शर्मा ने बसपा उम्मीदवार को 3, 36, 922 मतों से मात दी। इस चुनाव में बसपा और सपा में गठबंधन था।

लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के प्रतिशत दर में इजाफा हुआ है। पिछले चुनाव में जिले में महिला मतदाता की दर 802 थी, जो इस बार 815 हो गई है। वहीं युवा मतदाताओं की दर 0.26 से बढ़कर 1.30 प्रतिशत हो गई है। 80 वर्ष से अधिक उम्र के सीनियर सिटिजन मतदाता 1.45 प्रतिशत है। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं का प्रतिशत 0.45 रहा है। पिछले चुनाव में बूथ नंबर 619, 620 व शारदा विश्वविद्यालय, झुंडपुरा, जेजे कॉलोनी आदि को सबसे कम मतदान हुआ था। डीएम ने बताया कि विश्वविद्यालय के बने बूथ में ऐसे युवा मतदाता को शामिल किया गया था, जो कॉलेजों में पढ़ाई करने के बाद बाहर रह रहे थे। वे यहां वोट डालने ही नहीं पहुंचे। कई इलाकों में बीएलओ की गलतियों से मतदान प्रतिशत घटा। इस बार बीएलओ को अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने का प्रमाण पत्र भी देना होगा।

साल 2024 बनाएगा नया रिकॉर्ड, दुनियाभर में 400 करोड़ से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2024 लोकतांत्रिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बनने की ओर बढ़ रहा है। दरअसल, इस साल दुनिया के 60 देशों में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके एक नया रिकॉर्ड बनाने वाले हैं। कहा जा सकता है कि दुनिया की आधी से अधिक आबादी इस बार मतदान करने वाली है। संभावना जताई जा रही है कि 4 बिलियन यानी 400 करोड़ मतदाताओं के शामिल होने की उम्मीद है। अलग-अलग देशों में राष्ट्रपति से लेकर विधायी और स्थानीय चुनाव शामिल होंगे। 2024 का चुनावी कैलेंडर विविध प्रकार के मील के पत्थर प्रस्तुत करता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत ने भी लोकसभा चुनाव 2024 की पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 18वीं लोकसभा चुनाव का आयोजन 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में किया जाएगा। वहीं, मतगणना 4 जून को किया जाएगा।

चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत में कुल मतदाताओं की संख्या 96.8 करोड़ है। बता दें कि 2019 में देश में मतदाताओं की संख्या 89 करोड़ 78 लाख के करीब थी। कुल मतदाताओं में से महिला मतदाताओं की संख्या 47.1 करोड़ है, पुरुष मतदाताओं की 49.7 करोड़ और लगभग 48,000 ट्रांसजेंडर मतदाता है। वहीं, फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 1.82 करोड़ है। मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने खास तैयारियां की हैं। इस साल चुनाव के लिए 1.48 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं रखी गई हैं। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं के लिए 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेंगे।

इसके साथ ही, इस साल पोस्टल बैलेट के जरिए 19.1 लाख सेवा कार्मिक और अन्य मतदाता वोट करेंगे, जो चुनावी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

मैं करियर बनाने नहीं आया, पीएम पद की रेस पर बोले गडकरी; फडणवीस पर भी खुलकर बात

मुंबई, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संबंधों को लेकर खूब चर्चा होती है। उन्होंने तमाम चर्चाओं पर खुद ही जवाब दिया है। उन्होंने बताया है कि पीएम मोदी और फडणवीस के साथ उनके कैसे संबंध हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल होने की अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।

गडकरी ने फडणवीस के साथ मतभेदों की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह फडणवीस के गुरु थे। साथ ही गडकरी ने यह भी कहा कि वह राजनीति में करियर बनाने के लिए नहीं आए हैं। वह एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता और आरएसएस स्वयंसेवक बना रहना पसंद करते हैं। पीएम मोदी के बारे में पूछे जाने पर गडकरी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने काफी अच्छा काम किया था। 2014 में

उन्हें पीएम कैंडिडेट घोषित करने के कारण बीजेपी को 2014 का चुनाव जीतने में मदद मिली थी। 2019 में भी हमने उनके नेतृत्व में अपना शानदार प्रदर्शन दोहराया। आज दस साल बाद हम यह कह पाने की स्थिति में हैं कि भाजपा ने एक दशक में जो हासिल किया, कांग्रेस पिछले 60-65 वर्षों में भी नहीं कर सकी। देश की जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया है। एक बार फिर रिकॉर्ड अंतर से हमें चुनेंगे। गडकरी ने कहा कि हम निश्चित तौर पर 400 का आंकड़ा पार करेंगे।

इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि राजनीति सामाजिक-आर्थिक सुधारों का एक साधन है। इसलिए मेरा पदों को लेकर कोई आकर्षण नहीं है। पीएम मोदी के साथ मेरे रिश्ते बहुत मधुर हैं।

इस सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि ऐसी अटकलें लगती हैं कि फडणवीस के साथ कुछ मुद्दों पर एकमत नहीं हैं। मैंने फडणवीस के राजनीतिक प्रवेश की पहल उनके पिता से मिलने के बाद की थी। जब एक ही क्षेत्र से दो बड़े नेता हों तो लोग कयास लगाते रहते हैं। मैं इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करता हूं। ना ही मेरी कोई शिकायत है। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले भी मुझसे सलाह लेते हैं। मैं उनसे कहता हूं कि नफा-नुकसान पर विचार करने के बाद ही निर्णय लें।

इस सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा कि मैं कभी भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में नहीं था। आज मैं जो कुछ भी हूं, उससे संतुष्ट हूं। मैं दृढ़ विश्वास के साथ एक प्रतिबद्ध भाजपा कार्यकर्ता हूं। मैं हिसाब-किताब लगाते रहने वाला नेता नहीं हूं। मैं सबका साथ सबका विकास में विश्वास करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सराहनीय काम कर रही है। मुझे विश्वास है कि हम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में फिर से सरकार बनाएंगे।

हरियाणा के रेवाड़ी में बड़ा हादसा, लाइफ लॉन्ग फैक्ट्री का बॉयलर फटा; 40 लोग घायल

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के रेवाड़ी में शनिवार शाम को बॉयलर फटने की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हादसे में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। माना जा रहा है कि ये सभी लोग एक कारखाने के कर्मचारी थे। सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र यादव के अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना शहर के धारूहेड़ा इलाके में हुई। यादव ने कहा, हमने अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है और कारखाने में एम्बुलेंस भेजी गई है। करीब 40 लोग घायल हुए हैं और एक की हालत गंभीर है जिसे रोहतक रेफर किया गया है। द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, लाइफ-लॉन्ग फैक्ट्री में यह विस्फोट शाम करीब 7 बजे हुआ।

मीडिया रिपोर्ट में पीजीआईएमएस, रोहतक के निदेशक डॉ. एसएस लोहचब के हवाले से कुछ और जानकारियां दी गईं। इसमें बताया गया कि ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों को सतर्क कर दिया गया है। साथ ही मौजूदा स्थिति को देखते हुए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस को फैक्ट्री के लिए भेजा गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हालात का जायजा लेने के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। सिटी पुलिस स्टेशन प्रमोद कुमार ने कहा, हमें यह सूचना मिली कि धारूहेड़ा में स्थित एक फैक्ट्री में बॉयलर फटा है।

क्षेत्रीय स्तर तक सिमट गई है कांग्रेस की छवि, सीतारमण ने ग्रैंड ओल्ड पार्टी पर किया तीखा हमला

चेन्नई, एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीके मूपनार और के.कामराज का उदाहरण देते हुए कांग्रेस पर प्रतिष्ठित राजनेताओं को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी की छवि क्षेत्रीय पार्टी की तरह सिमट गई है।

सीतारमण ने एक यूट्यूब चैनल के कार्यक्रम में कहा, हमें इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि कांग्रेस ने जीके मूपनार को प्रधानमंत्री या यहां तक कि मुख्यमंत्री भी नहीं बनने दिया। के.कामराज की भी उपेक्षा की गई। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभाव है। उसकी छवि क्षेत्रीय पार्टी से आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस केवल लोगों को भ्रमित करने के लिए वादे कर रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना किसी पूर्वाग्रह के देश की प्रगति के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों से उन राजनीतिक दलों को खारिज करने की अपील की जिन्होंने मंदिरों को लूटा और नष्ट किया और बहुसंख्यक धर्म को खत्म करने की धमकी दी। कार्यक्रम में तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक जीके वासन ने कहा कि मोदी की हैट्रिक जीत तमिलनाडु को मजबूत और भारत को समृद्ध देश बनाएगी।

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण, ईडी के 9वें समन पर सुप्रिया सुले का बड़ा बयान

पुणे, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी करने के बाद, एनसीपी-एससीपी नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतिशोध की राजनीति ने भारत पर कब्जा कर लिया है।

सुप्रिया सुले ने कहा, उन्हें कल ही अदालत से राहत मिल गई थी, लेकिन उन्हें एक बार फिर से समन जारी किया गया है। देश में प्रतिशोध की राजनीति चल रही है। स्वतंत्र लोकतंत्र का मतलब यह नहीं है। दुर्भाग्य से, अगर आप आज भारत को देखते हैं, तो जिस तरह से लोगों के खिलाफ एजेंसियों का इस्तेमाल किया जाता है। वह बहुत निराशाजनक है।

ईडी ने विशेष रूप से दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 मामले में अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच में आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी किया है और उन्हें 21 मार्च को जांच में शामिल होने के लिए कहा है।

ईडी का यह कदम इस मामले के सिलसिले में शनिवार को केजरीवाल के पहली बार शहर की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होने के एक दिन बाद आया है, क्योंकि एजेंसी ने इससे पहले अदालत में उनके

खिलाफ दो शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति की जांच में शामिल होने के लिए उनके समन की अवहेलना करने की शिकायत की गई थी। बाद में अदालत ने उन्हें एजेंसी द्वारा समन जारी न करने के मामले में जमानत दे दी।

ईडी द्वारा दर्ज शिकायतों के मामले में केजरीवाल को 15,000 रुपये के जमानत बॉन्ड पर जमानत मिल गई। वह जमानत पर हैं और अदालत ने उनसे ईडी के समन का जवाब देने और कानून का पालन करने को कहा है। कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को निर्देश दिया कि संविधान की शपथ लेने वाले व्यक्ति के लिए कानून का पालन करना उचित है। सुप्रिया सुले ने आगे इलेक्टोरल बॉन्ड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज अखबारों में कई आर्टिकल हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड एक बड़ा भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद।

लिस्ट में कहीं नहीं था नाम, योगीराज को अचानक मिला राम लला की मूर्ति बनाने का काम

अयोध्या, एजेंसी। अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुए लगभग दो महीने हो गए हैं। भगवान राम की प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज का कहना है कि वह अभी तक न तो इस भावना को आत्मसात कर पाए हैं और न ही आराम कर पाए हैं। वह लगातार विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपने अनुभव के बारे में बात करने के लिए निमंत्रण पर देश का दौरा कर रहे हैं। आज भी उन्हें फोन कॉल और मैसेज प्राप्त हो रहे हैं। वह सभी का जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं।

द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में योगीराज ने बताया कि उनका नाम इस काम के लिए मूर्तिकारों की शुरुआती शॉर्टलिस्ट में भी नहीं था। अंतिम निर्णय लेने से सिर्फ एक दिन पहले मंदिर ट्रस्ट द्वारा गठित समिति के सामने एक प्रस्तुति देने के लिए बुलाया गया था। मूर्ति बनाने के लिए जब तीन कलाकारों में से चुना गया तो उन्हें बड़ा झटका लगा। मूर्ति बनाने के लिए वह जिस पत्थर का उपयोग कर रहे थे वह गुणवत्ता परीक्षण में से एक में विफल हो गया। तब तक वह 70 प्रतिशत काम पूरा कर चुके थे। उन्हें बताया गया कि अगर वह लिस्ट में बने रहना चाहते हैं तो उन्हें यह सब फिर से करना होगा।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से तीन कुछ महीने पहले तीनों कलाकारों मूर्तियों को तराशने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। देश भर से लगभग एक दर्जन मूर्तिकारों को समिति के सामने अपनी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया था। योगीराज कहते हैं कि वह लिस्ट में नहीं थे। समिति की बैठक से ठीक एक दिन पहले उन्हें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सच्चिदानंद जोशी ने फोन किया।

आपको बता दें कि योगीराज का काम तब नोटिस में आया जब उन्होंने इंडिया गेट पर लगाई जाने वाली सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति

और केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की मूर्ति बनाई। दोनों का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

ने किया था।

उन्होंने कहा, मेरी प्रस्तुति के बाद मुझे बताया गया कि हम में से तीन मूर्ति को तराशने के लिए अयोध्या में तैनात रहेंगे। इनमें से एक को अंततः मंदिर के लिए चुना जाएगा। योगीराज का कहना है कि उन्हें ट्रस्ट द्वारा चयन के बारे में लगभग एक महीने पहले यानी 29 दिसंबर को सूचित किया गया था। उन्होंने कहा, मैं उस तारीख को नहीं भूल सकता हूं।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीनों मूर्तिकारों को मुआवजा दिया है। जो दो मूर्तियां गर्भगृह तक नहीं पहुंच सकीं, उन्हें मंदिर परिसर के अंदर स्थापित किया जाएगा। अरुण योगीराज ने जून 2023 में मूर्ति को तराशना शुरू करने के बाद अगस्त तक लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया। तभी एक और परीक्षण के लिए तैयार किया गया। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने उन्हें तुरंत दिल्ली चलने को कहा।

उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि हम उस मूर्ति पर आगे नहीं बढ़ सकते, जिस पर मैं नक्काशी कर रहा था क्योंकि पत्थर पर आठ में से एक परीक्षण नकारात्मक आया था।नृपेंद्र मिश्रा ने योगीराज को समझाया कि चूंकि रामलला की मूर्ति बनाना एक ऐतिहासिक कार्य माना जाता है, इसलिए वे राष्ट्र के प्रति जवाबदेह हैं।

योगीराज से कहा गया, आपके पास अभी भी दो महीने हैं। इसलिए, सितंबर से एक नए पत्थर (कृष्ण शिला) पर काम करने के लिए सहमत हुए। उन्होंने मूर्ति को गढ़ने के अपने पिछले अनुभव को सोचने की कोशिश की और काम शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि दो महीने में मैं मूर्ति पूरी करने में सक्षम हो गया। योगीराज कहते हैं कि उन्होंने कई छोटे-छोटे काम करना शुरू किया। उन्हें प्रति मूर्ति 1,500-2,000 रुपये की कमाई होती थी। वह कहते हैं, मैं हमेशा सोचता था कि मुझे बड़ा काम कब मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता था कि उनके लिए ऐसा कुछ होने वाला है।

संक्षिप्त समाचार

अल्कराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन को हराया

कैलिफोर्निया, एजेंसी। डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिनर के पिछले 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई। इसके साथ ही उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिनर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है।

तीन घंटे तक नहीं हो पाया खेल

इटली के यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता है। जनवरी में उन्होंने मेदवेदेव को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। सेमीफाइनल में तब उन्होंने नोवाक जोकोविच पर जीत हासिल की थी। अल्कराज के खिलाफ सिनर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इनके बीच यह 8वां मुकाबला था और दोनों ने 4-4 जीत हासिल की है।

डेब्यू सीजन में हैरी केन ने रचा इतिहास, तोड़ा 60 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

नईदिल्ली, एजेंसी। दोनों टीमों के बीच जारी इस मैच में डार्मस्टेड ने 28 मिनट के खेल के बाद बायर्न को चौंका दिया था। टिम स्कार्के ने अपनी टीम को जर्मन चैंपियन के खिलाफ एक अविश्वसनीय उलटफेर की उम्मीद दिला दी थी। हालांकि, केन ने बायर्न को हाफ टाइम से पहले ही बढ़त दिला दी, मुसियाला के 36वें मिनट के गोल में मदद की और फिर अपना एक गोल किया। हैरी केन ने डेब्यू सीजन में सर्वाधिक गोल करने का 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जबकि जमाल मुसियाला ने दो बार गोल किया जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को डार्मस्टेड में 5-2 से जीत दर्ज की। स्पर्स से आने के बाद से 26 लीग खेलों में 31 गोल के साथ, केन ने जर्मन दिग्गज उवे सीलर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1963-64 में हैम्बर्ग के लिए 30 गोल किए थे।

मुसियाला ने भी टीम की इस जीत में सहायता की, जिससे बायर्न की बुंडेसलीगा खिताब की रक्षा करने की उम्मीदें एक बार फिर जीवित हो गई। बायर्न फिलहाल बायर लीवरकुसेन से सात अंक पीछे हैं। बायर्न के कप्तान मैनुएल नेउर ने कहा, हम इसमें बने हुए हैं। हमने कुछ मौके पाने के लिए कड़ी मेहनत की और हमने उन्हें हासिल कर लिया। हालांकि, वह डार्मस्टेड के खिलाफ उनकी टीम के खाते में आए दो गोल से निराश दिखे। गोलकीपर ने कहा, हम सभी को इस पर काम करने की जरूरत है। दोनों टीमों के बीच जारी इस मैच में डार्मस्टेड ने 28 मिनट के खेल के बाद बायर्न को चौंका दिया था। टिम स्कार्के ने अपनी टीम को जर्मन चैंपियन के खिलाफ एक अविश्वसनीय उलटफेर की उम्मीद दिला दी थी। हालांकि, केन ने बायर्न को हाफ टाइम से पहले ही बढ़त दिला दी, मुसियाला के 36वें मिनट के गोल में मदद की और फिर अपना एक गोल किया। दूसरे हाफ के बीच में मुसियाला ने एक और गोल किया। सर्ज ग्नब्री ने बेंच से बाहर आने के तुरंत बाद गोल करके जीत पक्की कर दी। बायर्न के मैथिस टेल और डार्मस्टेड के ऑस्कर विल्हेमसन दोनों ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया।

IPL में स्पेशल दोहरा शतक पूरा कर लेंगे अश्विन

अब सिर्फ 3 मैचों की है जरूरत

दो बार जीता है खिताब

रविचंद्रन अश्विन दो बार आईपीएल का खिताब जीत चुके हैं। उन्होंने IPL 2010 और 2011 की ट्रॉफी चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जीती थी। पिछले दो सीजन उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला है। अश्विन 37 साल के हो चुके हैं लेकिन फिर भी मैदान पर उनकी फुर्ती मैदान पर देखते ही बनती है। वह कैरम बॉल के महारथी हैं।

नईदिल्ली, एजेंसी। रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हैं। आईपीएल में वह बेहतरीन गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं और काफी किफायती साबित होते हैं। स्पिन फ्रेंडली पिचों पर वह काफी असरदार होते हैं। अश्विन साल 2009 से ही आईपीएल में खेल रहे हैं। वह आईपीएल में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। अश्विन IPL 2024 में अपने नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज कर सकते हैं। आइए जानते हैं, इसके बारे में।

बना सकते हैं ये रिकॉर्ड

रविचंद्रन अश्विन ने अभी तक आईपीएल में 197 मैच खेले हैं और अगर वह आईपीएल 2024 में तीन मैच खेल लेते हैं तो वह अपने 200 आईपीएल मैच पूरे कर लेंगे। वह आईपीएल के इतिहास में 200 या उससे ज्यादा मैच खेलने वाले कुल 10वें खिलाड़ी बनेंगे। IPL में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम है। उन्होंने 250 मैच खेले हैं। 243 मैचों के साथ रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। दिनेश कार्तिक ने 242 मैच खेले हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं।

अश्विन ने आईपीएल में हासिल किए इतने विकेट

रविचंद्रन अश्विन ने अभी तक आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेला है। उन्होंने आईपीएल के 197 मैचों में 171 विकेट अपने नाम किए हैं। जिसमें 34 रन देकर 4 विकेट हासिल करना उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। उन्होंने आईपीएल में 714 रन भी बनाए हैं।

IPL 2024

पंजाब किंग्स ने लांच की नई जर्सी, प्रीति जिंटा रहीं मौजूद

चंडीगढ़, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी टीम की नई जर्सी को शनिवार को चंडीगढ़ के एलांते मॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में लांच किया। इस मौके पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन के साथ टीम की सह-मालिक प्रीति जिंटा मौजूद रही। इस मौके पर पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ के साथ टीम के अन्य सदस्यों भी मौजूद रहे।

इस मौके पर ग्लैमर और मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल भी मौजूद रहे। इस मौके पर पंजाब किंग्स की सह मालिक प्रीति जी जिंटा ने कहा हमने टीम नई जर्सी लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। नई जर्सी में शामिल नए रंग पंजाब की भावनाओं को दर्शातें। इस नई जर्सी में टीम के खिलाड़ी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। नई जर्सी के लिए कपड़ा वियतनाम से आयात किया गया है यह हल्का और अधिक स्ट्रेचेबल है। नई जर्सी से साथ टीम का नेतृत्व करने को तैयार पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा नई जर्सी में में और मेरी पूरी तरह से तैयार है। इस सीजन में हमारे पास एक शानदार टीम है जो आईपीएल के मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देगी। हम नई जर्सी के साथ मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हैं।

Paris Olympics: पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय हॉकी टीम में हुआ बड़ा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम फिलहाल भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले भारतीय हॉकी टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। पुरुष टीम की तैयारियों में मदद के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल की एक बार फिर सहयोगी स्टाफ में वापसी हुई है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय गोलकीपरोंखाना चाहिए के साथ काम कर चुके हैं। पहली बार वह 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम फिलहाल भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे।

हार्दिक पांड्या का खुलासा, वर्ल्ड कप 2023 के दौरान मुझे इंजेक्शन पर इंजेक्शन लगे, लेकिन...

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 के जरिए प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उनको वर्ल्ड कप 2023 के दौरान एंकल इंजरी हुई थी। इसके कारण वे करीब चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे। हालांकि, मार्च की शुरुआत में वे मुंबई में एक लोकल टी20 टूर्नामेंट में खेले और अफनी

फिटनेस साबित की। अब वे आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले हैं, लेकिन इससे पहले उन्होंने बताया है कि वर्ल्ड कप 2023 वापसी करने के लिए उन्होंने इंजेक्शन पर इंजेक्शन लिए, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।

हार्दिक पांड्या ने कहा, मैंने मैनेजमेंट से कहा था कि मैं 5 दिन बाद लौटूंगा, फिर मैंने अपने टखने पर तीन जगह इंजेक्शन लगवाए, मुझे अपने टखने से खून निकालना पड़ा, मैं सबकुछ देना चाहता था, फिर जैसे-जैसे मैं जोर लगा रहा था, वैसे-वैसे ये होता गया। 3 महीने की चोट, मैं चलने में सक्षम नहीं था फिर भी मैं आखिरी बार आगे बढ़ने के लिए 10 दिनों तक दर्द निवारक दवाएं ले रहा था, क्योंकि अपने देश के लिए खेलना सबसे बड़ा गौरव है, लेकिन मैं मिस कर गया।

बैटिंग ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को वर्ल्ड कप 2023 के टीम इंडिया के चौथे लीग मैच में चोट का सामना करना पड़ा था। कहा जा रहा था कि कुछ ही मैचों को मिस करने के बाद वे लौटेंगे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। यहां तक कि खुद हार्दिक पांड्या भी यही सोच रहे थे कि वे 10 दिन में ठीक हो जाएंगे, लेकिन ये संभव नहीं हुआ। हार्दिक पांड्या की वजह से टीम कॉम्बिनेशन पर असर पड़ा, लेकिन जैसे ही मोहम्मद शमी की वापसी प्लेइंग इलेवन में हुई तो उन्होंने हार्दिक की कमी को महसूस ही नहीं होने दिया। शमी ने लगातार विकेट निकाले। हालांकि, फाइनल मैच भारत की टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई।

10000 मीटर दौड़ में तोड़ दिया 16 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड

गुलवीर सिंह ने रचा इतिहास

नईदिल्ली, एजेंसी। एशियन गेम्स के ब्रॉन्ज मेडल विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया. 25 वर्षीय एथलीट गुलवीर सिंह ने अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा.

एशियन गेम्स के ब्रॉन्ज मेडल विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया. 25 वर्षीय एथलीट गुलवीर सिंह ने अपनी इस स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए गए 28 मिनट, 02.89 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा. गुलवीर सिंह का यह प्रयास हालांकि ओलंपिक के क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था. पेरिस ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया. इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे. उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है.

भारत के एक अन्य एथलीट अविनाश साबले इसी स्पर्धा में अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए. वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे. महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही. वह भी पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन समय 30 मिनट, 40.00 सेकंड को हासिल करने में नाकाम रही.

किंग इज बैक... आईपीएल से पहले RCB के फैंस के लिए खुशखबरी, भारत लौटे विराट

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली भारत लौट आए हैं। विराट ने करीब दो महीने से ब्रेक पर थी। इसकी वजह से उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था।

विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा पिछले महीने मां बनी थी। बेटे अकाय के जन्म की वजह से ही विराट कोहली ने क्रिकेट से छुट्टी लेने का फैसला किया था। अब आईपीएल से विराट कोहली मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

एयरपोर्ट पर दिखे विराट कोहली

विराट कोहली को एयरपोर्ट पर देखा गया। वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के इवेंट में हिस्सा भी ले सकते हैं। पहले खबर आई थी कि यह शीर्ष क्रम का बल्लेबाज आरसीबी के अनबॉक्स इवेंट से पहले बेंगलुरु में अपने साथियों के साथ शामिल हो सकता है।

यह कार्यक्रम 19 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित होने वाला है। आरसीबी का प्री सीजन कैंप भी शुरू हो चुका है और विराट को छोड़कर लगभग सभी खिलाड़ी उसका हिस्सा हैं।

टी20 वर्ल्ड कप से बाहर करने की बात

विराट कोहली को टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर करने की बात हो रही है। यही वजह है कि उनके लिए आईपीएल काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। विराट आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। सिर्फ उनके नाम ही लीग में 7000 से ज्यादा रन हैं। टी20 वर्ल्ड कप में भी विराट से ज्यादा रन किसी के नाम भी हैं। लेकिन इसके बाद भी कहा जा रहा है कि विराट की बैटिंग वेस्टइंडीज की धीमी पिच के हिसाब से नहीं है।

पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और विराट कोहली को अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार भी है।

विराट पहले सीजन से ही आरसीबी का हिस्सा हैं। इसके बाद भी टीम अभी तक खिताब नहीं जीत पाई है। 2016 में आखिरी बार विराट की कप्तानी में ही टीम फाइनल तक पहुंची थी।

IPL 2024 में ये पांच बड़े रिकॉर्ड ब्रेक कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह

मलिंगा और हरभजन के कीर्तिमान पर भी नजर

नईदिल्ली, एजेंसी। आगामी सीजन में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए कई बड़े रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर सकते हैं। जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के बहुत ही अहम खिलाड़ी हैं। वह पांचों बार उस टीम का हिस्सा रहे हैं जब मुंबई ने चैंपियन का टाइटल जीता है। जसप्रीत बुमराह इस फ्रेंचाइजी के साथ 10 से अधिक का सफर तय कर चुके हैं।

मुंबई इंडियंस ने 2013 में बुमराह को अपने साथ जोड़ा था। भारतीय क्रिकेट टीम में बुमराह को सफलता मिलने का श्रेय कहीं न कहीं आईपीएल को ही जाता है। दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग के स्टार गेंदबाज पर एकबार फिर हर किसी की निगाहें टिकी हैं। बुमराह आगामी सीजन में कुछ बड़े रिकॉर्ड्स को तोड़ सकते हैं। आइए एक नजर उन रिकॉर्ड्स पर डालते हैं।

मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट ले सकते हैं बुमराह

वर्तमान में यह रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा के नाम है। मलिंगा ने 122 आईपीएल मैचों में 19.79 की औसत से 170 विकेट लिए हैं। वहीं बुमराह अभी दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह ने 2023 तक 120 मैचों में 145 विकेट लिए हैं। उन्हें मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 26 विकेट की जरूरत है।

यह रिकॉर्ड भी अभी लसिथ मलिंगा के नाम है। इस श्रीलंकाई गेंदबाज ने 2011 में 28 विकेट लिए थे। वहीं बुमराह 2020 में 27 विकेट ले चुके हैं। उस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कगिसो रबाडा ने 30 विकेट लेकर पर्पल जीती थी। बुमराह इस रिकॉर्ड को भी ब्रेक कर सकते हैं।

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह अभी इस मामले में पहले स्थान पर हैं। हरभजन सिंह ने मुंबई के लिए खेलते हुए 136 मैचों में 486.3 ओवर फेंके हैं। लसिथ मलिंगा इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। मलिंगा ने 471.1 ओवर फेंके हैं जबकि जसप्रीत बुमराह इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह 2023 तक 457.4 ओवर डाल चुके हैं।

मुंबई के लिए सबसे ज्यादा मेडन ओवर

आईपीएल में सबसे ज्यादा मेडन ओवर (14) पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार के नाम है। दूसरे स्थान पर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (12) हैं। मुंबई की ओर से लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दोनों ने ही 8-8 मेडन ओवर निकाले हैं।

मुंबई के लिए सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाज

मुंबई इंडियंस की ओर से 6 गेंदबाजों ने आईपीएल में 5 विकेट हॉल लिया है जिनमें से एक बुमराह भी हैं। बुमराह इस सीजन में अगर एक और 5 विकेट हॉल ले लेते हैं तो वह सबसे अधिक 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे।

एक नजर

शराब मामले मे एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)। नवीनगर बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के न्यू नगर मझीयांव गांव निवासी अभय राम को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान एएसआई राजेश कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा गांव के समीप से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर शराब मामले में प्राथमिकी दर्ज था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

वारंट मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)। नवीनगर थाना क्षेत्र के सल्या करमा गांव निवासी मुखलाल चौहान को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पिएसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ती पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

उखड़ने लगे पोस्टर बैनर

नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)। नवीनगर लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू होने पर पोस्टर बैनर उखड़ने लगे प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं सशस्त्र बल के द्वारा बस स्टैंड थाना मोड अनुग्रह नारायण स्टेडियम नगर पंचायत परिसर समेत कई अन्य सार्वजनिक जगहों पर लगे पोस्टर बैनर को हटवाया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि अगर किसी भी राजनीतिक दल या योजना संबंधित कोई भी पोस्टर बैनर लगे रहेंगे तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी यह आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)। नवीनगर बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के हरखु बिगहा निवासी अशोक प्रजापति को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान एएसआई राजेश कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा गांव के समीप से 7 मीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि महुआ शराब को जप्त कर थाना लाया गया है तथा मामले प्राथमिकी दर्ज का उक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है।

शराब मामले मे एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)। नवीनगर बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के न्यू नगर मझीयांव गांव निवासी अभय राम को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान एएसआई राजेश कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा गांव के समीप से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर शराब मामले में प्राथमिकी दर्ज था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

देव में होने वाली चैत छठ मेला की तैयारी की डीएम ने किया निरीक्षण, दिए कई जरुरी निर्देश

निज संवाददाता

औरंगाबाद। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिले के देव प्रखंड के चैती छठ मेला 2024 की तैयारी के संबंध में निरीक्षात्मक भ्रमण किया गया।

इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय, दीवान बिघा, कन्हईया मोड़, हाजी नगर, देव सूर्यकुंड एवं रूद्र कुंड छठ घाट, देव मेला क्षेत्र से संबंधित स्थानों को भ्रमण करते हुए विभिन्न स्थलों पर छठ व्रतियों पार्किंग एवं आवासन का स्थलों को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों को छठ महापर्व के दौरान आने वाले छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवासन,टेंट पेयजल शौचालय, यातायात, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भ्रमण के दौरान अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, जिला भूर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, सिविल सर्जन औरंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी देव न्यास समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बिजली चोरी के आरोप में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज के बलिगांव में बिजली चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान गांव के रामवृक्ष महतो के पुत्र शिवराज महतो के घर एवं देव कुमार के पुत्र पुरुषोत्तम कुमार के घर में छापामारी किया गया। कनीय विद्युत अभियंता संतोष कुमार ने दोनों उक्त के विरुद्ध रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।उल्लेख किया है कि उक्त दोनों द्वारा एलटी लाइन में टोका फंसाकर बिजली ऊर्जा की चोरी की जा रही थी।जिसमें शिवराज महतो को 13913 रुपए एवं पुरुषोत्तम कुमार को 14051 रुपए पहले से बकाया था।जिसे 39991 रुपए का फाइन करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुरुषोत्तम कुमार को बकाया शुल्क सहित 54042 जमा करना है। रविवार को रफीगंज प्रभारी थानाध्यक्ष कविता कुमारी ने बताई कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

औरंगाबाद मंडल कारा में बंदियों को दी गई प्ली बारगेनिंग की जानकारी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को औरंगाबाद मंडल कारा में बंदियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधिक सहायता एवं बचाव प्रणाली के उप प्रमुख, अभिनंदन कुमार, प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता रौशन कुमार, अर्द्ध विधिक स्वयंसेवक बिरजा कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता रौशन कुमार ने बंदियों को प्ली बारगेनिंग के संबंधी कानून के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि आप सभी इसका लाभ लेकर समय पूर्व अपने वाद से मुक्ति पा सकते है। वही विधिक सहायता और बचाव प्रणाली के उप प्रमुख अधिवक्ता अभिनंदन कुमार ने बंदियों को प्ली बारगेनिंग से संबंधित कई उदाहरण के साथ उन्हें इसका उद्देश्य और लाभ बताया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा विधिक सहायता और बचाव प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधीन विधिक सहायता और बचाव प्रणाली गरीब और काराधीन अभियुक्तों को मुफ्त अधिवक्ता के माध्यम से न्याय दिलाने का कार्य कर रहा है। इसके तहत सक्षम बचाव किया जा रहा है।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

दाउदनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। दाउदनगर प्रखंड के जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डायट के प्रांगण में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के सेवानिवृत्ति के पश्चात प्रखंड के शिक्षकों द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक सतीश कुमार पांडेय, विनय कुमार सिंह,मनोज कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार सिंह,रवि शंकर सिंह,चंद्रशेखर सिंह, शिक्षक एकता मंच के जिला संयोजक जयंत कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया एवं उनके स्वर्णिम कार्यकाल की सराहना करते हुए संबोधन के क्रम में कहा कि उन्होंने पूरे प्रखंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को हमेशा उत्साहित एवं प्रेरित करते रहते थे।साथ ही साथ पूरे प्रखंड में शैक्षणिक वातावरण को मूर्त रूप प्रदान करने का कार्य किया था। विदित हो कि बारुण प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रहते हुए उन्होंने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य की थी। शिक्षकों ने यह भी कहा कि आप पदाधिकारी के साथ-साथ शिक्षक की भूमिका भी बखूबी निभाते थे। आप सेवानिवृत्ति के बाद आपकी सेवाएं पूरे शिक्षक समाज एवं आपके परिवार को समर्पित रहेगी।

बिहार के मौसम में फिर होगा बदलाव

18 से 20 मार्च तक कई जिलों में होगी बारिश, वैशाली सबसे गर्म

निज संवाददाता | पटना

बिहार के मौसम में इस महीने काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रदेश में मौसम आज सामान्य बना रहेगा, लेकिन दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बाद अब एक बार फिर से बारिश का होने की संभावनाएं विभाग ने जताई है। बिहार में 18 मार्च से लेकर 20 मार्च तक तेज हवा के झोंके के साथ बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान 37.4 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। 12.4 डिग्री के साथ सीतामढ़ी जिला का तापमान सबसे कम रहा।

20 मार्च को बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, गया, पटना, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया में बारिश के साथ तेज हवाएं चलेगी। जिसकी रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटे रहेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 37.4 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली जिला सबसे गर्म रहा। इसके अलावा पटना, शेखपुरा और जमुई का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस रहा। गया 32.2 डिग्री, नवादा 33.5 डिग्री, बांका 32.4 डिग्री, मोतिहारी 33.4 डिग्री, बेगूसराय 33.4, सुपौल 33.6 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का तापमान भी 30 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

क्या बोले मौसम वैज्ञानिक

मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार 18 और 20 मार्च की रात से एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। जिसके कारण से बिहार के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अगले तीन से चार दिनों के दौरान बारिश, मेघगर्जन, व्रजपात का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही दक्षिण भाग में बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी।

इन जिलों में बारिश की संभावना

18 मार्च को रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई में बारिश होने की संभावना है। वहीं, 19 मार्च को जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और सुपौल बारिश होने की संभावनाएं है।

बौद्धिक विचार मंच की बैठक आयोजित

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। नवीनगर बस स्टैण्ड के समीप बौद्धिक विचार मंच की बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अखिलेश्वर सिंह एवं संचालन हाजी मुस्ताक अहमद ने किया लोगों के द्वारा बताया गया कि बौद्धिक विचार मंच संस्था के अंतर्गत जनकल्याण का कार्य किया जाता है जिसके अंतर्गत जनकल्याण का कार्य शिक्षा स्वास्थ्य कृषि महिला उत्पीड़न महंगाई एवं बेरोजगारी इत्यादि पर कार्य करने पर जोर दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन के लिए प्राथमिक स्तर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संस्था का रजिस्ट्रेशन अति शीघ्र कराने की जिम्मेवारी सचिव को सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने रमजान उल मुबारक के पवित्र अवसर पर सभी को शुभकामना एवं मुबारकबाद दिया। अंत में होली के रंगों एवं उमंग के त्योहार पर होली मिलन का आयोजन कर सभी को शुभकामना दिया गया एवं भाईचारे प्रेम और मोहब्बत के साथ सभी धर्मो का सम्मान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर जयनारायण सिंह, प्रोफेसर चंद्रदीप सिंह, रामजन्म सिंह, डॉ. शारदा शर्मा, मुस्ताक अहमद, डॉ मुबारक, हुसैन, गोवर्धन, गिरधारी, मोहन प्रजापत, सुनील चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, छोटू कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

अनियंत्रित होने से नहर में गिरा बाइकर, घायल

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज-गुरारू पथ के चरकावां पुल के पास रविवार की सुबह अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार नहर में गिर गया। ग्रामीण सुभाष कुमार, विपुल कुमार, उदित कुमार, प्रशांत कुमार, मुकेश कुमार के द्वारा नहर से निकाला गया।घायल की पहचान गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के गया मानपुर गांव निवासी सच्चिदानंद मिश्र के पुत्र प्रशांत कुमार के रूप में की गई है। घायल ने बताया कि औरंगाबाद अपने ससुराल से होकर अपने गांव जा रहा था।तभी यह घटना घटी। घायल के बाइक एवं एक लैपटॉप क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणो ने बताया कि चरकावां पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कुछ दिन पूर्व ही एक सीमेंट लदा ट्रक भी अनियंत्रित होकर पुल से लटक गया था।लगभग 7 घंटा तक सड़क जाम रहा था।

लोकसभा चुनाव को ले रफीगंज में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर मधु कुमारी, प्रभारी थानाध्यक्ष कविता कुमारी, एसआई परमजीत कुमार मंडल, कुशो कुमार, गीतांजली कुमारी सहित पुलिस बल के जवानों के द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च रफीगंज थाना परिसर से निकलकर मुख्य बाजार से सब्जी मंडी होते हुए रफीगंज टिकट काउंटर से महाराजगंज होते हुए बस स्टैंड से पुनः रफीगंज थाना में आकर फ्लैग मार्च समाप्त हुयी। पुलिस इंस्पेक्टर एवं थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था के लिये फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस ने आमजन को लोकसभा चुनावों में भय मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने का संदेश दिया।असामाजिक तत्वों पर अभी से ही कड़ी नजर रखी गई है। साथ ही प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा।

नवीनगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। नवीनगर थाना परिसर में होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने किया जिसमें सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने की अपील किया गया। शराब पीने और बेचने वालों पर निगरानी रखने पर जोर दिया गया। पुलिस गश्ती के द्वारा असामाजिक लोगों पर नकेल कसने पर बल दिया गया। किसी भी तरह की सूचना थाना को देने की बात कहा गया जिसमें पूर्ण सहमति बनी कि लोकसभा चुनाव और होली पर्व में सरकार द्वारा निर्गत गाईड लाईन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से रहेंगे। इस दौरान प्रखंड कांग्रेस कमिटी प्रखंड अध्यक्ष संतन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्याम बिहारी सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, भाजपा नेता मुन्ना सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

तैलिक साहु समाज द्वारा होली मिलन का किया आयोजन

औरंगाबाद (नि.सं.)। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में नावाडीह रोड के समीप अवस्थित भामाशाह भवन के प्रांगण में महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था भामाशाह तैलिक युवा संस्थान औरंगाबाद के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूरे जिले से तैलिक साहू सभा के बंधु उपस्थित होकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया, मिठाइयां खिलाई एवं होली को सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए कृतसंकल्पित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर परिषद औरंगाबाद के माननीय अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को होली की हार्दिक बधाई दी एवं शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि होली सनातनी परंपरा का एक महान पर्व है जिसमें हम सभी एक दूसरे के साथ भाईचारा एवं समन्वित परंपरा को अपनाकर मनाते हैं।

ESTD-2014
Reg. No. BEP/SSA/AU-259
UDISE CODE-10340301904
बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
STAR BRAINS ACADEMY
A Fully English Medium School
Based on C.B.S.E. Board, New Delhi
Class From Play to Xth
Facilities
» Smart Class
» Computer Class
» Vehicle on All Route
» Sports, Music & Dance
» Play Ground
» Everyday Doubt Clearing Class
» Corridors Under CCTV Surveillance
» Hostel Facilities
» Teacher's from kerela
ADMISSION IS GOING ON
Director
Dhananjya Kumar
(MBA)
Laldev Complex, S.K. Nagar, Aurangabad (Bihar)
Mob.:- 8539970212. 888251 15546
Email: info@starbrainsacademy | www. starbainsacademy.in

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY
Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|
डॉ. अजय प्रकाश सचिव
Apply Online : www.bayc.in
डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com